चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -221, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इमरान और पत्नी बुशरा की सजा निलंबित 16
अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े 15

## मुख्तार की मौत के 3 घंटे बाद बांदा जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बांदा।

- फोन करने वाले ने कहा- अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच
- धमकी देने वाले ने इस्तेमाल किया लैंडलाइन फोन, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के तीन घंटे बाद बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को उनके सीयूजी नंबर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

धमकी देने वाले ने लैंडलाइन फोन से कॉल की थी। करीब 14 सेकेंड की बातचीत में धमकाने वाले शख्स ने कहा कि अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच। जेल अधीक्षक की तहरीर पर शहर कोतवाली में फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

28 मार्च की रात 10.30 बजे मुख्तार अंसारी की बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके कुछ घंटों बाद रात 1.37 बजे बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा के सीयूजी नंबर पर लैंडलाइन फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने तुरंत पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों को इससे अवगत कराया। इसके बाद शहर कोतवाली में अधीक्षक की ओर से तहरीर दी गई।

इस संबंध में एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि धमकी दिए जाने वाले फोन नंबर की जांच कराई जा रही है। अभी नंबर ट्रेस नहीं हो सका है। वहीं कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि जेल अधीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सर्विलांस और साइबर सेल की मदद से जांच हो रही है।

## सेंसेक्स ने लगाई छलांग पहुंचा 74000 के पार

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की



स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार के पार 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 135.10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1.64 प्रतिशत उछलकर 39,968.43 और स्मॉलकैप 2.98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया। घरेलू लेनदेन में 17.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया।'' मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 प्रतिशत अधिक है।




## 1,070 रुपये चढ़कर सोना 68,420 के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सर्राफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है। इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध का भाव 978 रुपये चढ़कर 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध का भाव 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोने की कीमतें 2,265.73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गईं और अंतिम बार इसका भाव 2,257.10 डॉलर प्रति औंस बोला गया।



पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

# केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

### आबकारी नीति से जुड़ा मामला, कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ में जेल नंबर दो में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया, जिसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया। जेल अधिकारियों के अनुसार उन्हें जेल नंबर 2 में रखा जाएगा।

अदालत में जाने से पहले केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री जो भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है। अदालत में केजरीवाल की पत्नी सुनीता के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज मौजूद थे। एजेंसी ने मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।



आबकारी नीति से जुड़े मामले में विशेष अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल।

ईडी ने अदालत में दावा किया कि केजरीवाल ने मामलों से संबंधित मुद्दों पर बयान को लेकर अपनी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया। ईडी ने आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि उनके कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। इस मामले में नायर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली याचिका में कहा कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे और जानकारी छिपाई। आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता ने बयान में खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल ही राज्य चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल से पूछा कि विजय नायर कैबिनेट मंत्री (कैलाश गहलोत) के बंगले में क्यों रह रहा था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय में काम क्यों करता था, तो उन्होंने कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया। केजरीवाल को शराब कारोबारियों के साथ नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को गोवा के लिए 45 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण के सबूत दिखाए गए। एजेंसी का आरोप है कि यह राशि गोवा में प्रचार अभियान के लिए थी। केजरीवाल को रिहा न किया जाए क्योंकि वह प्रभावशाली हैं, गवाहों को प्रभावित और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे।

### हिरासत में आदेश का मामलाः अदालत ने ब्योरा मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से कहा है कि वह धनशोधन मामले में हिरासत में रहने के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा आदेश पारित करने के मुद्दे पर विशेष न्यायाधीश को ब्योरा सौंपे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनप्रीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले को देख रहे विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि अगर जरूरी है तो मामले पर कानून के तहत आदेश जारी करें। अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने उस जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यह (हिरासत में रहते हुए आदेश जारी करना) कानूनी कार्यढांचे के खिलाफ है।

### एएसआई के सर्वेक्षण नतीजे पर अनुमति के बिना कार्रवाई न हो : कोर्ट

## भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर कोर्ट का रोक से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- हिंदू और मुस्लिम 11वीं सदी के परिसर पर जता रहे हैं अपना-अपना दावा
- 2003 में समझौते पर हिंदू मंगलवार को पूजा तो मुस्लिम शुक्रवार को पढ़ते हैं नमाज

उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए।

हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई की ओर से संरक्षित 11वीं सदी के भोजशाला परिसर पर अपना-अपना दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी को समर्पित एक मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई की ओर से सात अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा-अर्चना करते हैं जबकि मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई और अन्य को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा कि चार सप्ताह में नोटिस का जवाब दें। तब तक सर्वेक्षण के नतीजे पर इस अदालत की अनुमति के बगैर कोई कार्रवाई न की जाए। साथ ही पीट ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी कोई खुदाई न की जाए, जिससे कि परिसर का चरित्र ही बदल जाए।

### ज्ञानवापी मामला : हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक नहीं



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायालय ज्ञानवापी पर इंतजामिया कमेटी की नई याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र पाठक व्यास से भी कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

### एक नजर

#### नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नई टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। दस्तावेजों के मुताबिक, ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ईसीआई ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के पत्र के जवाब में यह बात कही।

#### आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। करदाता आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया, जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है।

#### 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड देशभर में लागू

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिनके पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे।

## सभी वीवीपैट पर्चियां गिने जाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग और केंद्र से सोमवार को जवाब मांगा। वर्तमान में, वीवीपीएटी पर्चियों के माध्यम से केवल पांच ईवीएम के सत्यापन का नियम है। 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है।



- निर्वाचन आयोग और केंद्र को नोटिस, अभी केवल पांच ईवीएम के सत्यापन का नियम

वीवीपैट के जरिये मशीन से कागज की पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देख सकता है और इस पर्ची को एक सीलबंद डिब्बे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल के वकीलों की दलीलों पर गौर किया। पीठ ने याचिका पर आयोग और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। विषय की सुनवाई 17 मई को हो सकती है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने लगभग 24 लाख वीवीपैट की खरीद पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं लेकिन वर्तमान में, केवल लगभग 20,000 वीवीपैट पर्चियां ही सत्यापित हैं।

## सपा ने मेरठ में अतुल प्रधान पर लगाया दांव

**लखनऊ।** सपा ने सोमवार की देर रात अपने दो और उम्मीदवारों की घोषणा की। इनमें मेरठ में पार्टी ने उम्मीदवार बदलते हुए सरधना के विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाया है। सपा ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच "एक्स" पर सूची साझा की जिसमें मेरठ से अतुल प्रधान और आगरा (आरक्षित) से सुरेश चंद कदम को उम्मीदवार घोषित किया गया है।



पार्टी ने पहले मेरठ में भानु प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया था लेकिन अब उनका टिकट काट दिया। यहां भाजपा ने अभिनेता अरुण गोविल को उम्मीदवार बनाया है। अतुल प्रधान पार्टी का युवा चेहरा हैं, जिनका गोविल से मुकाबला होगा। मेरठ में दूसरे चरण में 26 अप्रैल और आगरा में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

## राज्य कर्मियों को नहीं करना पड़ेगा मार्च के वेतन का इंतजार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- वित्तीय वर्ष 2024 –25 के आहरण वितरण का आदेश पारित, अप्रैल में ही मिलेगा वेतन

**अमृत विचार :** राज्य कर्मियों को मार्च माह के वेतन के लिए इस बार इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि शासन की वेबसाइट पर उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की स्वीकृति पर वेतन जारी किया जाए।

विशेष सचिव आलोक दीक्षित द्वारा शनिवार को जारी पत्र में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की मांगों को विधान मंडल द्वारा पारित किया जा चुका है और 4 मार्च 2024 को ही शासनादेश की वेबसाइट पर उपलब्ध भी है। वेबसाइट पर आगामी वित्तीय वर्ष की स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश भी हैं। उक्त आधार पर सभी विभाग, कर्मचारियों का वेतन निर्गत करना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार के उक्त पत्र के बाद, राज्य कर्मचारियों के साथ बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थानों व चिकित्सा विश्वविद्यालयों में सेवारत कर्मचारियों के मार्च का वेतन समय पर मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मार्च का वेतन अप्रैल में नए वित्तीय वर्ष के बजट से दिया जाता है, सरकार से स्वीकृति में देर से कर्मचारियों को वेतन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था।

## सामान्य आदेश पारित कर नहीं जमा करा सकते लाइसेंसी शस्त्र : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- पूर्व में दिए गए आदेशों का अनुपालन न होने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वर्ष 2022 के अपने एक आदेश को दोहराते हुए कहा है कि सामान्य आदेश पारित कर के लाइसेंसी शस्त्र धारकों के शस्त्र नहीं जमा करवाए जा सकते।

न्यायालय ने कहा कि यदि शस्त्र जमा करवाने का कोई औचित्यपूर्ण कारण है तो सम्बंधित शस्त्रधारक के लिए आदेश पारित करते हुए, इसे जमा कराया जा सकता है। न्यायालय ने चेतावनी दी कि यदि आगे से उक्त आधार पर शस्त्र जमा कराने का कोई मामला उसके समक्ष आया तो सम्बंधित अधिकारियों पर हर्जाना लगाया जाएगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी जनपद निवासी रवि शंकर तिवारी व चार अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि बिना किसी ठोस वजह के उन पर उनके लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने का दबाव स्थानीय प्रशासन द्वारा डाला जा रहा है। मामले पर सुनवाई के उपरांत पारित अपने आदेश में न्यायालय ने कहा कि 25 फरवरी 2022 को राम रंग जायसवाल मामले में स्पष्ट आदेश दिया गया था कि अधिकारी सामान्य आदेश निकाल के लाइसेंसी शस्त्र जमा करने को नहीं कह सकते। न्यायालय ने कहा कि इसके पूर्व वर्ष 2002 में सुप्रीम कोर्ट भी यही आदेश दे चुका है और यही नहीं वर्ष 2000 में शहाबुद्दीन मामले में और वर्ष 2021 में अरुण कुमार सिंह मामले में हाईकोर्ट इस प्रकार के आदेश जारी कर चुका है। न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी अदालत के आदेश को अनदेखा किया जा रहा है व उसका पालन नहेने हो रहा। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा मामला दोबारा उसके समक्ष आया तो सम्बंधित अधिकारी पर हर्जाना लगाया जाएगा।

### सतर्कता

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

## बिना गवाह अब नहीं मिल सकेगा विवाह योजना का लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब गोलमाल नहीं हो सकेगा। पड़ोसियों की गवाही के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा। गवाही इस बात की होगी कि आवेदनकर्ता का कोई विवाह तो नहीं हुआ है। योजना के तहत गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी अब सीधे खाते में भेजने की योजना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जिलों में गड़बड़ी सामने आई थी। शिकायतें के बाद तय हुआ है कि वर और वधू पक्ष के पास पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। जो ये प्रमाणित करेंगे कि वर या वधू का विवाह हुआ है या नहीं। गवाहों का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। गवाही के बाद ही आवेदन पर आगे की प्रक्रिया होगी।



- आस-पड़ोस वालों से पुष्टि होगी कि आवेदनकर्ता का विवाह हुआ है या नहीं

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदनकर्ताओं की जांच कराई जाएगी। आस-पड़ोस की गवाही के बाद अगर पुष्टि हो जाती है कि आवेदनकर्ता का विवाह नहीं हुआ है तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। गृहस्थी के 10 हजार रुपये खाते में भेजने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। -**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

बता दें कि एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार खर्च होते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये आयोजन मद में खर्च होते हैं। अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये वधू के खाते में भेजने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता लागू होने से इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है।

प्रदेशभर में 2023-24 में एक लाख चौदह हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था। साथ ही 500 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान था। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ। साथ ही सभी का भुगतान भी कर दिया गया।

### झांसी, बलिया, महाराजगंज में मिली थीं गड़बड़ियां

पिछले वित्तीय वर्ष में झांसी, बलिया और महाराजगंज में गड़बड़ियां मिली थीं। बुंदेलखंड महाविद्यालय में समारोह में 96 जोड़े शामिल हुए थे। इसमें एक दुल्हन ने खुद मांग भर ली। कई जोड़ों ने सात फेरे नहीं लिए। झांसी के पॉलीटेक्निक कॉलेज में दूल्हे के न आने पर दुल्हन की शादी जीजा से कराई गई थी। बलिया के मनियर ब्लॉक के सुल्तानपुर, ककरघट्टा खास व मानिकपुर में आठ अपात्रों को योजना का लाभ लेने के मामले में पकड़ा गया। इसमें एक अधिकारी निलंबित हुआ था। नौ पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महाराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में दूल्हे के स्थान पर भाई ने बहन से शादी कर ली। इस पर प्रशासन ने सारा सामान वापस कराया।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर सफाईकर्मी की मौत

**कानपुर।** बर्रा आठ के रहने वाले 48 वर्षीय चेतराम की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बेटे सोनू ने बताया कि वह आउटसोर्सिंग पर सफाई कर्मी थे। तात्याटोपे नगर में उनकी ड्यूटी थी। रविवार को वह गुजैनी पुल के पास ट्रेन की चपेट में आ गए। पनकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी रामप्यारी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सीढ़ियों से गिरकर वृद्ध की जान गई

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र के नौरैयाखेड़ा के रहने वाले 74 वर्षीय मुक्ता प्रसाद की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। बेटे मनोज ने बताया कि 26 मार्च को घर पर ही सीढ़ियों से गिर पड़े थे। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोविंद नगर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घायल युवक ने दम तोड़ा

**कानपुर।** बर्रा में रहने वाले 27 वर्षीय शिवम प्रजापति की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। छोटे भाई सत्यम प्रजापति ने बताया कि वह भौंती स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में नौकरी करता था। 20 मार्च को ड्यूटी पर जाते समय वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी।

विभाग से पत्र न आने की बात कह रहे ○ पहले ही जारी हो चुका है पत्र, मेल पर भी भेजा गया है

# आरटीई प्रवेश पर निजी स्कूलों की मनमानी

**बना रहे बहाने**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरटीई के तहत प्रवेश पर निजी स्कूलों की मनमानी शुरू हो गई है। निजी स्कूल अभिभावकों को विभाग से पत्र न मिलने की बात कहकर दौड़ा रहे हैं। उधर अधिकारियों ने दावा किया है कि विभाग की ओर से पहले ही स्कूलों को प्रवेश किए जाने वाले बच्चों की सूचना पहुंचा दी गई है। मेल भी किया गया है।

पहली लॉटरी में पात्र पाए गए 5,164 छात्रों को विद्यालयों का आवंटन हुआ है। विभाग में रोजाना ऐसी शिकायतें आ रही हैं, जिनमें अभिभावकों को स्कूलों से बहाना बनाकर लौटाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि 26 को जारी हुई लॉटरी के बाद सभी स्कूलों को पांच दिन के भीतर प्रवेश के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। मनमानी करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**केस 01** जाजमऊ निवासी एक अभिभावक अपने बच्चे का आरटीई के तहत प्रवेश कराने के लिए गैंजेज स्कूल पहुंचे। वहां से उन्हें यह कहकर वापस भेज दिया गया कि विभाग से उनके पास पत्र नहीं पहुंचा है। परेशान अभिभावक गोविंद नगर स्थित कार्यालय पहुंचे। जहां से उन्हें पत्र दिया गया।

**केस 02** श्याम नगर स्थित रघुवंश अकादमी ने अभिभावकों को विभागीय पत्र न मिलने और कागज न पूरे होने की बात कही। जब अभिभावक बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय पहुंचे तो वहां से स्कूल को फोन किया गया। इस पर स्कूल ने अभिभावकों को 4 तारीख के बाद आने को कहा।

### इन स्कूलों की शिकायतें ज्यादा आ रहीं

- सबसे ज्यादा बहाने बनाने वाले निजी स्कूलों में डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, गैंजेस स्कूल जाजमऊ, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, रघुवंश अकादमी स्कूल श्याम नगर, डीपीएस, शीलिंग हाउस पब्लिक स्कूल सहित अन्य स्कूल शामिल हैं।



कंपोजिट विद्यालय खेरसा में बच्चों को हुआ पुस्तक वितरण। अमृत विचार

# किताबें पाकर खिल उठे स्कूली बच्चों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिषदीय स्कूलों में नए सत्र के पहले दिन 66 फीसदी उपस्थिति रही
- माध्यमिक स्कूलों में भी प्रवेश शुरू, 40 फीसदी छात्र ही स्कूल पहुंचे

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित स्कूलों में सोमवार को बच्चों को पुस्तकों का वितरण हुआ। पुस्तकें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। नए सत्र के पहले दिन परिषदीय स्कूलों में उपस्थिति की उपस्थिति 66 फीसदी रही। इसके अलावा माध्यमिक स्कूलों में यह सिर्फ 40 फीसदी के आस-पास रही।

स्कूल खुलते ही माध्यमिक स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरुआत हो गई।

जिले के 1786 परिषदीय स्कूलों में पुस्तकों का वितरण शुरू हो गया है। परिषदीय स्कूलों में बच्चों के स्कूल आते ही उनका नई कक्षा में स्वागत भी किया गया। कुछ स्कूलों में रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसके बाद बच्चों को नई किताबें दी गईं। नए सत्र के पहले दिन से ही स्कूलों में प्रवेश उत्सव भी शुरू कर दिया गया। एक महीने तक चलने वाले इस उत्सव में स्कूल के आस-पास रहने वाले बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। शिक्षक स्कूल न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों तक पहुंचेंगे। उधर माध्यमिक स्कूलों में भी नए सत्र से बच्चे नई कक्षाओं में पहुंचे। इंटर कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो गई।

# महिला की फोटो वायरल करने की धमकी, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी की वजह से छोड़नी पड़ी नौकरी भी

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक शोहदा महिला को जबरन अपने साथ रहने को लेकर परेशान कर रहा है। महिला के विरोध करने पर उसकी फोटो ससुरालियों को भेजने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कल्याणपुर निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि कुछ वर्ष पहले वह एक ऑफिस में नौकरी करती थीं। वहीं पर काम करने वाला राजीव नाम का युवक ने उनसे शादी का प्रस्ताव रखा, उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद पांच साल पहले उनकी शादी हो गई और उनकी एक बेटी भी है। आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी शादी के बाद भी उन्हें व उनके पति समेत ससुरालियों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। साथ ही आरोपी उन पर जबरन अपने साथ रहने का दबाव बना रहा है, इस डर की वजह के साथ उन्होंने नौकरी छोड़ दी है। आरोपी उनकी फोटो के साथ छेड़छाड़ कर पति समेत अन्य लोगों को भेज कर ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने आनलाइन शिकायत की तो आरोपी खामोश हो गया। अब फिर बदमाशी शुरू कर दी। उन्होंने कल्याणपुर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नहीं हुई सुनवाई तो एडीसीपी से शिकायत की

- **कानपुर।** बर्रा विश्वबैंक निवासी सोनी ने पुलिस को बताया कि उनके पति दिव्यांग हैं। इसके चलते वह ब्यूटी पार्लर में काम कर परिवार चलाती हैं। 27 मार्च को इलाके का टिंकू वर्मा नशे में उनके घर पहुंच कर गाली गलौज करने लगा। पथराव कर दिया। हमले में उन्हें, उनके भांजे सूरज व पांच साल के बेटे को चोटें आ गईं। आरोप है, कि बर्रा थाने में शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 30 मार्च को दोबारा सरेराह पीटा। महिला परिवार के साथ एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा के पास पहुंची, जहां उन्होंने हमलावर की गिरफ्तारी की मांग की। रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सीएम ग्रिड की सड़कों के लिए मिले 39 लाख



घंटाघर चौराहे से परेड चौराहे होते हुये ग्रीनपार्क तक सड़क भी बनेगी।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीपीआर, शोध, ट्रेनिंग व अन्य खर्च के रूप में 0.75 फीसदी धन निकाय को जारी

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड्स अरबन योजना के तहत बनने वाली शहर की पांच सड़कों की डीपीआर, शोध, ट्रेनिंग व अन्य कार्य में हुये खर्च के बजट को एजेंसी यूरिडा ने निकायों को जारी कर दिया है। कुल बजट में निर्धारित 0.75 फीसदी के तहत कानपुर नगर निगम को 39 लाख 63 हजार 769 रुपये जारी किये गये हैं। अब आचार संहिता के बाद टेंडर खुलेंगे और उसके बाद जुलाई में सभी पांचों सड़कों का काम शुरू हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स अरबन योजना) के तहत शहर में 145.5 करोड़ से सड़क निर्माण और सुंदरीकरण होना है। योजना के तहत सामाजिक आर्थिक, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, शोध, डीपीआर गठन, ट्रेनिंग और मानव संसाधन विकास के तहत कार्य हो चुके हैं। 16 जिलों में चिह्नित कुल सड़कों के कुल बजट का 0.75 प्रतिशत यानि तीन करोड़ पछत्तर लाख रुपये इन कार्यों में ही खर्च होना था। जिसके बाद अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) ने कानपुर को 39 लाख रुपये से ज्यादा का बजट जारी कर दिया है। आचार संहिता खत्म होने के बाद टेंडर खोलकर जुलाई से निर्माण शुरू कराने की योजना है।

### नागरिक सुविधाओं में होगा सुधार

- महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली के लक्ष्य 414 के करोड़ के सापेक्ष 400 करोड़ और जल कल के वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली के लक्ष्य 135 करोड़ के सापेक्ष 137 करोड़ वसूल किये गये हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के सापेक्ष 96.61 प्रतिशत राजस्व वसूली किये जाने पर शासन द्वारा मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट शहरी योजना के अन्तर्गत कुल 200 करोड़ सड़क व वाटर ड्रेनेज सिस्टम सुधार के लिये मिलेंगे, जिससे नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि शासन ने निर्धारित किया है कि जिन नगर निगमों में पिछले साल के लक्ष्य की तुलना में 25 प्रतिशत ज्यादा वसूली होगी, उन्हें सीएम ग्रिड योजना और सीएम स्ट्राम वाटर ड्रेन योजना के तहत 100-100 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इस लिहाज से कानपुर नगर निगम को भी दोनों योजनाओं के तहत 200 करोड़ रुपये मिलने का रास्ता साफ हो गया है। सीएम स्ट्राम वाटर ड्रेन योजना के धन से बड़े नाले पक्के कराए जाएंगे।

# सड़क निर्माण पर मांगी रंगदारी, 54 पर रिपोर्ट

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में घर के सामने सड़क निर्माण होने पर दबंगो ने रंगदारी मांगी। मना करने पर घर में घुसकर पत्नी को पीट दिया। पीडित ने चार नामजद समेत 50 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज के ख्यौरा कछार के रहने वाले बृजेन्द्र नाथ मिश्र ने पुलिस को बताया कि उनके आवास के सामने आरसीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा था। उनका आरोप है कि इलाके के सत्यम वाजपेई, राजेश, विजय, सर्वेश समेत इलाके के 50 लोगों ने उनसे रंगदारी मांगी। इसके बाद राजेश, सत्यम और विजय ने घर में घुसकर पत्नी को पीट दिया। 10 अज्ञात लोग घर में घुसकर आए और मारापीटा। नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि राजेश बाजपेई, सत्यम बाजपेई, विजय बाजपेई, सर्वेश शुक्ला और 50 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तीन माह से कमरे में बंद पड़ी है जरूरी मशीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उर्सला अस्पताल को करीब तीन माह पहले शासन से ब्लड बैंक के लिए मिली सिंगल डोनर प्लेटलेट्स एफेरिसिस मशीन अभी तक बंद पड़ी है। अस्पताल के नए निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल ने अब मशीन को चालू कराने की बात कही है। मशीन का लाभ अप्रैल माह के अखिरी सप्ताह से मरीजों को मिलने लगेगा।

डेंगू, मलेरिया, वायरल बीमारियां बढ़ने पर प्लेटलेट्स की मांग बढ़ जाती है। अभी तक उर्सला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान के बाद उससे लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा अलग किया जाता है। इसके बाद मरीज को प्लेटलेट्स या प्लाज्मा मिल पाता है। इस प्रक्रिया से मिले प्लेटलेट्स मरीज को चढ़ाने पर लगभग पांच से 10 हजार के बीच ही प्लेटलेट्स बढ़ती है।

### डोनर को नहीं होती दिक्कत

- उर्सला के सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि मशीन ब्लड के जरिए एक घंटे में प्लेटलेट्स निकालती है। ब्लड निकालकर मशीन में ले जाया जाता है, वहां से प्लेटलेट्स अलग होकर मरीज के शरीर तक पहुंचता है और बाकी ब्लड दोबारा डोनर के शरीर में पहुंचाया जाता है। व्यक्ति 72 घंटे बाद दोबारा प्लेटलेट्स दे भी सकता है।

"शासन से उपलब्ध कराई इस अत्याधुनिक मशीन के जरिए एक डोनर से 10 बार प्लेटलेट्स बनाई जा सकती है। अभी तक एक डोनर से एक ही प्लेटलेट्स निकलती थी। यह सिंगल डोनर प्लेटलेट्स मशीन ब्लड बैंक में है। इसको इंस्टॉल करने के संबंध में कंपनी को पत्र लिखा जाएगा। इंस्टॉल होने के बाद यह मरीजों के काम आएगी।

**-डॉ. हरी दास अग्रवाल, निदेशक उर्सला अस्पताल**

# बाउंड्रीवाल के लिए खोदाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक ऋषि गंगवार, चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अजहर सरताज (रेड जैकेट में दाएं) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी। अमृत विचार

- कॉरिडोर-2 के अंडरग्राउंड सेक्शन की पहली डी-वॉल डालने का शुरू हुआ कार्य

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के अंतर्गत लगभग 4.10 किमी. लंबे रावतपुर-डबल पुलिया अंडरग्राउंड सेक्शन में कार्य हो रहा है। सोमवार विधिवत पूजा के बाद रावतपुर स्टेशन की बाउंड्रीवाल (डायाफ्राम वॉल) निर्माण का कार्य शुरू हो गया। यूपीएमआरसी के अधिकारियों की उपस्थिति में पहले पैनल को जमीन के अंदर लोअर करने के लिए खोदाई की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके साथ ही इस सेक्शन का निर्माण कार्य अगले पड़ाव पर पहुंच गया है।

इस सेक्शन के अंतर्गत तीन मेट्रो स्टेशनों रावतपुर, काकादेव और डबल पुलिया का निर्माण होना है। रावतपुर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर को जोड़ने वाला अहम स्टेशन साबित होगा। कॉरिडोर-2 के अंतर्गत निर्माणाधीन रावतपुर अंडरग्राउंड स्टेशन को एलिवेटेड स्टेशन से जोड़ा जाएगा। मेट्रो यात्री पहले से दूसरे या दूसरे से पहले कॉरिडोर के स्टेशनों तक जाने के लिए इसी स्टेशन से ट्रेन बदलेंगे। कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक ऋषि गंगवार और चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अजहर सरताज ने बताया कि डी-वॉल को मेट्रो स्टेशन की बाउंड्री के रूप में समझा जा सकता है। छोटे-छोटे आयताकार पैनल्स के साथ डी-वॉल तैयार की जाएगी। रावतपुर मेट्रो स्टेशन में डी-वॉल के लिए अलग-अलग आकार के ऐसे 65 पैनल्स लगाए जाएंगे। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि ये तीनों ही मेट्रो स्टेशन शहर के प्रमुख इलाकों में स्थित हैं। इनके बन जाने से रेलवे लाइन के दोनो तरफ के लोगों के लिए शहर के अंदर आने-जाने का एक नया सुविधापूर्ण मार्ग खुलेगा।

# निष्कासित पार्षद ने की सीवर सफाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछले दिनों सदन में झाड़ू लेकर पहुंची वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया सोमवार को फिर से अनोखा प्रदर्शन करते दिखीं। सदन से निष्कासन के बाद कांग्रेस की महिला पार्षद ने अधिकारियों की अनदेखी का जवाब खुद मैनहोल की सफाई कर दिया।

उन्होंने कहा कि अब भी अधिकारी अगर नहीं सुनते हैं तो यही सीवेज का पानी उनके घर पर फेकूंगी, ताकि उन्हें भी क्षेत्र की समस्या का अंदाजा हो सके।

महिला कांग्रेस पार्षद शालू कनौजिया ने कहा कि वार्ड 14 अंतर्गत जूही बंबुरहिया की लगभग पांच हजार जनता सीवर भराव की समस्या से परेशान है। क्षेत्र के सभी सीवर भरे हुए हैं, आए दिन ओवरफ्लो होकर मोहल्ले में सीवेज भर जा रहा है। जलकल को कई बार शिकायत की, लेकिन अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस पर सोमवार को खुद मैनहोल सफाई का जिम्मा उठा लिया। उन्होंने खुद क्षेत्र के कई नालों की सफाई की। वे हाल ही में सदन की कार्यवाही के दौरान झाड़ू लेकर पहुंची थीं। इससे नाराज महापौर ने उन्हें छह माह के लिए सदन से निष्कासित कर दिया था। मामले में जलकल जीएम ने कहा कि समस्या का निस्तारण जल्द कराया जाएगा। मेट्रो के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।



मैनहोल साफ करती पार्षद शालू कनौजिया। अमृत विचार

- कांग्रेसी महिला पार्षद ने जताया अनोखा विरोध
- कहा, अधिकारियों के घर फेकूंगी सीवेज का पानी

# गालीगलौज के विरोध पर चाकुओं से हमला

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में एक सब्जी विक्रेता को दबंगों ने सब्जी बेचने पर जाति सूचक गालियां दीं। विरोध किया तो उसने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मसवानपुर निवासी सनी ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करता है। शनिवार को वह दुकान बंद कर के घर आया तभी क्षेत्र के विकास व जय रात को उनके पास आए। आरोप है, कि दोनों जाति सूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर दी और चाकुओं से हमला कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी बेटी का पूर्व में नाम फिलजा खान था अब उसका नाम उमैजा खान हो गया है । भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मतीन अहमद खान, मोहल्ला – नौशहरा, बलरामपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मो0 रफी अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 रफी अन्सारी अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के हैं। अतः मुझे मोहम्मद रफी अन्सारी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद रफी अन्सारी पुत्र श्री मोहर्रम अली नि0 गंगारामपुर, पश्चिमी कस्बा मल्लावां थाना मल्लावां जिला हरदोई**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मेवालाल पुत्र स्व0 सरजू प्रसाद निवासी–7 सी/43, वृन्दावन योजना, थाना पी0जी0आई0, लखनऊ**, मेरा पुत्र विशाल व उसकी पत्नी प्रियंका के आये दिन अत्याचार, गाली–गलौच व मेरी पत्नी के साथ मारपीट से तंग आकर हम पति–पत्नी अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

बैनामा संख्या 6479 दिनांक– 18–12–1988 को श्याम सुंदर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र चौधरी शंकरदयाल निवासी राहतपुरा कस्बा इटावा के द्वारा श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी डॉ. आईके शर्मा को दिया गया था। जिसका क्षेत्रफल 887 वर्ग फुट था। दिनांक 17.8. 2006 को उक्त बैनामा शारदा शर्मा से मैंने ले लिया था। किन्तु प्रथम बैनामा 6479 रास्ते में कहीं गिर गया है। **मंजू यादव पत्नी अरविंद कुमार निवासी सहसारपुर सैफई, इटावा**

## सुहाना सफर

आईआरसीटीसी की विशेष ट्रेन आगरा से गंगा सागर होगी रवाना, नौ रात्रि व दस दिन का विशेष टूर पैकेज

# भारत गौरव ट्रेन कराएगी देश भ्रमण और धार्मिक दर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) देश भ्रमण के साथ धार्मिक स्थलों का दर्शन और भ्रमण भी कराएगी। भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन आगरा से किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन विभिन्न रूटों से होकर प्रमुख धार्मिक स्थल जगन्नाथ मंदिर, बैद्यनाथ मंदिर, विष्णुपद मंदिर और कोणार्क मंदिर, गंगा सागर, काशी विश्वनाथ मंदिर, रामलला के साथ हनुमान गढ़ी का भ्रमण कराएगी। इसमें कानपुर स्टेशन से भी चढ़ने-उतरने की सुविधा होगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि भारत गौरव पर्यटक ट्रेन आगरा से कोलकाता गंगा सागर की यात्रा पर 25 अप्रैल को रवाना होगी, जो चार मई तक नौ रात्रि और 10 दिन सफर पर रहेगी। इस यात्रा पर जाने के लिए उतरने व चढ़ने की सुविधा आगरा कैंट, उरई, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या कैंट, काशी-बनारस, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर ही होगी। इस स्पेशल ट्रेन में श्रेणी अनुसार कुल बर्थो की संख्या 767 होगी। जिसमें सेकेंड एसी में कुल 49 सीट, थर्ड एसी में कुल 70 सीट और स्लीपर में कुल 648 सीटें होंगी। इस टूर पैकेज में बैद्यनाथ, गया, पुरी, कोणार्क, गंगासागर, कोलकाता, वाराणसी और अयोध्या की यात्रा को शामिल किया गया है। श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल में शाकाहारी भोजन, चाय-नाश्ता घूमने के लिए एसी, गैर एसी बस की व्यवस्था होगी।



भारत गौरव पर्यटक ट्रेन।

### यहां से कराएं बुकिंग

इस धार्मिक यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय व आईआरसीटीसी की बेवसाइट www.IRCTC tourism.com पर ऑनलाइन कराई जा सकती है। इसके अलावा कानपुर में मोबाइल नंबर 8595924298 व 8287930930 पर भी करा सकते हैं।

### टूर पैकेज का ये है किराया

- स्लीपर क्लास में एक, दो व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 17500 रुपये प्रति व्यक्ति और 5 से 11 वर्ष के बच्चे का पैकेज 16400 रुपये है। इसी तरह थर्ड एसी क्लास में एक, दो व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने का पैकेज 28300 रुपये प्रति व्यक्ति और 5-11 वर्ष के बच्चे का पैकेज 27000 रुपये है। सेकेंड एसी क्लास में एक, दो व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज 37200 रुपये प्रति व्यक्ति और 5-11 वर्ष के बच्चे का पैकेज 35600 रुपये है। इसमें एलटीसी व ईएमआई की सुविधा उपलब्ध है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी व एवं गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है।

### उक्त तीर्थस्थलों का करें दर्शन

- स्पेशल ट्रेन से देश के प्रसिद्ध ऐतिहासिक मंदिरों विष्णुपद मंदिर, गया के स्थानीय मंदिर, बैद्यनाथ मंदिर, जसडीह, जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क मंदिर, पुरी के स्थानीय मंदिर, गंगा सागर, काली मंदिर, कोलकाता के स्थानीय मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी, अयोध्या में रामलला, हनुमान गढ़ी और अयोध्या के स्थानीय मंदिरों के दर्शन होंगे। चार मई को टूर की समाप्ति होगी।

## कार्यालय कानपुर विकास प्राधिकरण (अनुभाग– विक्रय जोन–2)

का0 वि0 प्रा0

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जगदीश सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत बैनामों की सत्यापित प्रतियां, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 272, ब्लाक एफ योजना 40 पनकी साइट एण्ड सर्विसेस क्षेत्रफल 41.806 का नामान्तरण अपने पक्ष में किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि भूखण्ड संख्या 272, ब्लाक एफ योजना 40 पनकी साइट एण्ड सर्विसेस क्षेत्रफल 41.806 की फ्री–होल्ड डीड दिनांक 26.08.1998 को श्रीमती रामेश्वरी निगम पत्नी श्री परसादी लाल निगम के पक्ष में निष्पादित की गयी। फ्री–होल्डधारक श्रीमती रामेश्वरी निगम पत्नी श्री परसादी लाल निगम द्वारा भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 08.12.1998 को श्री प्रेम कुमार कुशवाहा व श्री कैलाश नाथ कुशवाहा पुत्रगण श्री सोने लाल कुशवाहा के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्री प्रेम कुमार कुशवाहा व श्री कैलाश नाथ कुशवाहा पुत्रगण श्री सोने लाल कुशवाहा द्वारा भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 08.09.2004 को श्रीमती विद्या देवी पत्नी श्री जगदीश सिंह यादव के पक्ष में निष्पादित किया गया। प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार बैनामाधारक श्रीमती विद्या देवी पत्नी श्री जगदीश सिंह यादव की मृत्यु दिनांक 11.12.2021 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 115/एस0टी0–पा0स0प्र0प0–2023 दिनांक 12.10.2023 के अनुसार मृतक स्व0 विद्या देवी पत्नी श्री जगदीश सिंह यादव के निम्नलिखित वारिसान अंकित है :–

| क्रम सं0 | पारिवारिक सदस्य का नाम | मृतक से सम्बन्ध | उम्र |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री जगदीश सिंह | पति | उम्र 75 वर्ष |
| 2. | श्री पपीन कुमार | पुत्र | उम्र 52 वर्ष |
| 3. | श्रीमती किरन लता | पुत्री विवा0 | उम्र 51 वर्ष |

उपरोक्त के अलावा मृतक के अन्य वारिसान न होना बताया गया है। अतः कमांक 2 व 3 पर अंकित वारिसानों द्वारा फोटोयुक्त शपथ पत्र प्रस्तुत कर क्रमांक 1 पर अंकित वारिसान श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व0 ज्वाला प्रसाद के पक्ष में अपना हक छोड़ दिया गया है। अतः श्री जगदीश सिंह पुत्र स्व0 ज्वाला प्रसाद के पक्ष में विरासतन नामान्तरण किया जाना है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन–2)
कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर

**आज का मौसम**
तापमान में बढ़ोतरी की संभावना। तेज धूप रहेगी।

| 37.0° | 20.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:58 | सूर्यास्त 06:26 |




| इफ्तार (मंगलवार) | सहरी (बुधवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06:26 | सुन्नी-04:42 |
| शिया-06:39 | शिया-04:26 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### सिपाहियों का गाली देते वीडियो वायरल

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में मारपीट की सूचना पर मौके पर गए दो सिपाहियों का महिलाओं समेत युवकों से गाली देते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि, वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। रेलबाजार में तीस मार्च को गंगामेला वाले युवतियां अपने छत पर रंग खेल रही थीं। तभी इलाके का युवक छत पर चढ़कर युवतियों से छेड़खानी करने लगा था। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी। इलाके के लोगों की सूचना पर थाने के सिपाही मौके पर पहुंचे। जिसमें से एक सिपाही मौके पर मौजूद महिलाओं और युवकों से गाली देते हुए बात कर रहा है। मामले में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रवृत्ति आवेदन में संशोधन के लिए खुलेगा पोर्टल

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय परिसर में सत्र- 2023-24 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदनों पर सहूलियत मिली है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के त्रुटि पूर्ण छात्रवृत्ति आवेदन में संशोधन किए जाने के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल 26 अप्रैल 2024 से 3 मई 2024 तक खुलेगा। इसमें छात्र-छात्राओं के मार्क्स मिसमैच या अन्य कोई त्रुटि हो तो वे संशोधन कर सकते हैं। बताया गया कि यह अंतिम अवसर है। सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए ऐसे प्रकरण जिसमें कॉलेज एवं विश्वविद्यालय स्तर से आवेदन 23 जनवरी 2024 तक अग्रसारित नहीं हो पाए या किसी त्रुटि के कारण या मार्क्स मिसमैच के कारण जिन छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिली है उनका प्रकरण भी शासन में विचाराधीन है।

### एलएलबी परीक्षाएं 9 से

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में 9 अप्रैल से एलएलबी पंचम सेमेस्टर व बीए एलएलबी पंचम, सप्तम व नवम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। सत्र नियमित करने के उद्देश्य से विगत कुछ परीक्षाएं ऑब्जेक्टिव कराई गयी थीं। अधिष्ठाता विधि संकाय व विधि शिक्षकों की ओर से यह परीक्षाएं सब्जेक्टिव कराये जाने की बात कही गयी थी, जिसके कारण यह परीक्षाएं लिखित रूप में करायी जा रही हैं। यह जानकारी विवि की ओर से दी गई। यह भी बताया गया कि छात्र-छात्राओं की ओर से सोमवार को कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक से भेंट कर परीक्षा के मध्य गैप दिये जाने की मांग की गयी। कुलपति ने छात्र-छात्राओं के अनुरोध को स्वीकार कर लिया गया। हर परीक्षा के बीच दो दिन का गैप दिया गया है।

# ओवरब्रिज से नीचे गिरी कार, दो दोस्तों की मौत

## हनुमंत विहार थाना क्षेत्र की घटना, तीसरा दोस्त घायल, राजस्थान स्थित बालाजी दर्शन करने जा रहे थे तीनों दोस्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में शिवाजी स्कूल के पास सोमवार दोपहर हाईवे पर तेज रफ्तार ईको स्पोर्टस कार डिवाइडर से टकराने के बाद रेलिंग तोड़कर ओवरब्रिज से 15 फीट नीचे सर्विस लेन पर गिर गई। उसमें बैठे दो दोस्तों की मौत हो गई और तीसरा भी घायल हो गया। तीनों दोस्त राजस्थान स्थित मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने के लिए निकले थे। हादसे के बाद दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।


शिवाजीत।

उर्सला कैंपस निवासी 27 वर्षीय शिवाजीत वर्मा वार्ड ब्यॉय के साथ-साथ अलमारी का काम भी करता था। चचेरे भाई शुभम ने बताया कि वह गाजीपुर के नंबर की ईको स्पोर्ट्स कार लेकर अपने दो दोस्तों श्यामनगर निवासी 38 वर्षीय चंदन रघुवंशी और आवास विकास हंसपुरम निवासी स्टेट बैंक आईआईटी में मैनेजर रणविजय के साथ मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने के लिए जा रहे थे।


नीचे गिरी क्षतिग्रस्त कार के पास मौजूद लोग। अमृत विचार

हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में शिवाजी स्कूल के पास ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए रेलिंग तोड़कर सीधे 15 फीट नीचे गिर गई। उसमें बैठे तीनों दोस्त क्षतिग्रस्त कार में दब गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को निकालकर अस्पताल भिजवाया। हैलट में शिवाजीत और चंदन रघुवंशी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं रणविजय को नौबस्ता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद शिवाजीत की मां इकलौते बेटे की मौत से अचेत हो गईं। वहीं बहन रोशनी, शिवानी, शीतल व शालिनी का रो-रोकर बुरा हाल है। चंदन रघुवंशी की पत्नी रीमा व छोटे भाई कुंदन का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद डीसीपी दक्षिण रविंद्र कुमार और एडीसीपी अंकिता शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और क्रेन से कार को किनारे करवाया।

हनुमंत विहार थानाध्यक्ष उदयभान ने बताया कि अभी तक की जांच में कार गाजीपुर के सतीश कुमार की बताई गई है।


घायल रणविजय को अस्पताल ले जाते लोग। अमृत विचार

### तेज रफ्तार डंपर टक्कर मारकर भागा

हादसे में घायल रणविजय ने पुलिस को बताया कि कार शिवाजीत चला रहा था। शिवाजी इंटर कॉलेज के पास बनी पुलिया के ऊपर से निकल रहे थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। इससे कार डिवाइडर से टकराई और हवा में उछलकर 15 फीट नीचे सर्विसलेन पर जा गिरी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है।

### डंपर की टक्कर से टायर फटा, बेकाबू हुई कार

**कानपुर।** पुलिस की जांच में पता चला कि हाईवे पर पहले डंपर ने पीछे से कार में टक्कर मार दी जिससे कार का अगला बायां टायर फट गया और कार बेकाबू हो गई। पुलिस अनुमान लगा रही है कि इसी वजह से हादसा हुआ। उधर, आस-पास मौजूद लोगों का कहना था कि हादसा इतनी तेज हुआ कि अगर उसके आगे कोई वाहन होता या नीचे सर्विस लेन में कोई खड़ा होता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।



शराब ठेका खुलने पर हंगामा करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

# ठेका खोलने पर भड़कीं महिलाएं, बोतलें तोड़ीं

- गोविंद नगर थानाक्षेत्र के नौरैयाखेड़ा बस्ती का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र के नौरैयाखेड़ा बस्ती में शराब ठेका खोलने पर स्थानीय महिलाएं भड़क गईं। दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने पहुंचकर प्लॉट में लगे तंबू को तोड़ कर शराब की बोतलें जमीन पर फेंक कर तोड़ दीं। पुलिस ने समझा बुझा कर लोगों को शांत कराया।

दादानगर फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज अंकुर मलिक ने बताया कि कोपरगंज निवासी प्रमोद तिवारी की पत्नी नीता तिवारी के नाम पर अंग्रेजी शराब ठेका एलॉट हुआ है। नौरैयाखेड़ा स्थित अमन मिश्रा के प्लॉट पर सोमवार को ठेका खोला जा रहा था। इसपर महिलाएं भड़क गईं। महिलाओं का आरोप है कि ठेका पहले थम्सअप तिराहे के पास था, जो उठ कर बस्ती के बीच में आ गया है। जिससे इलाके में अराजकतत्वों की भीड़ लगेगी। इसी बात पर दर्जनों महिलाओं ने ठेके को घेर कर शराब की पेटियां सड़क पर फेंक दीं। जिसके बाद डंडे और पत्थरों से बोतलें तोड़ दीं। बची बोतलें नाले में बहा दीं। पार्षद पति विनय शुक्ला का कहना है कि नमक फैक्ट्री से कुछ दूरी पर नया ठेका खुल रहा है। जिसको लेकर क्षेत्रीय जनता परेशान है। उनका कहना है कि शराब ठेका खुलने से क्षेत्रीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, आए दिन सड़क पर नशेबाजों का हंगामा होगा। वैसे भी सड़क के उस पार एक देशी शराब का ठेका है फिर भी आबकारी विभाग ने यहां ठेका खुलने की अनुमति दी है जो नियम के विरुद्ध है।

### नशे के ओवरडोज से युवक की मौत

- **कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र के संजय वन के पास रहने वाला 37 वर्षीय चेतन दीक्षित मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि रात में वह घर आया इसके बाद भांग का गोला खा लिया। बताया कि जब नशा नहीं चढ़ा तो उसने शराब पी ली। जिसके बाद वह सोने चला गया। परिजनों के अनुसार सोमवार सुबह वह कमरे में मृत पाया गया। इसके बाद इलाके के लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# छात्रवृत्ति के लिए एचबीटीयू में हंगामा, नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छात्रवृत्ति न आने से नाराज एचबीटीयू के छात्रों ने सोमवार को संस्थान परिसर पर हंगामा कर दिया। छात्रों ने प्रशासनिक भवन के भीतर नारेबाजी कर दी। छात्रों के वीसी कक्ष के बाहर आने की सूचना पर संस्थान प्रशासन सक्रिय हुआ और छात्रों को आश्वासन देकर शांत कराया गया। छात्रों ने संस्थान पर छात्रवृत्ति के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया।

छात्रवृत्ति न आने से नाराज छात्र पहले प्रशासनिक भवन के बाहर आकर इकट्ठे हुए इसके बाद नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद छात्र वीसी कक्ष के बाहर पहुंच गए। संस्थान की ओर से डीएसडब्लू प्रो अलख कुमार सिंह ने छात्रों से बातचीत की। छात्रों का कहना था कि छात्रवृत्ति का इंतजार करते हुए 31 मार्च गुजर गया।

जन सुनवाई पोर्टल पर अपनी बात रखी तो वहां से पता चला कि संस्थान की ओर से डाटा लॉक न किए जाने से छात्रों की छात्रवृत्ति फंस गई है। छात्र यह मानने से इनकार कर रहे थे कि डाटा लॉक न करने की सूचना संस्थान परिसर को पहले से नहीं थी। डीएसडब्लू प्रो अलख कुमार सिंह ने कहा कि वे लोग संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं। छात्रों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। कुल सचिव एसके शर्मा ने कहा कि संस्थान की ओर से शासन में लगातार बात की जा रही है। छात्रों की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।


एचबीटीयू में हंगामा करते छात्र। अमृत विचार

### 1600 छात्रों ने किया था आवेदन

- योजना के तहत संस्थान से लगभग 16 सौ छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। छात्रों का यह आरोप है कि वे लोग लगातार इसके लिए संस्थान में अपनी बात रख रहे थे। 31 मार्च तक उन लोगों ने इसका इंतजार किया। अब नियम के तहत सभी धन वापस हो चुका है। ऐसे में उन लोगों की छात्रवृत्ति फंस गई है।

### स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए गए

**कानपुर।** रेल प्रशासन ने होली विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए हैं। यह ट्रेनें सेंट्रल स्टेशन और गोविंदपुरी से होकर गुजरेंगी। ट्रेन नंबर 04095 पटना से नई दिल्ली चलेगी। दो अप्रैल को पटना से यह ट्रेन रवाना होगी। ट्रेन में 20 स्लीपर व दो एसएलआर कोच समेत 22 डिब्बे हैं। पटना से चलकर यह ट्रेन आरा, बक्सर वाया मिर्जापुर से गोविंदपुरी होते हुए दिल्ली रवाना होगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 04073 गया से आनंद विहार टर्मिनल एक फेरा लगाएगी। ट्रेन गया से चलकर पं दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, होते हुए कानपुर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 03639 व 03640 गया से आनंद विहार टर्मिनल व आनंद विहार टर्मिनल से गया चार व पांच अप्रैल को एक चक्कर लगाएगी।

# पीसीएस जे की तैयारी कर रहे वकील ने फांसी लगा जान दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कर्नलगंज थानाक्षेत्र में मकराबर्टगंज इलाके में हुई घटना
- घर के बाहर पेड़ से लगाई फांसी, परिजनों में कोहराम मचा

**अमृत विचार।** कर्नलगंज थानाक्षेत्र के मकराबर्टगंज में पीसीएस जे की तैयारी कर रहे एक अधिवक्ता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार तड़के उनका शव घर के बाहर पेड़ से लटका मिला। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच की।


कपिल कुमार।

मकराबर्टगंज स्थित शनिदेव मंदिर के सामने हाता नंबर तीन निवासी 32 वर्षीय अधिवक्ता कपिल कुमार का शव घर के बाहर लगे सहजन के पेड़ से चादर के सहारे फंदे से लटका मिला। भाई संजय के अनुसार वह कानपुर कोर्ट में वकालत करते थे। बीते तीन वर्ष से पीसीएस जे की तैयारी भी कर रहे थे। बताया कि 10 अप्रैल को उनका जयपुर में पेपर था। जिसके चलते वह देर रात तक पढ़ाई करते थे। रविवार रात करीब तीन बजे संजय पानी पीने के लिये उठे तो कपिल को बिस्तर पर नहीं दिखा। आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो वह बाहर निकले। घर के बाहर लगे पेड़ के सहारे उसे लटका देखकर वह चीख पड़े। परिजनों की मदद से उन्हें नीचे उतारा और उर्सला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी शादी नहीं हुई थी। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके हैं। मोबाइल कब्जे में लिया गया है।

**गंदा धंधा**

## ट्रैवल्स को पत्र भेज पुलिस ने पूछा, किसने बुक कराई थी बस, 110 लोगों से फिर होगी पूछताछ, दर्ज किए जाएंगे बयान

# कई बस्तियों में तेजी से फैल रहा धर्मांतरण का मायाजाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** धर्मांतरण का मायाजाल शहर की तमाम बस्तियों में फैलता जा रहा है। निर्धन वर्ग के लोगों की बस्तियां किसी भी इलाके की हों वहां पर किसी को नौकरी तो किसी को रुपये तो किसी को अन्य चीजों का प्रलोभन देकर धर्मांतरण के लिए बहलाया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही नवाबगंज की बाल्मीकि बस्ती में चंगाई के नाम पर प्रार्थना सभा की जा रही थी। यहां पुलिस ने छापेमारी की तो लखनऊ से प्रार्थना और धर्मांतरण कराने आई टीम अपने वाहन छोड़कर भाग खड़ी हुई थी। इसी तरह शनिवार देर रात दो बसों से 110 लोगों को उन्नाव के नवाबगंज चर्च ले जाकर धर्मांतरण की तैयारी थी लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया।

सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि दो बसों में 110 लोगों को उन्नाव ले जाया जा रहा था। इन बसों को किसने बुक कराया, संगम ट्रैवल्स को पत्र भेजकर जानकारी मांगी गई है। साथ ही इस बात की जांच शुरू की गई है कि इन लोगों को किसने और क्या लालच देकर इकट्ठा किया था। पुलिस पूछताछ में जानकारी मिली है कि इस धर्म से संबंधित जो भी व्यक्ति ऊंचे पदों पर हैं या जो बड़ा कारोबार करते हैं वे अपनी कमाई का दसवां हिस्सा कौम के नाम पर देते हैं। ऐसे लोगों की संख्या केरल में ज्यादा है। ये फंड कहां इकट्ठा किया जाता है? उसका बंटवारा किस हिसाब से होता है? आम लोगों तक या धर्मांतरण में शामिल लोगों को पास तक फंड कैसे पहुंचता है? ये सारी बातें जांच में शामिल की गई हैं। एसीपी ने बताया कि जिन लोगों को 41 के नोटिस पर छोड़ा गया है, उनसे पूछताछ की जाएगी और बयान दर्ज किए जाएंगे।

**पुराने मामलों में लगी फाइनल रिपोर्ट की होगी जांच :** एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि जिन मामलों में चार्जशीट लगी है, इसके अलावा जिन मामलों में फाइनल रिपोर्ट लगी है उन मामलों की जांच की जाएगी कि आखिर उनमें फाइनल रिपोर्ट कैसे लगा दी गई। रावतपुर की थारू बस्ती में एक वर्ष पूर्व एक मामला सामने आया था जिसमें बच्चे की छठी की दावत के दौरान प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था। इसका वीडियो सामने आने के बाद मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच थारू बस्ती से आगे नहीं बढ़ पाई थी। प्रार्थना सभा कराने वाला वो शख्स कौन था पुलिस यह नहीं पता कर पाई थी। इसके अलावा चकेरी थाने के दो मामलों में एफआईआर दर्ज हुई थीं, इन मामलों में भी फाइनल रिपोर्ट लगाई गई थीं। घाटमपुर का एक, नवाबगंज के दो और कर्नलगंज के दो मामलों में चार्जशीट दाखिल की गई थी।


पुलिस ने दो बसों से 110 लोगों को पकड़ा था। (फाइल फोटो)

### थाने में हंगामे का वीडियो वायरल

- शनिवार रात पुलिस ने दो बसों से 110 लोगों को बचाया और थाने लेकर आ गई। इसके बाद रात के दो वीडियो रविवार और सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। जिनमें कई लोग थाने के ऑफिस में हंगामा करते दिखाई दे रहे हैं। धर्मांतरण की सूचना पर बजरंग दल के पदाधिकारी पहुंच गए। कुछ समय बाद ही उन्नाव के नवाबगंज स्थित चर्च में जमा हुए लोग नवाबगंज थाने पहुंच गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। वे पुलिस पर दबाव बनाने लगे। हंगामा करते हुए दोनों आरोपियों को थाने से छुड़ा ले गए। इस मामले में पुलिस का कहना है कि हमने धारा-41 का नोटिस जारी किया था। एफआईआर में धाराएं ऐसी हैं, जिसमें सात साल से कम की सजा थी। इसलिए थाने से छोड़ा गया था। इस मामले में पुलिस ने संजय बाल्मीकि की तहरीर पर कल्याणपुर निवासी साइमन विलियम और विष्णुपुरी कोहना निवासी दीपक मोरिस के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी।

### वादी संजय बाल्मीकि का पता नहीं चल सका

- इस मामले में बजरंग दल के पदाधिकारी कृष्णा तिवारी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने दो बार अर्मापुर के सर्वेंट क्वार्टर में वादी संजय बाल्मीकि की जानकारी की लेकिन उसका पता नहीं चला। उसने पुलिस को बताया कि संजय की पत्नी और उसके ससुराल वाले पहले से ही ईसाई धर्म अपना चुके हैं। परिवार वाले संजय पर भी दबाव बना रहे थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। उन्हें डर है कि कहीं परिवार वालों ने संजय को न गुम करा दिया हो।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र के धरीपुरवा निवासी 45 वर्षीय राजबाबू रविवार को भतीजे कल्लू के वैवाहिक समारोह में शामिल होने वह कठेरुआ गए थे। वहीं देर रात सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

### गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने गांजा की ब्रिकी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने वताया कि रविवार देर रात को सफीपुर निवासी आशीष उर्फ भूरी को गांजा बेचते पकड़ा गया है। आरोपी के पास से करीब एक किलो गांजा बरामद हुआ है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### खुलेआम गांजा बेचते वीडियो वायरल

**कानपुर।** चकेरी क्षेत्र में खुलेआम गांजा बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो करीब 15 सेकंड का है, जिसमें एक युवक काली शर्ट पहने हुए है। आरोपी के पास तीन युवक आते हैं और रुपये देते हैं, जिस पर वह उनको गांजे की पुड़िया देता है। वायरल वीडियो कालीबाड़ी क्षेत्र का बताया जा रहा है।

# जहां ट्रक पलटते थे, वहां सालों बाद डेढ़ करोड़ से बनेगी सड़क

## ट्रांसपोर्ट नगर में सेंट्रल बैंक वाली गली में सड़क और साइड पटरी का कार्य जल्द

**गुड न्यूज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** टीपी नगर की खस्ताहाल सेंट्रल बैंक वाली सड़क का निर्माण लगभग डेढ़ करोड़ रुपये से होगा। बरसात में टापू बनने वाली इस सड़क पर ट्रक पलट जाते हैं। जिससे व्यपारियों का नुकसान तो होता ही था, साथ ही लोग चुटहिल भी होते थे। इस सड़क के बन जाने से ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों को काफी राहत होगी। नगर निगम अधिकारियों की मानें तो वर्क आर्डर जारी होने के बाद जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरू होगा।

बाबूपुरवा स्थिति ट्रांसपोर्ट नगर में सेंट्रल बैंक वाली गली का शिलान्यास पिछले दिनों महापौर प्रमिला पांडेय ने किया था। यूपी युवा ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के



टीपी नगर की खस्ताहाल सेंट्रल बैंक वाली सड़क। अमृत विचार

संरक्षक श्याम शुक्ला ने बताया कि 150 फिट रोड को जोड़ने वाली सड़क पर वर्षों से सीवर लाइन ध्वस्त होने के कारण जलभराव होता था। बरसात में तो सड़क किसी टापू की तरह दिखती थी। नगर निगम से लेकर लखनऊ तक अधिकारियों की चौखट पर मांग करने के बाद नगर निगम के 15वें वित्त से नाली, साइड पटरी, हॉट मिक्स प्लांट से सड़क निर्माण कार्य के टेंडर हो सके हैं। उन्होंने बताया कि जोन-3 वार्ड 39 के अंतर्गत टीपी नगर सेंट्रल बैंक से 150 फिट सड़क तक हॉट मिक्स प्लांट से 39 लाख 28 हजार 421 रुपये से सड़क का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 71 लाख 62 हजार 303 रुपये से साइड पटरी का कार्य और नाले का निर्माण 36 लाख 61 हजार 283 रुपये से होगा। जिससे ट्रांसपोर्टरों को काफी फायदा मिलेगा।

- डेढ़ करोड़ रुपये जारी कर चुका निगम, ट्रांसपोर्टरों को हो जाएगी सहूलियत

### पांच सड़कें और खराब हैं

- श्याम शुक्ला ने बताया कि काफी मशक्कत और दौड़ भाग के बाद एक सड़क का निर्माण कार्य स्वीकृत करा पाया हूं। लेकिन, अभी 5 और सड़कें टीपी नगर की खराब हैं। जिनका बनना जरूरी है। यह टीपी नगर के ट्रांसपोर्टरों के हक में है। इससे यहां का व्यापार तो सुधरेगा इसके साथ ही आवागमन भी दुरुस्त होने के साथ सफाई भी रहने लगेगी।

### ट्रांसपोर्टरों की बात



यह सड़क टीपी नगर की मुख्य सड़कों में है। इसके निर्माण के बाद व्यापार में आसानी होगी। कई बार ट्रक हम लोगों के फंस जाते थे। निकलवाने के लिये क्रेन तक मंगवानी पड़ेती थी।

– किशोर साहू, ट्रांसपोर्टर



इस सड़क के निर्माण के बाद बहुत आराम हो जायेगा। हम लोग चाहते हैं कि जो अन्य सड़कें बची हैं उनका भी निर्माण कार्य जल्द नगर निगम करा दे। इससे यह टीपी नगर चमन हो जायेगा।

– मंगल सिंह, ट्रांसपोर्टर



यह सड़क पास होना मेरी पिछले छह महीने की मेहनत का रिजल्ट है। नगर निगम, नगर विकास मंत्री, प्रमुख सचिव के पास कई चक्कर लगाने के बाद सड़क स्वीकृत हुई है। बनने के बाद ट्रांसपोर्टरों को बहुत राहत होगी।

–श्याम शुक्ला, संरक्षक, यूपी युवा ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन



यह एशिया का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट नगर है। हजारों की संख्या में ट्रक और छोटे वाहन यहां प्रवेश करते हैं। सड़कों की वजह से कई बार ट्रांसपोर्ट तक माल नहीं आ पाता है। इससे व्यापारियों को छोटी गाड़ियां लगवानी पड़ती हैं।

– राकेश जैन, ट्रांसपोर्टर



सड़क का निर्माण न होने के कई नुकसान हैं। एक तो गंदगी रहती है। दूसरा पानी भर जाता था। ट्रक और अन्य गाड़ियों के पलटने का खतरा रहता था। जिससे ड्राइवर और क्नीलर चुटहिल होते थे।

– रामलाल, स्थानीय कर्मचारी

## बिनगवां आवासीय योजना पर लगातार कार्य करें अफसर

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण वीसी मदन सिंह गर्ब्याल ने सोमवार को प्रस्तावित बिनगवां आवासीय योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। प्राधिकरण के सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहुचे उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये गये कि बिनगवां योजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण भूमि पर एकीकृत रूप से प्लानिंग की जाये और इसको कानपुर नगर की आम जनता के लिये शीघ्र शुरू करने का प्रयास किया जाये। उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को बिनगवां योजना से सम्बन्धित कार्यों की लगातार मॉनीटरिं व इस पर अनवरत कार्य किये जाने के भी निर्देश दिये। उपाध्यक्ष के निरीक्षण के दौरान केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य, अधिशासी अभियन्ता धीरेन्द्र बाजपेई, विशेष कार्याधिकारी बृजेन्द्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# पति की मौत पर पत्नी व सास-ससुर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रताड़ना से परेशान होकर सुसाइड किया था युवक ने

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के मकड़ीखेड़ा निवासी युवक ने पत्नी और ससुरालीजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर सुसाइड नोट लिख जान दे दी थी। इस मामले में विधि विज्ञान प्रयोगशाला से सुसाइड नोट की जांच रिपोर्ट में मृतक की हैंड राइडिंग की पुष्टि हो गई है। जिसके बाद मृतक की पत्नी और सास-ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मकड़ीखेड़ा निवासी वीरेन्द्र कुमार उर्फ मंशाराम राठौर ने बताया कि उन्होंने अपने बड़े बेटे मोनू की शादी दस साल पहले उन्नाव जिले के बांगरमऊ रेतवा आलमपुर निवासी रजनी से की थी। आरोप है कि रजनी आए दिन झूठे आरोप लगाकर पति को प्रताड़ित करने लगी। इसके बाद उन्नाव में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया। जिससे परेशान होकर मोनू ने 28 जून को सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। पिता वीरेन्द्र कुमार ने बहू रजनी, सास किसाना, ससुर राजेन्द्र राठौर और साले संदीप, शुभम समेत छह पर आत्महत्या के लिए उकसाने में मुकदमा दर्ज कराया था। झांसी स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला में मोनू के सुसाइड नोट की जांच कराई गई तो हैंडराइटिंग उसी की निकली। कल्याणपुर थाना प्रभारी केपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को मोनू की पत्नी रजनी, सास किसाना और ससुर राजेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

## काजल को प्रदेश टीम में मिला स्थान

**कानपुर।** 52वीं सबजूनियर उत्तर प्रदेश शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में शहर की बालिका टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया है। बालिका वर्ग में कैप्टन काजल राजपूत, श्रद्धा देवी, अदीबा नंदनी, एंजेल, मन्नत और रानी साहू शामिल रहीं। टीम कोच सौरभ नंदन और प्रतिक्षा सोनकर के प्रशिक्षण में टीम ने तीसरा स्थान अपने नाम किया है। इस प्रतियोगिता के आधार पर उत्तर प्रदेश टीम का चयन किया गया है। जिसमें शहर की काजल राजपूत को प्रदेश टीम में स्थान मिला है। वहीं, 42वीं शूटिंग बॉल खेल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता गाजियाबाद के एचआरआईटी कॉलेज में 31 मार्च को पूर्ण हुई। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 36 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें उत्तर प्रदेश टीम को दूसरा स्थान मिला। यह जानकारी जिला शूटिंग बॉल संघ के सचिव शैलेश कुमार ने दी।

# शादी का झांसा देकर महिला को बेचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति मानसिक रोगी, थाने पहुंचकर की शिकायत
- दूसरी शादी की थी, ससुराल में बंधक बनाया गया

**अमृत विचार।** पश्चिमी जोन से मानव तस्करी का मामला सामने आया है। जहां शादी का झांसा देकर एक विक्षिप्त के हाथों बेचने का आरोप लगा है। अपनी दस वर्षीय बेटी के साथ रावतपुर थाने पहुंचकर मसवानपुर की महिला ने पुलिसकर्मियों को घटना बयां की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मसवानपुर की गुलशन खान (30) ने पुलिस को दिए लिखित प्रार्थना पत्र में बताया कि मसवानपुर निवासी इरफान अहमद के साथ 12 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। 10 वर्षीय बेटी आलिया है। शादी के कुछ वर्ष बाद पति की मौत हो गई। मेहनत मजदूरी कर बेटी का भरण पोषण कर रही है। मसवानपुर निवासी एक महिला उसके पति और एक युवक ने सहमति से ककवन निवासी आनंद पाठक से चार मार्च को मंदिर में शादी करा दी।

शादी के बाद पता चला कि पति आनंद विक्षिप्त है। आनंद के पिता विजय बहादुर पाठक और देवर मनीष पाठक ने कहा कि उसने उसे 75 हजार रुपये में सोनम से खरीदा है। पैसा वापस करने के बाद ही वह यहां से जा सकती है। 20 से 25 दिन तक बंधक रहने के बाद 29 मार्च को देर रात शौच के बहाने अपनी बेटी को लेकर रावतपुर आ गई। रावतपुर थाना प्रभारी अशोक सरोज ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## सामान लेने गई युवती से छेड़छाड़, रिपोर्ट

**कानपुर।** जाजमऊ में घर से दुकान सामान लेने गई युवती ने आरोपी ने बीच रास्ते में रोककर छेड़खानी की। घटना के बाद पीडिता की मां ने आरोपी के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया है। जाजमऊ निवासी पीड़िता की मां के अनुसार उनकी 18 वर्षीय बेटी रविवार की शाम को घर से सरैयां बाजार सामान लेने गई थी। तभी रास्ते में आरोपी शमीम अंसारी ने बेटी को रोका और छेड़खानी करने लगा। जिस पर बेटी ने विरोध किया तो आरोपी धमकाने लगा।

बेटी ने घर आकर पूरी बात उनको बताई। जिस पर उन्होंने मामले की शिकायत जाजमऊ थाने में की। इस संबध में थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सार-संक्षेप



बाली जी एजुकेशन सेंटर में हुआ कार्यक्रम। अमृत विचार

### सुंदरकांड के बाद स्कूल में स्वास्थ्य चेकअप

**कानपुर।** श्रीबालाजी एजुकेशन सेंटर, शास्त्रीनगर में सोमवार को सुंदरकांड पाठ हुआ। आरती व प्रसाद वितरण के बाद द लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह, महामंत्री अभिषेक तिवारी, बार एसोसिएशन के महामंत्री आदित्य कुमार सिंह, वार्ड 69 सरोजिनीनगर के पार्षद अरविंद यादव व विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट वरुण सिंह ने दीप जलाकर बच्चों को स्कूली बैग वितरित किए। इसके बाद मेडिकल कैंप में चिकित्सकों की टीम ने बच्चों व क्षेत्रीय लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य कैंप में काफी भीड़ रही। चिकित्सकों की टीम में शंकर आई हॉस्पिटल, मंधना के डॉ. एके श्रीवास्तव, आर्थो के डॉ. नितेश सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ. अजेंद्र कुमार ने लोगों को परीक्षण कर सलाह दी। प्रधानाचार्य शालिनी सिंह व विद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### बिजली का तार टूटने से फसल जली

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के भैरमपुर गांव के पास स्थित एक खेत में बिजली का तार गिरने से गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। पनकी और फजलगंज से पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान आग बुझाने में ग्रामीणों में हड़कंप मचा रहा। भैरमपुर निवासी उमाशंकर शर्मा के गांव के पास ही दो बीघे खेत हैं। जिसमें गेहूं की फसल लगी हुई है। ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे हैं। सोमवार को बिजली के तार गिरने से फसल जल गई। वहीं नौबस्ता में पार्वती स्कूल के पास पड़े एक खाली प्लॉट में कूड़े के ढेर में आग लग गई। जबकि गुजैनी स्थित बसंत पेट्रोल पंप के पास ग्रीन बेल्ट में पड़े कूड़े के ढेर में आग लग गई। लपटें उठती देख लोगों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि सभी जगह दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई है।

### 37 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

**कानपुर।** शहरवासियों को सोमवार को गर्मी के बीच चल रही तेज हवाओं से परेशान होना पड़ा। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह सामान्य से 3 .5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 20 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि सोमवार को हवाओं की गति 7 .8 प्रति किलोमीटर दर्ज की गई। इस वजह से गर्मी बढ़ी। रविवार तक और अधिक गर्मी बढ़ने का अनुमान है।

# पीली ईंट लगाई, ठेकेदार पर जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर में सड़क सुधार कार्य में पकड़ी अनियमितता

**अमृत विचार।** रावतपुर के वार्ड 60 में सोमवार को इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य में घटिया पीली ईंट के प्रयोग को मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने पकड़ा। अचानक निरीक्षण पर पहुंचे मुख्य अभियंता ने नाराजगी जताते हुये सहायक अभिंयता से ठेकेदार फर्म को काली सूची में डालने के लिये पहला नोटिस देने के साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिये।

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि जोन-6 के अंतर्गत लेडी मरियम स्कूल से भूरा सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य होना है। सोमवार को निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ठेकेदार मौके पर खुदाई कार्य करा रहा है। इस दौरान नाली निर्माण के लिये ईंटों का चट्टा स्थल पर लगा था। ईंटों की जांच में पता चला कि सभी ईंट घटिया और मानक के विपरीत प्रयोग की जा रही थी। इस दौरान टेंडर की जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि ठेकेदार ने 35 फीसदी बिलो टेंडर डाला था। इसी के चलते घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था। मनीष अवस्थी ने बताया कि घटिया सामग्री को हटवाकर ठेकेदार के विरुद्ध काली सूची में दर्ज करने के लिये पहली नोटिस जारी की जा रही है। इसके साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाने के निर्देश दिये हैं।



मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने मौके पर पीली ईंट पकड़ीं।

## डीएम ने झंडी दिखाकर शुरू किया संचारी अभियान

**कानपुर।** रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय में जिलाधिकारी राकेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता ई-कवच पर रिपोर्टिंग के साथ ही मरीजों की स्क्रीनिंग कर उनका आभा आईडी बनाएंगी। 15 बड़ी व 25 छोटी फागिंग मशीनें मच्छरों का खत्मा करने का काम करेगी। अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल, सीएमओ डॉ.आलोक रंजन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आईडीएन चतुर्वेदी, कांशराम संयुक्त अस्पताल के सीएमस डॉ.स्वदेश गुप्ता, सभी एसीएमओ, जिला मलेरिया अधिकारी मौजूद रहे।

# सीढ़ी लगा घुसा चोर लाखों का माल पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी थानाक्षेत्र का मामला पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में बाजार में स्थित दुकान में सीढ़ी लगाकर आए चोर ने नकदी समेत दो लाख रुपये कीमत के कपड़े पार कर दिए। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस मामले की जांच जुट गई है।



सचेंडी में श्री बिहारी जी इंटरप्राइजेज के नाम से प्राशू गुप्ता की फर्म हैं फर्म के जरिए वे रेडीमेड कपड़ों का कारोबार करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 29 मार्च की देर रात 1.40 बजे सीढ़ी के सहारे दुकान में दाखिल हुए चोर ने 23 हजार नकदी समेत दो लाख रुपये कीमत के कपड़े पार कर दिए। चोरी की घटना दुकान के भीतर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। अगले दिन सुबह दुकान खोलने पहुंचे प्राशू को घटना की जानकारी हुई। उन्होंने चोरी की एफआईआर सचेंडी थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी में कैद फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है।

# स्पार्क एकादश ने 100 रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केसीए से मान्यता प्राप्त चौथे राजरतन महिला क्रिकेट लीग में सोमवार को मुकाबला स्पार्क एकादश व मेहरोत्रा डेंटल्स एकादश के बीच खेला गया। इसमें स्पार्क एकादश ने 100 रन से जीत दर्ज की। कमला क्लब में खेले गए मैच का शुभारंभ मुख्य प्रबंधक पीएनबी दिलीप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। स्पार्क एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। जिसमें शिवी सिंह ने 66 व एंजलीना शर्मा ने 40 रन की पारी खेली, वहीं एकता सिंह, सिम्मी थापा व सोती ठाकुर ने 2-2 को आउट किया। जवाब में मेहरोत्रा डेंटल्स एकादश की टीम 71 पर आउट हो गई। गरिमा यादव ने तीन, विदुषी मिश्रा ने दो को आउट किया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर रीता डे, केसीए सचिव कौशल कुमार सिंह, केसीए अध्यक्ष एसएन सिंह, सौरभ गुप्ता, डॉ, मोईन सिद्दीकी, रामकिशोर, दिनेश कटियार आदि रहे।

### अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता 6 अप्रैल से

- **कानपुर।** डॉ. वीरेंद्र स्वरूप क्रिकेट एकेडमी की ओर से अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता छह अप्रैल से फूलबाग स्थित डीएवी मैदान पर खेली जाएगी। इसके लिए तीन दिवसीय कैंप डीएवी मैदान पर लगाया गया है। जिसमें 85 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन सचिव अहसान इमरान ने बताया कि कुल पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों का नाम पुराने खिलाड़ियों के नाम पर होगा। टीमें रमा मिश्रा इलेवन, दिनेश मिश्रा इलेवन, लक्ष्मी हजारिया इलेवन, गौर माजिद इलेवन और सरताज इलवेन हैं। सभी मुकाबले लीग बेस के आधार पर खेल जाएंगे।

**विश्व ऑटिज्म दिवस आज** | पहले साल में आते थे एक या दो केस, अब हर माह चार केस आ रहे

# बच्चा बोलने, समझने में अटके तो बीमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कई बच्चों को बोलने व चीजों को ठीक तरीके से समझने में दिक्कत होती है। ऐसे बच्चों में विकासात्मक समस्याओं का खतरा हो सकता है, जो बच्चों के शारीरिक विकास को प्रभावित करने के साथ ही मस्तिष्क पर भी नकारात्मक असर डालती है, जिसे मेडिकल भाषा में ऑटिज्म या ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर कहा जाता है। ये मस्तिष्क के विकास से संबंधित समस्याओं का समूह है। मोबाइल व टीवी की वजह से यह समस्या बच्चों में बढ़ी है।

प्रतिवर्ष दो अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस मनाया जाता है, इस बार की थीम इस डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों की आवाज को मजबूती देना है, जिससे समाज में ऐसे लोगों के प्रति स्वीकार्यता बढ़े और वह भी अच्छी




जिंदगी और बेहतर करियर की दिशा में आगे बढ़ सकें। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. धनजंय चौधरी के मुताबिक माता-पिता से विरासत में मिले जीन में किसी प्रकार के दोष के कारण बच्चों में विकासात्मक समस्या होने का खतरा होता है। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करने वाली स्थिति है, जो व्यक्ति के दूसरों के साथ मेलजोल और सोचने के तरीके को प्रभावित करती है। इसके कारण प्रभावित बच्चे के सामाजिक संपर्क में समस्या होती है। ऑटिज्म के लक्षण मुख्यरूप से बचपन में ही दिखने लग जाते हैं। इससे पीड़ित बच्चे को बाते समझने में कठिनाई होती है, मन ही मन बड़बड़ाते हैं, शब्दों को समझ नहीं पाते हैं, आंखें मिलाकर बात नहीं कर पाते हैं, उठने-बैठने और खाने-पीने का बर्ताव भी औरों से अलग थोड़ा होता है। उर्सला के मनोरोग चिकित्सक डॉ. डॉ.चिरंजीव प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार के आ रहे हैं, इनकी संख्या लॉकडाउन के बाद बढ़ी है। लॉकडाउन से पहले बच्चों में वर्चुअल ऑटिज्म के साल में एक या दो केस ही आते थे। लेकिन अब महीने में तीन से चार मामले आ रहे हैं। क्योंकि बच्चों के दिमाग का विकास दो से पांच साल की उम्र में होता है। इसी समय बच्चा नई-नई चीज सीखता है, दूसरों की बात समझता है और अपनी बात कहता है। बच्चों को मोबाइल देने पर मानसिक और शारीरिक विकास ठीक तरह से नहीं हो पाता है। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए।

### बचाव के लिए यह जरूरी

- बच्चों को दो घंटे से ज्यादा मोबाइल न दें।
- दस साल तक के बच्चे आठ घंटे तक सोएं।
- अभिभावक बच्चों के साथ ज्यादा वक्त बिताएं।

### इन लक्षणों से करें बीमार की पहचान

- बच्चा जब बोलने में देरी करे।
- हमेशा फोन की मांग करना।
- परिजनों व किसी से भी नजर न मिलाना।
- नाम पुकारने पर अनसुना करना ।
- सोचने व समझने की क्षमता कम होना।
- उठने-बैठने और खाने-पीने का बर्ताव अलग होना।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# 'इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारी... और झूठों की फौज'

आरोप-प्रत्यारोप

- भाजपा के यूपी लोकसभा चुनाव सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने विरोधियों पर कसा तंज
- दो दिवसीय दौरे के पहले दिन अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भ्रष्टाचार में लिप्त सभी पार्टियों के नेता दिल्ली के रामलीला मैदान में भाईचारा बढ़ाते देखे गये हैं। भाजपा कहती है, भ्रष्टाचार हटाओ लेकिन इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार को बचाओ। इंडी गठबंधन में भ्रष्टाचारी और झूठों की फौज जुटी है। इनके नेता या तो जेल में हैं या तो बेल पर हैं। यह बात सोमवार को शहर पहुंचे भाजपा उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने विपक्षियों को घेरते हुए कही।



संबोधित करते सह प्रभारी संजीव चौरसिया। अमृत विचार

नवीन मार्केट भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से संजीव चौरसिया ने कहा कि विपक्षी नेता इस बात को साबित करने में लगे हुए हैं कि देश में घोटालेबाजों की बारात है, जहां सब देश को लूटना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल से लेकर मनीष सिसोदिया व हेमंत सोरेन से लेकर संजय सिंह तक सब जेल में हैं।

कोर्ट से भी उनको बेल नहीं मिल पा रही है। लालू प्रसाद भी न्याय प्रक्रिया में हैं, सोनिया गांधी 5000 करोड़ रुपये के घोटाले में बेल पर हैं। कांग्रेस का मतलब ही घोटाला है। उनके साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, राम किशोर साहू, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, अनूप अवस्थी अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, रोहित साहू, उपेंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

### चुनावी परीक्षा में सफलता के मंत्र बताए

- **कानपुर।** आवास विकास एक कल्याणपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में भाजपा अकबरपुर लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में प्रदेश चुनाव सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने कार्यकर्ताओं की किसी शिक्षक की तरह क्लास ली। उन्होंने कहा कि भाजपा ही देश में एकमात्र ऐसी पार्टी है है जो कहती है वह करती है। भाजपा बूथ मजबूत करने की बात इस वजह से करती है कि जिस पेड़ की जड़ें मजबूत होती है वह वृक्ष कभी नहीं सूखता। इसी के चलते हमने दो सीटों से पिछली बार 300 पार किया था अबकी बार 400 पर करने वाले हैं। उन्होंने छह अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को भीमराव आंबेडकर जयंती दिवस समरसता दिवस के रूप में प्रत्येक बूथ पर मनाने की बात कही। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष, संयोजक दिनेश राय, प्रभारी राजेश तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील, स्वप्निल वरुण, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, मनोज शुक्ला, शिवराम सिंह, दिनेश कुशवाहा, अशोक राजपूत, निर्मल तिवारी, अशोक सिंह, विकास मिश्रा रहे।

# साइबर योद्धाओं ने तेज की व्यूह रचना

विशेष संवाददाता, अमृत विचार।

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इंटरनेट का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर फोकस किया है। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स के साथ मीटिंग शुरू हो गयी है। कानपुर, बांदा-चित्रकूटधाम व झांसी मंडल और फतेहपुर समेत सभी दस लोकसभा क्षेत्रों में साइबर योद्धा पार्टी की सोशल मीडिया और आईटी टीम से कोआर्डिनेशन रखते हुए क्षेत्रवार सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स मीट आयोजित करेंगे जिसे वरिष्ठ मंत्री स्तर का नेता संबोधित करेगा। एक लोकसभा क्षेत्र में न्यूनतम पांच सौ लोग होंगे।

शहरी क्षेत्रों में यह संख्या तीन हजार तक पहुंच गयी है। कानपुर



- सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ब्लागर्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंचने की कवायद

लोकसभा क्षेत्र में आठ अप्रैल को सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स मीट होगी। हर लोकसभा क्षेत्र एक हजार सोशल मीडिया कार्यकर्ता होंगे। पार्टी ने इसके लिए प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल और बूथस्तर तक नेटवर्क बनाया है। प्रचार के लिए मुद्दों पर बेहतर कंटेंट राष्ट्रीय टीम तैयार कर रही है। क्षेत्रीय, जिला और लोकसभा क्षेत्र स्तर पर भी कंटेंट बनाया जा रहा है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर एक लाख व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं जिसके जरिये ढाई लाख से ज्यादा लोग जुड़ेंगे। पार्टी का मानना है कि सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स और ब्लागर्स के भारी संख्या में फालोअर्स होते हैं जिनका कंटेंट वे पढ़ते हैं। इसका लाभ चुनाव में भाजपा को मिलेगा।

यूपी में भाजपा में आईटी सेल का गठन 2002 में किया गया था। अब आईटी और सोशल मीडिया विभाग को संगठन के ढांचे की तरह गठित किया गया है। इसमें प्रदेश व क्षेत्र स्तर कम से कम 12 लोग होते हैं। जिला व लोकसभा क्षेत्र स्तर में भी 12 लोग रहते हैं। मंडल व बूथ स्तर पर सात सदस्य होते हैं।

## पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी और डीसीपी ने किया बैरियरों का निरीक्षण

# स्टेटिक बैरियरों पर शुरू की तीन शिफ्टों में जांच

**36** चेकिंग बैरियर बनाए गए हैं शहर के चारों जोन में कुल मिलाकर

**05** कंपनी अर्द्ध सैनिक बल मिला है शहर में शांति और सुरक्षा के लिए



मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र में कैमरे लगाने के लिए निरीक्षण करते डीसीपी सेंट्रल।



बार्डर पर बैरियर लगाकर चेकिंग के आदेश देते एडिशनल सीपी हरीश चन्दर।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में शहर में एरिया डोमिनेशन स्कीम भी लागू की गई
- अर्द्धसैनिक बलों के साथ संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व शांति का भरोसा दिलाया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। दक्षिण जोन में 13, पूर्वी जोन में पांच के अलावा सेंट्रल और पूर्वी जोन में 18 मिलाकर कुल 36 स्टेटिक बैरियर बनाए गए हैं। इन सभी बैरियर पर 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में चेकिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडिशनल सीपी हरीश चंदर, डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, डीसीपी दक्षिण रविंद्र कुमार, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह और डीसीपी सेंट्रल एसके गौतम ने सोमवार को बैरियरों का निरीक्षण किया। एडिशनल सीपी ने बताया कि सोमवार से लगातार इन बैरियर पर चेकिंग शुरू कर दी गई है। कोई आरोप न लगे इसके लिए सीसीटीवी भी लगाए गए हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर सोमवार को चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में एरिया डोमिनेशन स्कीम लागू की गई। शहर को पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिला है। इस फोर्स को लेकर संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में चेकिंग की गई। इस दौरान अधिकारियों ने संभ्रांत लोगों से बातचीत की और लोगों को सुरक्षा तथा शांति का भरोसा दिलाया।

एडिशनल सीपी ने बताया कि शहर के बार्डर पर भी चेकिंग स्कीम लागू कर दी गई है। ऐसे लोगों को देखा जा रहा है जो चुनाव में गड़बड़ी कर सकते हैं। पुलिस बल ने शहर में सभी स्थानों पर निरीक्षण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया है। आम लोगों से भी राय मांगी जा रही है। जिन स्थानों पर अभी सीसीटीवी नहीं लग पाए हैं, वहां पर लोगों से ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरे लगवाने की अपील की गई है।

# सपा की 16 समितियां बनाएंगी चुनावी माहौल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में सोमवार शाम लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए 342 मतदान केंद्र प्रभारियों और प्रमुख चुनावी रणनीतिकारों की बैठक हुई। इसमें 16 समितियों का गठन करते हुए तय किया गया कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा द्वारा दिखाए गए झूठे सपनों का पर्दाफाश करेंगे।

जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि चुनाव के लिए प्रेस, विज्ञापन, बूथ इंचार्ज, वार्ड प्रभारी, जनसंपर्क व जनसभा, चीफ गेस्ट आगमन, प्रेस कॉन्फ्रेंस, मतदान केंद्र प्रभारी, चुनाव संचालन, प्रचार व प्रसार, विधानसभा चुनाव कार्यालय, वाहन जुलूस, मोबाइल व्हाट्सएप और प्रबुद्ध जनसंपर्क समितियों का गठन किया गया है, इन सभी समितियों में कांग्रेस भी शामिल रहेगी।

कार्यकर्ताओं को बताया गया कि चुनावी जनसभा, कॉर्नर सभा, आम सभा, जनसंपर्क, वीआईपी सभा और वाहन जुलूसों की अनुमति 48 घंटे पहले सुविधा एप पर ऑनलाइन ली जाएगी, जिसकी अनुमति एसीएम तृतीय



- सपा कार्यालय में मतदान केंद्र प्रभारियों व रणनीतिकारों की बैठक, समितियों में कांग्रेसी भी

द्वारा दी जाएगी। मोटरसाइकिल, कार व ई-रिक्शा आदि पर एक बाई आधा फुट का झंडा लगेगा। प्रशासन की अनुमति लेकर वाहनों पर स्टीकर लगाए जाएंगे। वाहन जुलूस तो निकलेंगे लेकिन रोड शो की तरह सड़क पर आधा हिस्सा छोड़कर चलना होगा। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, परमवीर सिंह गंभीर, फैसल महमूद, सुलेखा यादव, प्रदीप तिवारी, संजय निषाद, मुमताज मंसूरी, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, जसवेंद्र प्रताप निषाद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



घर-घर जाकर आलोक मिश्रा ने विकास का मॉडल समझाया। अमृत विचार

### कानपुर का विकास हुआ अवरुद्धः आलोक

**कानपुर।** कानपुर से कांग्रेस उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने दबौली, बाबूपुरवा, गोविंद नगर, शक्कर मिल खलवा, वरुण विहार आदि जगहों पर जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि कानपुर विकास अवरुद्ध हो गया है। जाम की समस्या के समाधान को कुछ नहीं किया गया। पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया।



जनसंपर्क के दौरान सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ।

### सपा जीती तो रोजगार के नए प्रोजेक्ट लाऊंगा

**कानपुर।** सपा प्रत्याशी राजाराम पाल ने सोमवार को अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों कुछ लोगों ने भाजपा कार्यकाल में योजनाओं का लाभ न मिल पाने की जानकारी दी, जिस पर राजाराम पाल ने कहा कि सपा की जीत होने पर क्षेत्र में कई बदलाव होंगे। सभी लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। नए प्रोजेक्ट अकबरपुर क्षेत्र में लाने का प्रयास होगा, ताकि बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके। भाजपा रोजगार देने का वादा पूरा नहीं कर सकी है।




बिधनू बाजार में आयोजित मिलन समारोह में भोले का हुआ स्वागत। अमृत विचार

### भोले ने बिधनू बाजार में खेली होली

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में स्थित बिधनू बाजार में सोमवार को होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रत्याशी सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने समर्थकों के साथ होली खेली। इससे पहले भोले सीएसए, नवाबगंज में सुबह टहलने आए लोगों से कानून व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि एक समय था जब लोग सुबह टहलने में डरते थे। आज पुरुष, महिलाएं, बहन, बेटियां बिना भय के सुबह-शाम पार्कों में टहल सकते हैं, बाजार जा सकते हैं। जनसंपर्क में उमेश निगम, शीलू पांडे, पार्षद लक्ष्मी कोरी, वीरेंद्र निषाद, राज किशोर यादव, पप्पू पांडे, अरुण गर्ग साथ रहे।

# कानपुर निवासी इमरान बने कन्नौज से बसपा प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पार्टी ने बदला प्रत्याशी, पहले रसूलाबाद के पूर्व चेयरमैन का नाम घोषित किया था

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी ने कन्नौज सीट पर प्रत्याशी बदल दिया है। अब यहां से इमरान बिन जफर चुनाव लड़ेंगे। बसपा ने पहले रसूलाबाद के पूर्व चेयरमैन अकील अहमद पट्टा को प्रत्याशी घोषित किया था। इमरान बिन जफर बड़े कारोबारी हैं और कन्नौज के मोहल्ला शेखाना के मूल निवासी है। उनका निर्यात का काम है। वर्तमान में लह कानपुर में जाजमऊ स्थित डिफेंस कॉलोनी में रहते हैं।



इमरान बिन जफर।

गौरतलब है कि इमरान पहले आम आदमी पार्टी से जुड़े थे और 2014 के लोकसभा चुनाव में आप ने उन्हें कन्नौज सीट से प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद उन्होंने बसपा ज्वाइन कर ली और पार्टी ने उन्हें कन्नौज सीट से प्रत्याशी भी घोषित कर दिया। इमरान ने बताया कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ेंगे।

# मतदेय स्थल पर पार्टी का गमछा, चिह्न वर्जित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मतदान के दिन कोई भी व्यक्ति किसी राजनीतिक दल का नाम, प्रतीक चिह्न लगी टोपी, गमछा, पटका या टीशर्ट पहनकर मतदेय स्थल में प्रवेश नहीं करेगा। प्रचार वाहनों पर फ्लैश, स्पॉट लाइट व हूटर और फोकस नहीं लगाया जाएगा। यह दिशा निर्देश सोमवार को सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में दिए।

निर्वाचन व्यय और सी विजिल एप के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने



जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की चुनाव को लेकर बैठक। अमृत विचार

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक में दिए दिशा-निर्देश
- बाइक, ई-रिक्शा, चार पहिया वाहन में झंडे के साथ दो स्टीकर ही होंगे मान्य
- जुलूस में छह गुणा चार व अस्थायी कार्यालयों में आठ गुणा चार फीट के बैनर ही लगेंगे

बताया कि यदि किसी राजनीतिक दल का चुनाव पूर्व गठबंधन है तो वाहन पर निर्धारित साइज के दो झंडे लगाए जा सकते हैं। आदर्श आचार संहिता को देखते हुए बाइक, ई-रिक्शा, चार पहिया वाहन में निर्धारित झंडा व अधिकतम दो स्टीकर लगाना मान्य है। जुलूस में बैनर का साइज छह बाई चार फीट का होगा और अस्थायी कार्यालयों पर बैनर का साइज आठ बाई चार फीट होगा।

लाउडस्पीकर का प्रयोग चुनाव कार्यक्रम के दौरान सुबह छह से रात 10 बजे तक ही किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से अनुमति प्राप्त वीडियो वैन सुबह आठ से रात आठ बजे तक चल सकेगी। यह वैन एक स्थान पर अधिकतम 30 मिनट से अधिक नहीं रुकेगी। वीडियो वैन हॉस्पिटल या भीड़ वाले स्थानों पर खड़ी नहीं होगी। रैली, जुलूस या अन्य राजनीतिक कार्यक्रमों में वाहन आदि की अनुमति के लिए 48 घंटे पहले सुविधा एप के माध्यम से आवेदन किया जाए।

फॉर्म 12 डी की सुविधा | रिटर्निंग ऑफिसर को करना होगा आवेदन, मतदान व सुरक्षा कर्मी घर पहुंचेंगे मत लेने

# 80 उम्र पार या दिव्यांग मतदाता घर बैठे दे सकते वोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बूथ तक पहुंचने में असमर्थ मतदाताओं को इस बार पोस्टल बैलट से मतदान करने की सुविधा दी गई है। इस सुविधा का लाभ 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके मतदाताओं के साथ दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगा, ताकि वह लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इससे भी वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। इसके लिए पोस्टल बैलट की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

शहर में पोस्टल बैलट की पात्रता में आने वाले मतदाताओं की संख्या हजारों में है। 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 53,134 है। दिव्यांग मतदाता 26,478 हैं। इस तरह पोस्टल बैलट से मतदान करने के लिए शहर में कुल पात्र मतदाताओं की संख्या 79,612 है। लेकिन इन मतदाताओं में पोस्टल बैलट से मतदान उनका ही कराया जाएगा जो कहते हैं कि वह बूथ तक पहुंचने में सक्षम नहीं हैं। पोस्टल बैलट की सुविधा पाने के लिए मतदाताओं को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) को फॉर्म 12 डी के माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदन में प्रमुख रूप से व्यक्तिगत विवरण, मतदाता पहचान पत्र की जानकारी और पोस्टल बैलट मांगने का कारण दर्ज करना होगा। आरओ स्तर पर पात्रता की पुष्टि के बाद पोस्टल बैलट से मतदान की अनुमित जारी होगी। इसके बाद मतदान तिथि से पहले मतदाता के पास दो मतदान अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, बैलट बाक्स साथ में एक वीडियोग्राफर लेकर मतदान प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए मतदाता के आवास पर जाएगी। मतदाता के पास पहुंचने की तारीख, दिन व समय की जानकारी मतदाता को पहले से दे दी जाएगी। इसके लिए एसएमएस, व्हाटसएप नंबर का प्रयोग किया जाएगा।

### डाक मतपत्र से भी होता मतदान

- डाक मतपत्र, जिसे मेल-इन मतपत्र भी कहा जाता है। पंजीकृत मतदाताओं को मतदान केंद्र पर जाने के बजाय डाक मेल माध्यम से अपना वोट डालने की अनुमति देता है। यह प्रक्रिया विभिन्न परिस्थितियों के कारण व्यक्तिगत रूप से मतदान करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए एक विकल्प है, जैसे अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र से दूर होना, विकलांगता का सामना करना या चुनाव के दिन आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के कारण मतदान केंद्र पर न जा पाना है। इसे सेवा मतदाता, अनुपस्थित मतदाता, चुनाव ड्यूटी पर मतदाता, निवारक हिरासत में मतदाता श्रेणियों में बांटा गया है।



| | |
|---|---|
| पोस्टल बैलट मतदाता | 79,612 |
| दिव्यांग मतदाता | 26478 |
| 80 प्लस मतदाता | 53134 |

### पहले होती है पोस्टल बैलट की गिनती

- चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार मतगणना में पोस्टल बैलट या डाक मतपत्रों की गिनती पहले की जाती है। इसके बाद ईवीएम में दर्ज वोटों की गिनती की जाती है।

# पवन गुप्ता ने छोड़ी नहीं टिकट की आस

विशेष संवाददाता, कानपुर

- यूपी प्रभारी व कांग्रेस महासचिव और अध्यक्ष से रखी अपनी बात
- भाजपा के ब्राह्मण के मुकाबले कांग्रेस से वैश्य प्रत्याशी की मांग

**अमृत विचार।** सपा-कांग्रेस गठबंधन की ओर कांग्रेस के सिम्बल पर भले ही आलोक मिश्रा को अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस के भीतर ही प्रत्याशी के विरोध में लोगों को लामबंद किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पवन गुप्ता ने टिकट की दावेदारी में अभी हार नहीं मानी है। सोमवार को लखनऊ जाकर उन्होंने कांग्रेस के यूपी प्रभारी और महासचिव अविनाश पांडे तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष एक बार फिर अपना दावा पेश किया।

पवन गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें आश्वस्त किया था कि कानपुर में यदि भाजपा ब्राह्मण प्रत्याशी उतारती है तो कांग्रेस वैश्य प्रत्याशी पर विचार कर सकती है। यह बात उनसे अजय राय और अविनाश पांडे ने कही थी। अब भाजपा से रमेश अवस्थी प्रत्याशी हैं तो कांग्रेस को अपनी रणनीति बदलनी चाहिए। पवन के मुताबिक कानपुर में करीब सवा तीन लाख वैश्य वोट हैं। 2012 में मेयर चुनाव में उन्हें 1.15 लाख वैश्य मत मिला था। वह दावा करते हैं कि वैश्य वोट भाजपा को जाने की बात मिथक है, यदि समाज का प्रत्याशी मानक पर सही हो तो यह वोट कांग्रेस या दूसरी पार्टी को भी मिल सकता है। पवन का कहना है कि नामांकन वापसी तक वह टिकट की दावेदारी करते रहेंगे। जल्दी ही समर्थकों और वैश्य समाज के अगुआकारों के साथ दिल्ली जाकर कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के समक्ष भी अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगे।

**प्रत्याशी के खिलाफ प्रचार होगी अनुशासनहीनताः** पवन गुप्ता की मुहिम पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा है कि वह टिकट की दावेदारी बेशक करें पर अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ प्रचार जैसी गतिविधि में लिप्त पाए जाते हैं तो इसे अनुशासन हीनता के दायरे में माना जाएगा। इसके जवाब में पवन का कहना है कि आलोक यदि प्रत्याशी बने रहते हैं तो वह उन्हें ही चुनाव लड़ाएंगे।

# 7600 किसानों को मिला फसलों का मुआवजा

## राहत मिली

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

## चेहरे खिले

- ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से बर्बाद हुईं थीं फसलें
- बीती 20 फरवरी को फसलों को हुआ था भारी नुकसान

**अमृत विचार:** फरवरी महीने में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से बर्बाद हुईं फसलों का आखिर मुआवजा मिल गया। ककवन और बिल्हौर विकास खंड क्षेत्र के 42 राजस्व गांवों में फसलों की भारी तबाही हुई थी। फसलों के सर्वे के बाद तहसील प्रशासन की ओर से भेजी गई आकलन रिपोर्ट के आधार पर दोनों विकास खंड क्षेत्र के करीब 7600 किसानों को मुआवजा मिला है।

बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों के भारी नुकसान को लेकर 'अमृत विचार' ने लगातार खबरें प्रकाशित की थी, जिसका संज्ञान लेते हुए तहसील प्रशासन की ओर से प्रभावित गांवों में फसलों का सर्वे कराया गया था। सर्वे के आधार पर तहसील प्रशासन की ओर से शासन को भेजी गई आकलन रिपोर्ट पर किसानों को मुआवजा राशि सीधे खातों में भेजी गई है।

तहसीलदार तिमिराज सिंह ने बताया कि किसानों के खातों में सीधे मुआवजा राशि पहुंचने लगी है। दो दिन बाद लगभग सभी गांवों के किसानों को मुआवजा राशि मिल जाएगी। शासन की ओर से स्वीकृत किए गए 2 करोड़ 82 लाख रुपये से 42 गांवों के 7600 किसानों को मुआवजा दिया गया है। ई खसरा पड़ताल के अभियान के साथ तहसील प्रशासन की सक्रियता के चलते किसानों के दस्तावेज फीड कराकर डेढ़ महीने में ही खातों में मुआवजा राशि पहुंचा दी गई है। इससे किसानों को राहत मिली है।

हालांकि जिन किसानों के खातों पर अभी मुआवाज की राशि नहीं पहुंची है, वह अभी निराश हैं और उन्हें रकम पहुंचने का इंतजार है। जल्द ही खाते में राशि पहुंचेगी।

### ककवन ब्लाक के इन गांवों के किसानों को मिला लाभ

औरोताहारपुर, कसिगवां, रहीमपुर विषधन, शाहपुर दुलू, मैदों, खरपतपुर, न्यूरोखेड़ा, उदयभानपुर, जहिरा, कुरौली, ककवन, हालामऊ, खेरवा, मनावां, मौजमपुर, मुनौव्वरपुर, उड्डा, सलेमपुर, इब्राहिमपुर रौंस, बिहारीपुर, दाउदपुर, कुरेह शामिल हैं।

### बिल्हौर के इन गांवों के किसानों को मरहम

बिल्हौर क्षेत्र के बैंडी अलीपुर, गदनपुर चोरसा, रानेपुर, उत्तरी, लालपुर, सैंबसू, औरंगपुर शांभी, सरिगवां, डोड़वा, जमौली, शिवपुरी, अर्जुनपुर, रामपुर, शिवराजपुर, औरावरी, राढ़ा, देवीपुर सराय, घिमऊ, अनेई, जैसरमऊ, राधन आदि शिवराजपुर से सटे गांव हैं।

### ई खसरा तैयार होने के बाद सर्वे होगा आसान

बिल्हौर तहसील के 262 गांवों में ई खसरा पड़ताल का कार्य चल रहा है, जिससे किस गाटा में क्या फसल बोई गई है? इसका पूरा डाटा तहसील प्रशासन के पास मौजूद रहेगा। इससे यदि बेमौसम बारिश या ओलावृष्टि होती है तो किसानों को मुआवजा देने में सहूलियत मिलेगी और उनका डाटा सुरक्षित रहने से मुआवजा राशि में भेदभाव भी नहीं हो पाएगा। ई खसरा पड़ताल आवश्यक हो गई है।


10 हजार किसानों को शीघ्र मिलेगा मुआवजा

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

- तहसील प्रशासन की ओर से फसलों का कराया गया सर्वे
- बिल्हौर तहसील क्षेत्र के 41 गांवों के किसान पाएंगे लाभ

अमृत विचार: 20 फरवरी को भारी ओलावृष्टि और बारिश से ककवन क्षेत्र के दर्जनों गांवों की फसलें चौपट होने के बाद तहसील प्रशासन की ओर से कराए गए सर्वे के अनुसार लगभग 41 गांवों के किसान प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अब मुआवजा दिया जाएगा। तहसील प्रशासन की ओर से बनाई गई सूची में ककवन और बिल्हौर ब्लाक के 41 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। इनमें ककवन ब्लाक के ज्यादा गांव हैं।

तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि ओलावृष्टि के बाद क्षेत्रीय लेखपालों के जरिए गांवों में सर्वे कराया गया था। इस सर्वे के आधार पर ही प्रभावित सभी गांवों को आपदा ग्रस्त के रूप में चिह्नित किया गया है। इन सभी गांवों के हल्का लेखपालों को किसानों के जरूरी दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही सभी दस्तावेज इकट्ठा कर किसानों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने का प्रयास किया जाएगा।

पूरे क्षेत्र में 10 हजार से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। हालांकि अभी शासन की ओर से यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मुआवजा देने में क्या नीति अपनाई जाएगी। यानी किस हिसाब से किस फसल का कितना मुआवजा दिया जाएगा।

ककवन ब्लाक के इन गांवों को मिलेगा लाभ

औरोताहारपुर, कसिगवां, रहीमपुर विषधन, शाहपुर दुलू, मैदों, खरपतपुर, न्यूरोखेड़ा, उदयभानपुर, जहिरा, कुरौली, ककवन, हालामऊ, खेरवा मौजमपुर, मुनौव्वरपुर, उड्डा, सलेमपुर, इब्राहिमपुर रौंस, बिहारीपुर, दाउदपुर शामिल हैं।

बिल्हौर ब्लाक के ये गांव

बिल्हौर ब्लाक के बैंडी अलीपुर, गदनपुर चोरसा रानेपुर, उत्तरी, लालपुर, सैंबसू, औरंगपुर शांभी, सरिगवां, डोड़वा, जमौली, शिवपुरी, अर्जुनपुर, रामपुर, शिवराजपुर, औरावरी, राढ़ा, देवीपुर सराय, जैसरमऊ, राधन जैसे शिवराजपुर ब्लॉक से सटे गांव भी लिए गए हैं।

जल्द ही मुआवजा मिल जाता है तो उनकी कुछ आर्थिक दिक्कतें दूर हो सकती हैं। ज्यादातर किसानों का कहना है कि फसल की पैदावार से ही उनकी गृहस्थी चलती है। फसल से होने वाली आय के बल पर ही वह बैंक से ऋण आदि लेकर किसानी करते हैं, लेकिन मौसम की मार ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। विषधन क्षेत्र के कई गांवों में

3 मार्च को अमृत विचार ने खबर छापी थी।

# गांव की गलियों में बूटों की धमक

संवाददाता, रेउना

## चुनावी कसरत

- अर्द्धसैनिक बल के साथ पुलिस का फ्लैग मार्च
- एडीसीपी ने चुनाव में सुरक्षा का एहसास कराया

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में अपराधियों पर खौफ पैदा करने और जनता को सुरक्षा का एहसास कराने के लिए फोर्स की चहलकदमी शुरू हो गई है। गांव की गलियों में बूटों की धमक सुनाई देने लगी है।

सोमवार को केंद्रीय अर्धसैनिक बल की एक कंपनी रेउना पहुंची। एडीसीपी अंकिता शर्मा की अगुवाई में अर्धसैनिक बल के साथ रेउना पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों को कानून व्यवस्था और सुरक्षा का एहसास कराया। इससे पहले रेउना थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने अर्धसैनिक बल के जवानों का स्वागत किया। रेउना कस्बे में अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च देखकर लोगों ने चुनाव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था महसूस की।

थाना प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने अर्धसैनिक बल के साथ रेउना, गिरसी, झबैया अकबरपुर, दहेली आदि संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। अराजकता फैलाने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान एसआई धर्मा कुशवाहा, सुशील कुमार, एसआई अनिलेश सिंह, अनीसुल खान, आशीष यादव, वीरेंद्र कुमार, रामजी शाहू, दीपक चौधरी मौजूद रहे।


एडीसीपी अंकिता शर्मा ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। अमृत विचार

## एक नजर

### हाईवे पर हादसा, स्कूटी सवार युवक की मौत

**पुखरायां।** अकबरपुर क्षेत्र के नयागंज के ठाकुर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि उसका बेटा दीपक गुप्ता (45) भोगनीपुर के बस स्टैंड के पास नुमाइश में दुकान लगाता था। वह स्कूटी से नुमाइश में दुकान लगाने आ रहा था। झांसी-कानपुर हाइवे पर गदाईखेड़ा गांव के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### मारपीट में युवक घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के इकघरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इकघरा गांव निवासी धीरज पुत्र हरी बाबू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि पड़ोसी गाँव मकानपुरवा निवासी अमन आदि उससे रंजिश मानते हैं। बताया कि रविवार दोपहर अमन और कुछ अज्ञात लोगों ने उसे पकड़ कर कमरे में बंद कर लिया और लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# खूनी रफ्तार में दो भाइयों की गई जान

## नर्वल थाना क्षेत्र के सेमरझाल के पास हुआ हादसा, बाइक में टक्कर मारने के बाद भागा लोडर चालक

संवाददाता, सरसौल

### दर्दनाक हादसा

- एक बाइक पर सवार होकर टौंस जा रहे थे दोनों सगे भाई
- लोडर और चालक की तलाश में जुटी नर्वल थाने की पुलिस

**अमृत विचार:** नर्वल थाना क्षेत्र के सेमरझाल के समीप सोमवार की दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। तेज रफ्तार लोडर चालक ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी और फिर निकल भागा। पुलिस लोडर और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

नर्वल कस्बे के रहने वाले शिवप्रसाद कुशवाहा के बेटे सुरेश कुशवाहा (48) और परशुराम कुशवाहा (50) सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे एक ही बाइक से टौंस की ओर जा रहे थे। दोनों सेमरझाल के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज रफ्तार आ रहे लोडर चालक ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों भाइयों के सड़क पर गिरते ही लोडर चालक रुकने के बजाय रफ्तार और तेज करते हुए मौके से निकल भागा।


सुरेश कुशवाहा।


परशुराम।

हादसा देखकर कुछ लोग दौड़े। लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन टक्कर इतनी तेज थी कि छोटे भाई सुरेश कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़े भाई परशुराम की सांसें चलती देख इलाज के लिए सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर देखकर कांशीराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान परशुराम की भी मौत हो गई।


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक।

सड़क हादसे की सूचना के बाद पुलिस पहुंची। नर्वल थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद लोडर चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया है। चालक और लोडर की तलाश की जा रही है। दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। परिवार वालों की ओर से तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### मौत की खबर पहुंची तो घर में मचा कोहराम

नर्वल कस्बे के रहने वाले दोनों सगे भाई जरूरी काम से घर से निकले थे। दोनों आपस में बातचीत करते हुए जा रहे थे। घर से निकलने के कुछ देर बाद ही मौत की खबर पहुंच गई, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। महिलाओं और बच्चों की चीख-पुकार से हर कोई द्रवित हो उठा। करीबी लोग उन्हें ढांढस बंधाने का प्रयास करते रहे। परिवार के साथ गांव के करीबी लोग अस्पताल पहुंचे।

### कठेरुआ में कार की टक्कर से बाराती की मौत

**बिधनू।** कानपुर-हमीरपुर रोड पर कठेरुआ गांव में रविवार रात बारात की अगवानी के दौरान रोड पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार कार टक्कर मारकर निकल गई। पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। कानपुर नौबस्ता के धरीपुरवा निवासी 49 वर्षीय राजाबाबू रविवार को अपने पैतृक गांव कठेरुआ पारिवारिक नाती की बारात में शामिल होने गए थे। देर रात अगवानी के दौरान वह हाईवे पार कर रहे थे, तभी घाटमपुर की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने परिजनों की मदद से राजाबाबू को बिधनू सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पारवारिक सदस्य की मौत से शादी समारोह में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# चौबेपुर में ट्रक से गिर कर पल्लेदार की मौत

संवाददाता, चौबेपुर

- बिठूर रोड पर स्थित फैक्ट्री में ट्रक से उतार रहा था माल
- बोरा उतारते समय अचानक पैर फिसलने से हुआ हादसा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बिठूर मार्ग स्थित एक फूड इंडस्ट्री में सोमवार दोपहर ट्रक से माल उतार रहा पल्लेदार पैर फिसलने से अचानक नीचे गिर गया। गंभीर रूप से घायल पल्लेदार को हैलट अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

क्षेत्र के बजरहापुरवा गांव निवासी सूबेदार (55) पुत्र राम सहाय पल्लेदारी करके परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार में बेटी सुषमा की शादी हो चुकी है, जबकि पत्नी माया लंबे समय से बीमार चल रही है। बताया गया है कि रोजाना की तरह सोमवार सुबह भी सूबेदार काम की तलाश में घर से निकला था। इस दौरान अन्य मजदूरों के साथ वह क्षेत्र के बिठूर मार्ग पर सुजानपुर गांव स्थित जेसिका फूड इंडस्ट्री में ट्रक से माल उतारने के लिए गया था। बताया गया है कि दोपहर करीब दो बजे ट्रक से बोरा उतारने के दौरान अचानक पैर फिसल जाने से वह सिर के बल नीचे फर्श पर आ गिरा। घटना देख फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री प्रबंधन तंत्र के लोग आनन फानन घायल को उपचार के लिए सीएचसी लेकर गए, जहां हालत गंभीर देख उसे हैलेट कानपुर रेफर कर दिया गया, लेकिन इसके पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रक से बोरा उतारने के दौरान पल्लेदार की गिरकर मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट और तोड़फोड़ की ससुरालियों ने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुकदमा वापस न लेने पर दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक युवक ने ससुरालीजनों पर आरोप लगाया कि धोखाधड़ी का मुकदमा वापस न लेने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उनके साथ मारपीट और तोड़फोड़ की। पीड़ित ने आरोपी ससुरालीजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

श्यामनगर डी ब्लॉक निवासी मोहम्मद असद कैफे संचालक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वर्ष 2017 में उन्होंने ससुरालियों पर गुमराह कर कार बेंचने को लेकर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से ससुरालीजन लगातार मुकदमा वापस लेने को लेकर दबाव बना रहे थे। बताया कि पत्नी दरख्शा परवीन भी मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाती रही। जिसके बाद वह उनकी दो बेटियों और बेटे को छोड़कर मायके चली गई। साथ ही उन पर दहेज उत्पीड़न का फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। आरोप है, कि 11 अक्टूबर 2023 की दोपहर वे घर में अकेले थे। तभी पत्नी दरख्शा समेत ससुरालीजन शोएब, रिजवान, समद, सुहैल ,आफरीन, शहाना, सलनाज, विलाल घर में घुस आये और मारपीट की। साथ ही घर में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। उनका आरोप है कि वे थाने और चौकी के चक्कर काटते रहे लेकिन पुलिस उन्हें टरकाती रही। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नीम के हरे पेड़ों पर चलाया गया आरा

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के शाहपुर दूलू गांव में सोमवार को ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर खड़े दर्जनों हर नीम के पेड़ों पर गांव के व्यक्ति द्वारा मशीन लगाकर पेड़ काट दिए गए हैं।

आरोप है कि ग्राम प्रधान भी शिकायत करने में कतरा रहे हैं। शाहपुर दुलू ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर खड़े नीम के पेड़ों को ठेकेदार को बेच दिया गया। इसके बाद मशीन से 18 पेड़ों को काट दिया गया और लकड़ी बेच दी गई। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तब जानकारी हुई। रेंजर आलोक दुबे ने बताया कि ग्राम पंचायत की भूमि होने से ग्राम प्रधान शिकायती पत्र देते हैं तो आवश्यक रूप से पेड़ कटवाने के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जबकि तहसीलदार तिमिराज सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है, मंगलवार को लेखपाल से भेज कर मामले की जांच करवाएंगे।

# 20 करोड़ से बढ़ेगी दलहन की उपज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केंद्र सरकार ने हाल ही में दिया था भारतीय दलहन अनुसंधान केंद्र को प्रोजेक्ट

**अमृत विचार।** भारतीय दलहन अनुसंधान ने 20 करोड़ रुपये से दलहन की उपज बढ़ाने का कार्य शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार ने हाल ही में यह प्रोजेक्ट संस्थान को दिया था। प्रोजेक्ट के तहत विशेषज्ञ और शोधकर्ता तीन साल के समय में जीनोम एडिटिंग पर शोध करेंगे।

प्रोजेक्ट के बारे में संस्थान के निदेशक डॉ. जेपी दीक्षित ने बताया कि भारत सरकार के इस प्रोजेक्ट के तहत संस्थान में कई तरह के शोध करके दलहन की खेती पर काम कर रहे हैं। जीनोम एडिटिंग के माध्यम से खेती को और अच्छा करने का काम किया जा रहा हैं। खासतौर पर दलहन की फसलों को जीनोम एडिटिंग कर सबसे पहले उसकी उपज को बढ़ाने का काम किया जाएगा। दूसरा इस फसल की बीमारियों की रोकथाम पर काम होगा। पौधों में बीमारी से बचाव के नए उपाय भी शोध के जरिए तलाशे जा रहे हैं। खासतौर पर कुल पांच फसलों पर काम किया जा रहा हैं। इनमें चना, अरहर, उरद, मसूर और खेसारी प्रमुख है। इस कार्य में लगभग 50 लोगों की टीम लगी हुई है। उन्होंने बताया कि जीनोम एडिटिंग को जीन एडिटिंग भी कहा जाता है। यह एक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से वैज्ञानिकों को एक जीव के डीएनए को बदलने की क्षमता उपलब्ध कराता है। ये प्रौद्योगिकियां जीनोम में विशेष स्थानों पर आनुवंशिक सामग्री को जोड़ने, हटाने या बदलने में सहायक होती है।

# ऑगर्न ट्रांसप्लांट समिति का दौरा

**कानपुर।** राज्यस्तरीय ऑगर्न ट्रांसप्लांट समिति ने सोमवार को सेवन एयरफोर्स अस्पताल का निरीक्षण किया। आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर और पैथोलॉजी लैब की व्यवस्था समिति ने देखी। डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ के अलावा इलाज संबंधी व्यवस्था का भी जायजा लिया।

समिति के अध्यक्ष जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के मुताबिक एयरफोर्स अस्पताल की समुचित व्यवस्था देखी। प्राचार्य ने बताया कि ब्रेन डेड मरीजों के अंग अन्य मरीजों के काम भी आ सकते है, इसमें संबंधित मरीज के परिजन की अनुमति जरूरी है। आईसीयू, ओटी और पैथोलॉजी लैब पर हमारा मुख्य फोकस रहा है। समिति में कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. आरके वर्मा, झांसी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, राममनोहर लोहिया लखनऊ के डॉक्टर मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### होली मिलन के बहाने भाजपा की चुनावी कसरत शुरू

**बिल्हौर।** मिश्रिख लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार रावत ने सोमवार को चुनावी बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के कई शक्ति केंद्रों में कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन कार्यक्रम के बहाने चुनावी कवायद शुरू की। कार्यक्रमों में पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार रावत बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के हलपुरा, सिधौली, मौजमपुर, रहीमपुर विषधन, ककवन, बिल्हौर, राधन, उत्तरीपुरा आदि जगहों पर कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को चुनावी जंग में कमर बांधकर जुट जाने की अपील की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की नींव हैं। अगर कार्यकर्ता कर्मठ हैं, तो संगठन किसी भी कामयाबी को हासिल कर सकते हैं। जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी शामिल रहे, जिनमें प्रमुख रूप से रवि बाजपेई, गुड्डू सिंह, जेपी कटियार, नीलकमल सिंह चौहान, विक्रम मिश्रा, सिपाही लाल कठेरिया, रिंकू कटियार, बब्लू कटियार, मंडल अध्यक्ष सुभ्रांशु कटियार मौजूद रहे। इसी तरह ककवन क्षेत्र के मौजमपुर गांव में कई ग्राम प्रधानों ने स्वागत किया, जिनमें ककवन प्रधान राजू स्वर्णकार, राजकरण यादव, अंकित कश्यप, मानस मिश्रा, मुकेश कुमार, हरिप्रसाद राठौर शामिल रहे। ककवन के एक गेस्ट हाउस में होली मिलन कार्यक्रम के दौरान अनिल कुशवाहा, अखिलेश अवस्थी, अनुराग, देवेंद्र शुक्ला, अर्पण, कौशल त्रिपाठी आदि भाजपाई मौजूद रहे।


महिलाओं पर पुष्प वर्षा करते सांसद।


सेवानिवृत्त शिक्षक को विदाई देते साथी अध्यापक। अमृत विचार

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी विदाई

**बिल्हौर :** 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए राम सहाय इंटर कॉलेज बैरी के व्यायाम शिक्षक अनिल दीक्षित को विदाई दी गई। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार यादव की ओर से उनकी विदाई के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधक कैलाश नारायण और विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख शिवम बाजपेई और अतिथि रूपेश उपस्थित रहे। विदाई समारोह में उनके द्वारा पढ़ाए हुए कई छात्रों शिवम कटियार, गौरव अग्निहोत्री, संदीप पांडेय, अविनाश तिवारी, जयप्रकाश, शोहित कटियार, सोनू मिश्रा, अखिलेश तिवारी, अमित तिवारी, तनवीर, विनोद यादव, सर्वेश कुशवाहा, जगदीश नारायण पाल, दिनेश, धर्मेंद्र, देवकीनंदन मिश्रा, निक्की, राहुल, यश अवस्थी और सुनील सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे। प्रबंधक कैलाश नारायण ने कहा कि विद्यालय का सबसे कठिन कार्य अनुशासन बनाना होता है। अनिल दीक्षित ने बहुत अच्छा अनुशासन बनाए रखा। वह 1989 में सेवा में आए थे और 2024 तक सेवारत रहे। प्रधानाचार्य अरविंद यादव ने कहा कि जब मैं पढ़ने आया था तो इस विद्यालय में व्यायाम शिक्षक अनिल दीक्षित ही थे। आज यहां अध्यापन कार्य कर रहा हूं, तब यह बड़े भाई और गुरु के रूप में रहे। जब कभी भी कोई मुसीबत आई, यह सीना तान के आगे खड़े रहे। उनकी कमी विद्यालय परिवार को हमेशा खलेगी। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति व्यवस्था का अंग है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह स्वस्थ रहें।

## धर्म-अध्यात्म

### जामू गांव की श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हुए

# कथा की अमृत वर्षा से श्रद्धालु हुए सराबोर, झांकियों ने मन मोहा


कथा के दौरान राधा-कृष्ण का पूजन करते आयोजक। अमृत विचार

संवाददाता, बिधनू

- संगीत के साथ भजनों पर झूमते रहे श्रद्धालु
- आज पूर्णाहुति के साथ होगा भंडारे का आयोजन

**अमृत विचार:** जामूं गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को आचार्य सौरभ जी महाराज ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा की अमृत वर्षा से श्रद्धालु सराबोर हो गए। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं।

श्रीमद् भागवत कथा का छठे दिन सर्वप्रथम कथावाचक ने गणेश वंदना की। व्यास ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारासलीला का वर्णन किया। कथा वाचक सौरभ जी महाराज ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं और कहने लगीं। हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था, तो हम से प्रेम क्यों किया।

गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी के विवाह का समस्त श्रद्धालुओं आंनद लिया। मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने के बाद हवन- पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वृंदावन के कलाकारों ने तबला, हारमोनियम की धुन पर कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया।

आरती के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आयोजक पुत्तन त्रिवेदी, कौशल किशोर त्रिवेदी, विक्रम सिंह, पप्पू सिंह चन्देल, महेन्द्र पाल सिंह चन्देल, चंदन त्रिवेदी, विशाल त्रिवेदी, मुन्ना परिहार, प्रवीण सिंह चन्देल, देवेन्द्र त्रिवेदी, हरिशंकर दुवेदी, बन्नम सिंह चन्देल, राजेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश मिश्रा, जनार्दन सिंह चन्देल, दुर्गा सिंह परिहार, प्रद्युम्न त्रिवेदी, रशीले सिंह परिहार, शुभम सिंह परिहार, सोनू सिंह परिहार, अभिषेक पांडेय, सुशील परिहार, मोनू सिंह, नीतू बाबू, बैजनाथ, अरविन्द के साथ बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### ध्रुव और प्रहलाद की कथा सुन श्रद्धालु मगन

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के गोपालपुर गांव में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे आचार्य मुरारी कृष्ण मुरारी महाराज ने अपने श्रीमुख से श्रोताओं को भक्तिरसमई भगवान के भक्त ध्रुव व प्रहलाद की कथा श्रवण कराई। आचार्य ने बताया कि ध्रुव व प्रहलाद भगवान विष्णु के ऐसे भक्त हुए हैं जो बाल्यावस्था में ही अपना घर छोड़कर घनघोर जंगलों में तपस्या के लिए निकल पड़े इन्हें भगवान पर इतना भरोसा था कि भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए प्रभु ने नरसिंह रूप धारण कर खम्भे से प्रकट हो गए व राक्षस का अंत करके अपने भक्त का मान बढ़ाया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक अपना दल यश के जिला अध्यक्ष बबलू कटियार ने बताया कि 6 अप्रैल को पूर्णाहुति व भंडारा होगा।

# मलेशिया से सिंगापुर तक हसनगंज के हुश्नआरा और दशहरी की धमक

## चौसा, लंगड़ा, लखनउवा और रामकेला आम की भी अपनी अलग पहचान

अमृत विचार विशेष

लोकेंद्र सिंह 'लकी', हसनगंज

● उन्नाव के हसनगंज में पैदा होती हैं फलों के राजा की दर्जनों किस्में

**अमृत विचार।** तहसील हसनगंज क्षेत्र की आम फल पट्टी के बागानों की दशहरी व हुश्नआरा प्रजाति के आम ने खाड़ी देशों के साथ मलेशिया व सिंगापुर में भी अपने बेहतरीन स्वाद के बदौलत खासी धमक बना रखी है। इसके अलावा चौसा, लंगड़ा, लखनउवा व रामकेला की भी अपनी अलग पहचान है। चूंकि क्षेत्र के अधिकांश किसानों (भूस्वामियों) की आजीविका आम बागानों से ही चलती है। इसलिए प्रगतिशील बाग मालिक लगातार प्रयोग कर डिमांड के लिहाज से बाग तैयार कराते हैं। इसका उन्हें लाभ भी मिलता है।

बतादें कि क्षेत्र की फल पट्टी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भूस्वामियों के साथ भूमिहीन ग्रामीण भी आम उपज से ही अपनी तमाम जरूरतें पूरी करते हैं। फिलहाल बागानों में आई बौर (फूल) की खुशबू पूरे क्षेत्र को अपनी भीनी-भीनी महक से सुवासित किए है। हालांकि, शुरुआत में आने वाली बौर के बाद फल को तैयार कर बाजार पहुंचाने के लिए बागान मालिकों सहित कारोबारियों को कीट से बचाव के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। कई बार प्रकृति पर बस न चलने से तेज हवाएं जहां बौर को नुकसान पहुंचाती हैं। वहीं आंधी में तैयार फल भी टूटकर गिर जाते हैं। जिससे बाग मालिकों व व्यापारी को खासा नुकसान भी होता है।


बाग में बौर से लदा आम का पेड़।

### लोगों को खूब भाती हैं आम की ये किस्में

क्षेत्र के अधिकांश भू-भाग पर तैयार आम बागानों में दशहरी, चौसा, लंगड़ा, लखनउवा, रामकेला, फजली, हुश्नआरा आदि प्रजातियों के कलमी के साथ देशी आम की भी विभिन्न प्रजातियों की भारी मात्रा में पैदावार होती है। कलमी आम में दशहरी, चौसा व लंगड़ा जैसी किस्में देश-विदेश में काफी मशहूर हैं। वहीं, अन्य प्रजातियों की अपेक्षा इनके फलों की कीमत भी अपेक्षाकृत अधिक होती है।

### बोले व्यापारी


समदपुर भावा निवासी आम व्यापारी शिवबालक ने कहा कि ब्याज पर रुपये लेकर करीब 20 बीघा आम के बाग खरीदे हैं। इस बार बौर अच्छा आया है और मुनाफा होने की उम्मीद भी है। हालांकि, मौसम व कीट के प्रकोप के कारण नुकसान का भी अनुमान है।


कोरो कल्याण निवासी आम बाग मालिक सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि इस बार आम की फसल काफी अच्छी होने का अनुमान है। अगर बौर के हिसाब से फसल होती है तो जमकर फल होगा और अच्छा मुनाफा होगा। बस मंडी में फसल के दाम अच्छे मिल जाएं।


कृषि विज्ञान केंद्र धौरा के प्लांट पैथलॉजिस्ट डा. जय कुमार के अनुसार इस बार आम के पेड़ों में बौर काफी मात्रा में आया है। अगर यह बौर आंधी-तूफान व कीट आदि से बच गया तो इस बार आम की फसल बहुत बड़ी मात्रा में हो सकती है। अभी तक तो आम की पैदावार बड़ी मात्रा में होने की उम्मीद है।

### इन राज्यों में होती है आपूर्ति

बागान मालिकों की सुविधा के लिए क्षेत्र के फरहदपुर व मियागंज में बड़ी मंडियां बनाई गई हैं। जहां विभिन्न राज्यों के व्यापारी आम की फसल खरीदने पहुंचते हैं। इससे मंडियों से आम की उपज यूपी ही नहीं दिल्ली, पंजाब, तमिलनाडु, मुंबई, गुजरात, बिहार व पश्चिम बंगाल आदि राज्यों व शहरों में बिक्री को भेजा जाता है।

### विदेशों में भी निर्यात होता है आम

देश भर के दर्जनों राज्यों के अलावा हसनगंज का आम कुवैत, सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों समेत सिंगापुर व मलेशिया आदि देशों में भी काफी पसंद किया जाता है। इन देशों में यहां की मंडियों से बड़ी मात्रा में आम का निर्यात किया जाता है।

## मवेशी को निकालने में डूबा किशोर, मौत

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के भाऊमऊ गांव निवासी रामदयाल का 17 वर्षीय बेटा अमित सई नदी किनारे बकरियां चराने गया था। शाम करीब 5 बजे मवेशी घर लाते समय गांव के राजबहादुर के बेटे नरेंद्र की भैंस नदी में चली गई। जिसे बाहर निकालने के लिये वह नरेंद्र के साथ नदी में कूद गया। बीच नदी में पहुंचते ही वह डूबने लगा। नरेंद्र भैंस की पूछ पकड़कर बाहर आ गया और जोर से चिल्लाने लगा। आवाज सुन ग्रामीण पहुंचे और अमित को बचाने के लिये नदी में कूद गए। लेकिन, तब तक डूबने से अमित की मौत हो गई थी। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## सेवानिवृत्त हुए सहायक अभियंता

संवाददाता,उन्नाव

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) में सहायक अभियंता रहे अनिल कुमार पांडेय बीते दिवस सेवानिवृत्त हो गए। इसके चलते सोमवार को उनका विदाई समारोह लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित फैंटेसी मोटल में आयोजित किया गया। इसमें पीएमजीएसवाई के अधिशाषी अभियंता एसके जैन ने सेवानिवृत्त होने पर उन्हें अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सहायक अभियंता अनिल पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर राजू मिश्रा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।


सेवानिवृत्त सहायक अभियंता को विदाई देते अधिकारी-कर्मचारी। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि अनिल पांडेय ने पीएमजीएसवाई जैसी महत्वपूर्ण योजना में कार्य करते हुए अपने कार्यकाल के दौरान सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान पीएमजीएसवाई कार्यालय कर्मी धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अनिल सिंह, दाताराम, राखी द्विवेदी, प्रभाकांत तिवारी, मानवेंद्र सेमल, जय सिंह, सुरेंद्र यादव आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## एचटी लाइन की चिंगारी से फसलें जलीं

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** तेज हवा चलने से विद्युत तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी से चमियानी व बाजी खेड़ा गांव निवासी पांच किसानों के खेत में आग लग गई। जब तक दमकल पहुंची खेतों में पकी खड़ी करीब सात बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजने की बात कही है।

खेतों के ऊपर से निकली एचटी लाइन बाजीखेड़ा गांव निवासी सुरेश के एक बीघे में खड़ी गेहूं की फसल में गिरने से फसल जलने लगी। तेज हवा चलने से बगल के चंद्रभान की चार बीघा व दीपक की एक बीघा फसल धू-धूकर जलने लगी। लपटें देख ग्रामीण जब तक कुछ कर पाते तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने आपूर्ति बंद कराई और फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। वहीं चमियानी गांव में विद्युत लाइन में स्पार्किंग होने से किसान मन्नूलाल की 10 बिसुवा व सतीश की 8 बिसुवा फसल भी जलकर स्वाहा हो गयी। वहां भी फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। लेखपाल अरुण कुशवाहा नुकसान का आंकलन किया।


आग से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

● पुरवा क्षेत्र के बाजीखेड़ा और चमियानी गांवों में हुईं घटनाएं

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**उन्नाव।** बिहार थानांतर्गत भगवंतनगर कस्बा में विवाहिता का शव फंदे से लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी का फोर्स पहुंचा और जांच के बाद शव नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिहार थानाक्षेत्र की रिपोर्टिंग चौकी भगवंतनगर अंतर्गत कस्बा निवासी माधुरी देवी (25) पत्नी तुलसी दत्त बाजपेई ने सोमवार दोपहर बाद फांसी लगा ली। परिजनों ने उसका शव लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। उसकी दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी, एक वर्ष का बेटा है। चौकी इंचार्ज राजेश सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

## पति समेत पांच लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** रायबरेली जिला के थाना खीरो के गांव सिंघौर निवासी अकबर अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मई-2023 को बेटी अफसाना बानों का निकाह भाटमऊ निवासी इसरार से किया था। ससुरालीजन शादी के समय से बाइक की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। बेटी का दर्द समझकर दूसरे लोगों से जनवरी माह में 50 हजार रुपये उधार लेकर बाइक खरीदने के लिए ससुरालीजनों को दिये थे। लेकिन, पूरा पैसा न देने की वजह से वे आएदिन बेटी से मारपीट करते थे। 31 मार्च की सुबह बेटी उनसे मारपीट की घटना बता रही थी तभी बेटी से मोबाइल भी ससुरालीजनों ने छीन लिया और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। पीड़ित पिता ने तहरीर देकर पति, सास, ससुर, देवर व ननद के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला का शव भाटमऊ गांव स्थित कबिस्तान में दफना दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

## मेडल पाकर खुशी से खिले मेधावियों के चेहरे

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के बाईपास स्थित एक विद्यालय में रिपोर्ट कार्ड वितरण व एनुअल स्पोर्ट कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अजगैन कोतवाली प्रभारी ने बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन की शिक्षा देने की भी सलाह दी।

नवाबगंज कस्बा के बाईपास स्थित एक विद्यालय में एनुअल स्पोर्ट व रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें विजयी बच्चों को मुख्य अतिथि रहे अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने सम्मानित किया। वहीं विद्यालय में प्रथम श्रेणी में पास हुए बच्चों को मुख्य अतिथि ने रिपोर्ट कार्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। मेडल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखते बनती थी। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि विद्यालय के बच्चों द्वारा खेलकूद के साथ रिपोर्ट कार्ड देखकर ऐसा लगता है कि वे शिक्षा क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि विषय शिक्षा के साथ-साथ एक पीरियड अनुशासन शिक्षा का भी होना चाहिए। जिससे बच्चों का अनुशासन सही रहेगा। अच्छे अंकों से पास हुए छात्र-छात्राओं में युग श्रेष्ठ, शिवी वर्मा, वर्तिका, वैष्णवी वर्मा व आदित्य सिंह को मुख्य अतिथि ने रिपोर्ट कार्ड व मेडल दिये। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक पूनम श्रीवास्तव, तान्या श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अनूप श्रीवास्तव, शिक्षक कुलदीप अवस्थी, विपुल बाजपेई, नागेंद्र सिंह, रागिनी अवस्थी, संगीता श्रीवास्तव, नीतू मीनाक्षी, लेखनी, उर्मिला, अपर्णा आदि रहे।



छात्र को मेडल पहनाते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

● अतिथि बोले, विषय के साथ बच्चों को अनुशासन भी सिखाएं

## सार-संक्षेप

### महाविद्यालय में आज से चलेगा जागरुकता अभियान

**गंजमुरादाबाद।** रसूलपुर रूरी गांव स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय मंगलवार से क्षेत्र के 51 गावों में 'गांव-गांव शिक्षा, घर-घर शिक्षित' व 'मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कांत दुबे ने बताया कि शुरू हो रहे अभियान के अंतर्गत वह स्वयं शिक्षण स्टाफ व छात्र-छात्राओं सहित घर-घर जाकर लोगों को शिक्षा का महत्व व मतदान की उपयोगिता बताएंगे, जिससे क्षेत्रीय गांवों में शिक्षा के प्रति दिख रही उदासीनता को समाप्त किया जा सके। इस दौरान लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं को मताधिकार की उपयोगिता बताते हुए लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत अवस्थी खेड़ा ग्राम पंचायत से की जाएगी।

### युवक ने गटका जहरीला पदार्थ, लखनऊ रेफर

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव सकरौली के मजरा कुंडा निवासी कमलेश (45) पुत्र मन्नीलाल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ लाए। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाज़ुक देख हायर सेंटर रेफर लखनऊ रेफर कर दिया।

### युवक पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप, लिखी गई रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के एक गांव निवासी महिला को पड़ोसी गांव के रहने वाले युवक ने बदनियती से दबोच लिया। जिसकी शिकायत महिला ने उसके परिजनों से की। जिस पर परिवार ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 27 मार्च की रात वह खेतों में नित्य क्रिया के लिये जा रही थी, तभी आरोप है कि रामबख्स खेड़ा निवासी शत्रुघन ने उसे रोक लिया और उसका हाथ पकड़कर खेतों की ओर जबरन घसीटते हुये ले जाने लगा। इस दौरान उसके कपड़े फाड़ डाले। शिकायत करने पर शत्रुघन के पिता रमेश और भाई दीपक ने जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की सड़क हादसे की रिपोर्ट

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर चार दिन पूर्व तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें बाइक के परखच्चे उड़ गए थे और बाइक सवार गंभीर घायल हो गया था। घायल का कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सोमवार को घायल के पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बता दें कि बीती 28 मार्च को कोतवाली क्षेत्र के गांव नौबतगंज निवासी रामशंकर उर्फ मुन्ना का पुत्र जितेंद्र बाइक से बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में बिल्हौर मार्ग पर गांव बेरिया गाड़ा मोड़ के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थी और जितेंद्र गंभीर घायल हो गया था। राहगीरों ने उसे गांव मदार नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर लखनऊ रेफर किया था। लेकिन उसके पिता ने बेटे को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पिता रामशंकर ने सोमवार को ट्रैक्टर चालक आनंद पुत्र राजेश कुशवाहा निवासी गांव तन्ना गाड़ा के मजरा जिरिकपुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ट्रैक्टर और चालक की खोज में जुटी है।

## सीओ ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**हसनगंज।** लोकसभा चुनाव के चलते हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस के साथ सीपीएमएफ के जवानों ने एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च किया।

क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर किसी प्रसार की गड़बड़ी व वोटरों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए सीओ संतोष सिंह व कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र के नेतृत्व में फोर्स ने दरिहट, अकबरपुर, कस्बा हसनगंज, न्योतनी व नेवलगंज में फ्लैग मार्च किया।

सीओ ने बताया कि शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न हो और वोटरों को सुरक्षा का अहसास हो इसलिए एरिया डोमिनेशन के तहत फ्लैग मार्च किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला वृद्धा का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयाघात से मौत की हुई पुष्टि

● लूट के बाद हत्या की खबर का पुलिस ने किया खंडन

**अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के शंभू का पुरवा गांव में एक वृद्धा का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके घर में चारपाई में पड़ा मिला। मवेशियों को चारा करने आए नौकर ने उसे पड़ा देख शोर मचाया। इस पर पड़ोसी पहुंचे और बेटे का इलाज कराने गए वृद्धा के पति को जानकारी दी। घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को जानकारी दी। एसओ फील्ड यूनिट टीम के साथ पहुंचे और जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई। वहीं सोशल मीडिया पर लूटपाट के बाद वृद्धा की हत्या की खबर वायरल हुई जिसका पुलिस ने खंडन किया।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मुन्नी देवी के परिजन। अमृत विचार

बारासगवार थानाक्षेत्र के दशंभू का पुरवा गांव के रहने वाले रुद्रपाल यादव के बेटे सुशील का कानपुर में पथरी का आपरेशन एक निजी अस्पताल में रविवार को हुआ था। इस कारण वह और बहु अस्पताल में थे। घर पर उसकी वृद्ध पत्नी मुन्नी देवी(67) ही थी। सोमवार सुबह घर से काफी देर बाहर नहीं निकली इसी बीच मवेशी को चारा पानी करने वाला नौकर अजय पाल पहुंचा और वृद्धा को पड़ा देख शोर मचाया। पड़ोसी पहुंचे पति को घटना की सूचना दी।

वृद्धा के शरीर में कुछ निशान देख आशंकित पति की सूचना पर एसओ और फील्ड यूनिट की टीम ने जांच की और शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हार्ट अटैक से मौत की बात सामने आई। वृद्धा द्वारा पहने गए जेवर भी उसके शरीर में मिले। हालाकि चर्चा रही कि बक्सा का ताला खुला मिला लेकिन उसमें रखा सभी समान सुरक्षित होने का दावा किया गया। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि पति की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई।

## सड़क किनारे पड़ा मिला अधेड़ का शव

**आसीवन उन्नाव।** थानाक्षेत्र अंतर्गत रविवार रात एक शराब ठेका के पास अचेत मिले युवक को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव लेकर घर लौट गए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। आसीवन के कुलहा अटौरा गांव निवासी गुड्डू (35) पुत्र स्व. इंद्रसेन नशे का लती था। इसी वजह से उसकी शादी भी नहीं हुई थी। बताते है अधिक शराब पीने से उसकी हालत बिगड़ गई। उसे अचेत पड़ा देख लोगों ने उसे पहचाना और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। सोमवार को सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

टीम करेगी जांच — डब्ल्यूएचओ के कोआर्डिनेटर को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दी जानकारी

## खसरा के दो संभावित मरीज पीएचसी पहुंचे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में सोमवार को ओपीडी के दौरान दो बच्चों के शरीर में छोटे-छोटे दाने डॉक्टरों ने देखे। जिस पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों के शरीर पर दाने देख कर मीजल्स (खसरा) होने की संभावना व्यक्त की। जिसके बाद उन्हें दवाइयां दी और इसकी जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन के समन्वयक को दी।

न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को ओपीडी के दौरान अहमद नगर रजा मस्जिद निवासी रुखसाना अपने तीन माह की बच्ची रहनुमा को लेकर दवा लेने पहुंची। जहां बच्ची के शरीर में दाने निकले थे। इसी तरह नया खेड़ा नबी नगर निवासी शब्बीर भी अपने एक साल के बेटे अयान को लेकर पहुंचे। उसके भी शरीर पर दाने देखे गये। दो बच्चों में संभावित खसरा को देख मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें लाइन से हटाकर दूसरे जगह खड़ा किया और डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया। जिसके बाद उन्हें दवाइयां दी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि दोनों बच्चों के अभिभावकों को दवा दी और उनके नाम पता दर्ज किया। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ के कोआडिनेटर अभिषेक को भी जानकारी दी। आज टीम दोनों के घर पहुंच सकती है।


अस्पताल में बच्चों के साथ जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

● दो बच्चों के शरीर पर दिखे छोटे-छोटे दाने, डॉक्टरों ने दवा देकर वापस भेजा

### बोले जिम्मेदार

पीएचसी में मीजल्स (खसरा) रोग के संभावित दो बच्चों की जानकारी मिली है। मंगलवार को उनके घर जाकर जांच पड़ताल की जायेगी। इसके साथ ही उन्हें दवाइयां दी जाएंगी।

-अभिषेक, कोऑर्डिनेटर डब्ल्यूएचओ

## किशोरी से दुष्कर्म एफआईआर दर्ज

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी के साथ वहीं के रहने वाले एक युवक ने रविवार देर शाम दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी किशोरी ने परिजनों को दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि रविवार देर शाम उसकी 15 वर्षीय बेटी दुकान में सामान लेने गई थी, तभी उमेश उर्फ विधायक उर्फ चंद्रपाल पासी ने उसे रोक लिया और उसे खींचते हुये एक खाली मकान में ले गया।

जहां उसने बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया।

## डीएम के हस्तक्षेप के बाद निपटा विवाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हसनगंज की नायब तहसीलदार के निजी चालक और अधिवक्ता के बीच हुए विवाद के बाद नायब तहसीलदार की तहरीर पर अधिवक्ता पर हुई एफआईआर के विरोध में तहसील के अधिवक्ता हड़ताल पर थे। मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम गौरांग राठी के हस्तक्षेप के बाद सोमवार को कलेक्ट्रेट में दोनों पक्षों की बैठक एडीएम की मौजूदगी में हुई। इसमें अधिवक्ता पर दर्ज एफआईआर वापस लेने पर सहमति बनने के बाद अधिवक्ताओं ने अपना आंदोलन वापस लेने की घोषणा की। बता दें कि हसनगंज बार एसोसिएशन के दो अधिवक्ताओं व नायब तहसीदार पूर्णिमा तिवारी के ड्राइवर के बीच कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। नायब तहसीलदार की तहरीर पर दोनों अधिवक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अधिवक्ताओं के विरोध में अन्य तहसीलों के अधिवक्ता भी समर्थन में उतर आए थे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला की अगुआई में अधिवक्ताओं ने एसपी व सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा था। डीएम गौरांग राठी ने दोनों पक्षों से विवाद को सुलझाने को कहा। यहां एडीएम नरेंद्र सिंह, एसडीएम हसनगंज हिमांशु गुप्ता समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में नायब तहसीलदार द्वारा अधिवक्ताओं पर की गई रिपोर्ट वापस लेने समेत अन्य मुद्दों पर सहमति बन गई।


अधिकारियों के साथ वार्ता करते उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष। अमृत विचार

● नायब तहसीलदार और वकील के बीच लम्बे समय से चल रहा था विवाद

## एक नजर

### नए कानून की जानकारी लेने पहुंचे 300 इंस्पेक्टर

**फतेहपुर चौरासी।** नए कानून के संदर्भ में प्रभारी निरीक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे वह नए कानून के संदर्भ में ज्ञान लेंगे। क्षेत्र के कालीमिट्टी स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार से कानपुर जोन के 300 प्रभारी निरीक्षकों का प्रशिक्षकों द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इसमें प्रभारी निरीक्षक को बनाए गए नए कानून के संदर्भ में जानकारी दी जाएगी। इसके लिए प्रथम चरण में 300 इंस्पेक्टर केंद्र पर आ चुके हैं। दूसरे चरण में अन्य इंस्पेक्टर को नए कानून की जानकारी दी जाएगी। सीओ दिनेश यादव ने बताया कि सोमवार से प्रथम चरण में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया जायेगा।

### सास के जेवर चोरी का आरोप

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के गुलरिहा गांव निवासी मुरली देवी पत्नी सत्यनारायण ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसकी दोनों बहुएं आयेदिन उसे प्रताड़ित करती हैं। इससे वह अपनी बेटी के घर चली गई थी। मौके का फायदा उठाकर दोनों ने बक्से का ताला तोड़कर उसके जेवर निकाल लिए।

### युवक ने फांसी लगा दी जान

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली के कस्बा न्योतनी निवासी युवक ने घर में साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। परिजन शव लटका देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव फंदे से उतारकर मोर्चरी भेजा है। कस्बा न्योतनी के मोहल्ला गांधीनगर में सोमवार शाम करीब 6 बजे सुखवीर (18) पुत्र रामसजीवन मौर्य ने अपने घर में छत के कुंडे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजनों को जब तक इसकी जानकारी हुई तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसके छोटी बहन व भाई राजेश व ओम प्रकाश हैं। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार डिवाइडर से टकराई

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता निवासी शासकीय अधिवक्ता सोमवार शाम उन्नाव कोर्ट से वापस लौट रहे थे, तभी स्टेडियम पुलिया के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। कप्तान साहब हाता निवासी जगन्नाथ प्रसाद कुशवाहा शासकीय अधिवक्ता हैं।

# खूनी रफ्तार: तीन लोगों की छिनी जिंदगी

## सदर, बांगरमऊ, बारासगवर और बांगरमऊ थाना क्षेत्रों में हुए हादसे, परिवारों में मचा रहा कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


नितेंद्र।


संदीप।

- ओवरटेक करने के दौरान बिजली के खंभे से टकराई डीसीएम, चालक की मौत
- बारासगवर क्षेत्र में ससुराल से लौट रहा था युवक, कार की टक्कर से गई जान

**अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हादसे की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया।

**केस 01** कानपुर नगर के गुजैनी थानांतर्गत अंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी नितेंद्र (26) पुत्र महेंद्र सिंह कानपुर नगर के चौबेपुर निवासी मुकेश तिवारी की डीसीएम चलाता था। शुक्रवार रात वह जाजमऊ स्थित एक फैक्ट्री से मुर्गी दाना लोडकर गाजीपुर जिले के मोहम्दाबाद गया था। भाड़ा उतारकर लौटते समय सदर कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर गदनखेड़ा चौराहा से पहले रविवार देररात दो बजे अज्ञात वाहन ने डीसीएम को ओवरटेक किया इस दौरान उसका वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सामने का कांच तोड़कर बाहर गिर गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्रांसपोर्टर ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। उसकी मौत से मां सरिता सहित अन्य परिजन बेहाल रहे। वह दो भाईयों में छोटा था। बड़ा भाई राहुल दुबई में नौकरी करता है। हादसे की सूचना मिलने के बाद वह भी घर के लिए चल दिया है।


पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन बैठे परिवार के लोग। अमृत विचार

**केस 02** गंजमुरादाबाद। हरदोई जिला के थाना मल्लावां अंतर्गत अटवारा नेवादा गांव निवासी प्रमोद मिश्रा की पत्नी निशा देवी (65) अपने भतीजे सोनू के साथ बाइक से रविवार दोपहर बाद सफीपुर जा रही थी। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे अंडरपास के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें बांगरमऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से निशा को लखनऊ रेफर किया गया था। लेकिन, सोमवार को लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई। भतीजे कुशाग्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**केस 03** रायबरेली जिला के खीरो थानांतर्गत दुगताहार गांव निवासी संदीप (22) पुत्र स्व. शिवकुमार रविवार दोपहर बाइक से बिहार थानांतर्गत अपनी ससुराल गया था। वहां से लौटते समय बारासगवर थानांतर्गत पाटन-धानी खेड़ा मार्ग पर कुंभी गांव के पास बाइक ट्रक को ओवरटेक करते समय एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे 100 बेड अस्पताल बीघापुर पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल फिर कानपुर रेफर किया गया। परिजन उसे कानपुर ले जा रहे थे तभी रास्ते में संदीप की मौत हो गई। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसकी दो साल पहले शादी हुई थी। उसे अभी कोई संतान नहीं थी। उसकी मौत से पत्नी खुशबू व मां कोमल का रो-रोकर बुरा हाल है।



पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र।

# भ्रष्टाचारियों को बचा रहा इंडिया गठबंधन: कमलेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रामलीला मैदान में जुटे इंडी गठबंधन के नेताओं ने भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए नौटंकी कर भ्रष्टाचार समाप्त करने का नारा दिया। वास्तव में उन्होंने भ्रष्टाचारियों को बचाने का नारा गढ़ा है। इसलिए बेनकाब हो चुके नेताओं और दलों को देश के मतदाता किसी सूरत में माफ नहीं करेंगे।

यह बात सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि मौजूदा पीएम देश की 140 करोड़ आबादी को अपना परिवार मानकर, उनके जनकल्याण के प्रति समर्पित हैं। इसलिए इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा पीएम पर किए जा रहे अनर्गल प्रलाप का मतदाताओं पर असर नहीं होने वाला है, क्योंकि पीएम पर भरोसा रखते हुए दो बार उन्हें पीएम की कुर्सी पर बैठा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन के अधिकांश नेताओं को देश की विभिन्न जांच एजेंसियां बेनकाब कर भ्रष्टाचार के अलग-अलग मामलों में आरोपी बना चुकी हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, विधायक पंकज गुप्ता, मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला व दीपांकर मिश्रा उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# रामनवमी पर हर घर में दीप जलवाने की बनी रूपरेखा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी हिन्दू नववर्ष और रामनवमी को देखते हुये विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। जहां इस बार रामनवमी को भव्य मनाने के लिये पदाधिकारियों ने चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुये विभाग प्रचारक और प्रांत सुरेश पांडे ने कहा कि रामनवमी को हर घर में दीपक जलाये जायेंगे। विहिप नेता ओपी पांडे ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पाश्चात्य सभ्यता को दरकिनार कर हिन्दू रीति रिवाज के साथ नव वर्ष बनाया जायेगा। इस मौके पर रमेश चंद्र शुक्ला, भवानी सिंह, श्रीकांत दुबे, पंचदेव पांडे, रामनरेश सिंह, जयकिशन तिवारी, आभा, कृष्णकांत आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू

**शुक्लागंज उन्नाव।** एक अप्रैल से परिषदीय विद्यालयों में नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ। सोमवार को सिकंदरपुर कर्ण और सरोसी ब्लॉक के अधिकांश विद्यालयों में नये शिक्षा सत्र को लेकर स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री बांटी गई। वहीं रजवा खेड़ा विद्यालय में बच्चों का परीक्षाफल घोषित किया गया। सोमवार को सरैयां स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को शासन से आई पठन-पाठन सामग्री व किताबें बांटी गईं। इसके अलावा सिकंदरपुर कर्ण और सरोसी ब्लॉक के अधिकांश विद्यालयों में किताबें बांटी गईं। वहीं रजवा खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षक रमाकांत ने परीक्षाफल बांटा। संगीता सिंह, दिव्या सिंह, स्नेहा शुक्ला, प्रियंका पांडे, नीलम सिंह, निधि शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

# सोता रहा परिवार, चोरों ने पार किया लाखों का माल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सरैयां गांव का मामला, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी
- घर से कुछ दूरी पर खेत पर पड़ा मिला बक्शा, नकदी और जेवरात ले गए शातिर

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सरैयां गांव में रविवार रात एक परिवार कमरे में सो रहा था। तभी शातिर चोर छत के रास्ते से घर में घुस गए। जहां कमरे, आलमारी व बक्सा का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार नगद जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। सुबह परिजनों की नींद खुली तो कमरे का बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गये। पीड़ित ने चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी।

सरैयां गांव निवासी रवि यादव रविवार रात परिवार के साथ खाना खाकर कमरे में सोने चले गये। देररात चोर छत के रास्ते से कमरे में घुसे। जहां कमरे में लगा ताले को चाभी से खोल दिया और अंदर दाखिल हुये। इस दौरान कमरे में रखे दो बक्सों का ताला तोड़ दिया।


चोरों ने बक्से का ताला तोड़ डाला।

जिसमें एक बक्से में रखी लगभग पचास हजार की नकदी और दूसरे बक्से में चार सोने के कंगन, एक मंगलसूत्र, एक जोडी कान की बाली, सोने की तीन नाक की कील, चार जोड़ी पायल, बिछिया समेत करीब ढाई लाख के जेवर चोर चोरी कर ले गये। सुबह उनकी नींद खुली। जहां कमरे में बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। वहीं चोरों द्वारा ले जाया गया एक बक्सा घर से कुछ दूरी पर खेतों में पड़ा मिला। पुलिस चोरी की जांच पड़ताल कर रही है और जल्द ही चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया है।

### चोरों ने दुकान और घर से समेटा सामान

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर के एक घर और जगनी खेड़ा स्थित एक मिठाई की दुकान का चोरों ने ताला तोड़ दिया। जहां सिलेंडर, बर्तन, नकदी समेत हजारों का माल पार कर दिया। पीड़ितों ने चोरी की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है। गांधी नगर निवासी गोविंद गुप्ता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उनकी जगनी खेड़ा में मिठाई की दुकान हैं। रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे। जहां चोरों ने दस हजार की नकदी, एक सिलेंडर, बर्तन समेत हजारों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। इसी तरह गंगा नगर सुंदर बगिया में रहने वाले अशोक बाजपेयी ने बताया कि वह दूसरे मकान में अपने सामान ले जा रहे थे, रविवार रात उनके मकान में कोई नहीं था। सूना घर पाकर चोरों ने मेनगेट का ताला तोड़ कर चोर अंदर दाखिल हुए और कमरे में रखे तेरह हजार रुपये चोरों ने पार कर दिया।

# एमजीआईसी को मिला नया प्रधानाचार्य

संवाददाता सफीपुर उन्नाव


कार्यभार संभालते नए प्रधानाचार्य मनीष कुमार। अमृत विचार

- कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही दोहराई गरिमा वापस दिलाने की प्रतिबद्धता

**अमृत विचार।** कुछ दशक पहले शिक्षा सहित विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे महात्मा गांधी इंटर कालेज का प्रधानाचार्य पद विद्यालय में ही कार्यरत शिक्षक मनीष कुमार ने संभाल लिया। अब तक यह कुर्सी पर शरीफ खान संभाल रहे थे। शिक्षकों ने प्रधानाचार्य के साथ वरिष्ठ अध्यापक त्रिवेणी प्रसाद को विद्यालय के शिक्षकों ने विदाई दी।

सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्य ने कार्यकाल के दौरान विद्यालय को पुरानी गरिमा लौटाने के लाख प्रयास किए, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल सकी। वहीं पद का भार ग्रहण करने वाले 13वें प्रधानाचार्य ने कहा कि वह सेवानिवृत्त साथी द्वारा शुरू की गई सुधार संबंधी मुहिम को जारी रखते हुए विद्यालय को गौरवपूर्ण दर्जा दिलाने की हरसंभव कोशिश करेंगे। शिक्षकों ने बताया कि नब्बे के दशक में जिले के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में महात्मा गांधी इंटर कालेज अग्रणी रहा है। उस समय यहां के विद्यार्थियों ने खेल, सिविल सेवाओं, आर्मी, एयरफोर्स, नेवी सहित विविध क्षेत्रों में स्वयं को स्थापित किया।

यही नहीं विद्यालय के स्काउट-गाइड राष्ट्रीय पर्वों पर देश की राजधानी में आयोजित परेड में प्रतिभाग कर राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करने में भी सफल हुए हैं। प्रबंधक गुलाब चंद्र ने शुभकामनाएं देते हुए पूर्व में प्रधानाचार्य की कुर्सी संभाल चुके रामशंकर चंदेल, सीताराम कटियार, शोबरन सिंह यादव, युधिष्ठिर सिंह, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश चंद, आनंद मोहन चतुर्वेदी व पुन सुरेश चंद तिवारी व डा. संजीव शर्मा के कार्यकाल की भी यादें ताजा कराईं। कहा कि प्रधानाचार्य रहते सोबरन सिंह यादव व युधिष्ठिर सिंह द्वारा स्थापित रखा गया अनुशासन हमेशा याद आता है।

# रमजान: आखिरी अशरे में मस्जिदों में गुजारें वक्त

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- रमजान के आखिरी अशरे को लेकर रोजेदारों में दिख रहा खासा उत्साह

**अमृत विचार।** रमजान माह में इस्लाम की पाक(पवित्र) किताब कुरआन आसमान से उतारी गई थी। इसके लिए कोई खास रात की तस्दीक नहीं है, बल्कि रमजान के आखिरी दस दिनों 21, 23, 25, 27 और 29वीं की रात में ही ऐसा होना माना जाता है। चल रहे रमजान माह में आने वाले रविवार को 21वीं शब होगी।

मुस्लिम भाइयों का मानना है कि अल्लाह ने अपने अनुयायियों को इस्लाम पर अमल करने के तौर-तरीके के साथ इबादत के लिए कुरान को जमीन पर उतारा। अल्लाह के बंदों के लिए पवित्र रमजान माह के अंतिम आशरा यानी अंत आखरी के 10 दिनों में ही लोगों के लिए कुरान को फाजिल किया गया। इसीलिए आखरी अशरे में मुस्लिम भाई अहतेकाफ (एकांतवास) के लिए मस्जिदों में ही रहकर अपना पूरा समय बिताते हैं।

### पूरी बस्ती को मिलता है अहतेकाफ का शबाब

अहतेकाफ यानी सिर्फ अल्लाह का स्मरण (ध्यान) करने वाले व्यक्ति पर ही नहीं परिवार सहित आसपास रहने वाले सभी लोगों इसका शवाब मिलता है। इस्लाम के मुताबिक अहतेकाफ किसी गांव, कस्बे, बस्ती या मुहल्ले से एक व्यक्ति भी इस अरकान (क्रिया) को पूरा करने बैठता है, तो इसका सवाब (पुण्य) उस पूरी आबादी को मिलता है। नेकी और अल्लाह के बेहतर फैसलों की उम्मीद के साथ इस्लाम के अनुयायी इस अरकान को पूरा करते हैं।

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** बगंज-सेरसा रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक पर सवार गोपाल बाजपेयी (50) पुत्र सधन निवासी बरेला असोहा व चंद्रभूषण मिश्रा (65) पुत्र बाल केशन गंभीर घायल हो गये। घायलों को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने वृद्ध को लखनऊ मेडिकल कालेज व अधेड़ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी बाइक का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वहीं सोहरामऊ थानाक्षेत्र के मिश्रापुर गांव निवासी अरुण (18) पुत्र रामविलास व गौरव (18) पुत्र लालबहादुर बाइक में पेट्रोल डलवाने सोमवार दोपहर घर से निकले थे। इस दौरान लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## सार-संक्षेप

### शुक्लागंज में आठ घंटे गुल रही 700 घरों की बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** लखनऊ मुख्यालय ने गर्मी में ट्रांसफार्मर खराब होने की घटनाएं रोकने के लिए अनुरक्षण माह शुरू किया है। उसी को देखते हुये बिजली कर्मियों ने सोमवार को नगर के दो मोहल्लों में लगे ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की। जिस कारण सुबह से शाम तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी ने बिजली कर्मियों के साथ नगर के साकेतपुरी मोहल्ले में पहुंचे। जहां साकेतपुरी में 100 केवीए और नेहरू नगर में 630 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य बिजली कर्मियों ने शुरू किया। इस दौरान दोनों ट्रांसफार्मरों के कंडक्टर और लीड खराब होने पर उन्हें बदला गया। कार्य होने के कारण सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक दोनों मोहल्लों के सात सौ घरों की बिजली गुल रही। गर्मी में बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

### सीएचसी में बाहर से लिखी जा रही दवा और जांच

**उन्नाव।** बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरीब व बीमार लोगों की जमकर जेब ढीली की जा रही है। यहां मामूली बीमार होने पर भी लोगों से हजारों की लिए जा रहे हैं। गांव बदली पुरवा निवासी जगदीश अपनी पत्नी सुनीता की दवा लेने इस स्वास्थ्य केंद्र आए तो वहां मौजूद डाक्टर ने बाहर से जांच व दवा लिख दी। जिसमें उनके काफी रुपये खर्च हो गए। इसी प्रकार क्षेत्र के रामकेशन, घसीटे, जयशंकर, रीना, निशा, अकबर अली, सुरेश, अरुण, उस्मान व रुखसाना ने बताया कि वे लोग सरकारी अस्पताल समझकर यहां इलाज कराने आते हैं लेकिन, यहां कमीशन के चक्कर में जांच व दवा बाहर से लिखी जाती हैं। पूछने पर अस्पताल स्टाफ कहता है कि जांच मशीन खराब है और दवाएं खत्म हो गई हैं। मनीष, अमित व राना आदि ने बताया कि सीएचसी के डाक्टर मोटे कमीशन वाली जांच व दवा बाहर के लिए लिखते हैं। स्टाफ के लोगों ने नाम न लिखने की शर्त पर बताया कि यह कमीशन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित जिला मुख्यालय के अधिकारियों तक जाता हैं। इस बारे में सीएचसी अधीक्षक डा. मुकेश सिंह ने बताया कि पता लगाया जाएगा कि किसने बाहर से जांच व दवाएं लिखी हैं।

### बन रहे फर्जी प्रमाणपत्र, जिम्मेदार अनजान

**हसनगंज,उन्नाव।** तहसील मुख्यालय से चंद कदम दूर आधार कार्ड बनाने के नाम पर बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा हो रहा है। अवैध वसूली के साथ अब यहां फर्जी जन्म प्रमाणपत्र भी बनाये जा रहे हैं। जिनसे आधारकार्ड की विश्वनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एसडीएम कार्यकाल से कुछ दूर बीएसएनएल ऑफिस में आधारकार्ड सेंटर संचालित है। जिसे कानपुर निवासी एक व्यक्ति प्राइवेट टेंडर लेकर संचालित करवा रहा है। क्षेत्र के गांव कुरौली निवासी रीता सिंह पुत्री चंदी ने एसडीएम को दिये शिकायती पत्र में सेंटर में मौजूद युवक पर 400 रुपये लेकर फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पत्र में आधारकार्ड में मोबाईल नंबर दर्ज करने के लिये 150 रुपये देने की बात कही है। जबकि नंबर दर्ज करने की 50 रुपये फीस निर्धारित है। लोगों के अनुसार, सेंटर में आधारकार्ड के नाम पर 500 से 1000 रुपये तक की वसूली हो रही है। इस सम्बंध में एसडीएम हिमांशु गुप्ता से फोन किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

### पालिका ने शुरू किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। जिस पर सोमवार को पहले दिन पालिका कर्मियों ने वार्ड एक में जाकर वृहद स्तर पर साफ सफाई की। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को देखते हुये एक माह तक पालिका के सभी वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गंदगी में पनपने वाली जानलेवा बीमारियों की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में साफ सफाई कराई। इसके साथ एंटी लार्वा दवा छिड़काव कराये जाने का निर्देश दिया है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को वार्ड एक सर्वोदय नगर में सफाई कर्मियों ने नाला नाली की साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही मोहल्ले में रहने वाले लोगों को जागरूक भी किया। इस बावत ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इसी तरह पालिका के 28 वार्डों में साफ सफाई कराने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा।

शुरू हुई पढ़ाई

मातहतों को दिए मतदान केंद्र अप-टू-डेट बनाने के निर्देश, शिक्षण स्टाफ से विद्यालय के कामकाज की जानकारी ली

# शिक्षा सत्र के पहले दिन डीएम को विद्यालय में देख फूले हाथ-पैर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी ने सफीपुर ब्लाक क्षेत्र के मेथीटिकूर ग्राम पंचायत स्थित परिषदीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। हालांकि वह लोकसभा चुनाव के लिए तैयार होने वाले मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने शिक्षण स्टाफ से विद्यालय संबंधी जानकारियां भी लीं।

प्रशासनिक अमले के सामने इन दिनों निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 संपन्न कराने की बड़ी चुनौती है। हालांकि आमतौर पर जिले में लोकसभा चुनाव सकुशल निपटते रहे हैं। इसके बावजूद अधिकारियों को तैयारियों पर जोर देना पड़ता है। सोमवार को क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले डीएम की गाड़ी रसूलाबाद रोड पर बढ़ने लगी। डीएम का काफिला सीधे आगे न बढ़कर मेथीटिकूर पहुंच गई और सीधे परिषदीय विद्यालय में रुकी। डीएम को विद्यालय परिसर में खड़ा देखकर शिक्षक-शिक्षिकाओं के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि आज शिक्षा सत्र का पहला दिन था। इससे विद्यालय में नामांकित सभी विद्यार्थियों के बजाए कम बच्चे मौजूद थे। इसलिए सभी कक्षा कक्षों में छात्र-छात्राएं अपने-अपने स्थानों पर बैठे थे। उन्होंने यहां स्थापित किए जाने वाले मतदान केंद्र के तौर पर विद्यालय देखा। साथ मौजूद मातहत अधिकारियों को आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षण स्टाफ से विद्यालयीय कामकाज की जानकारी भी ली।



मेथीटिकूर के परिषदीय स्कूल पहुंचे डीएम ने बच्चों से सवाल पूछे। अमृत विचार

# सफीपुर क्षेत्र के मतदान स्थलों के देखे हालात

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम गौरांग राठी ने सोमवार को क्षेत्र के मतदान स्थलों व तहसील में बने मतदाता पंजीकरण केंद्र और कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

तहसील क्षेत्र के गांव मेथीटीकुर के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ का डीएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने बूथ तक पहुंचने के लिए बनी स्लोब को ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके बाद तहसील मुख्यालय पर राजस्व व पुलिस के साथ संवेदनशील च अति संवेदनशील बूथों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त बैठक भी की। वहीं तहसील में बने मतदाता पंजीकरण केंद्र में पहुंचकर बीआरसी राहुल तिवारी से फार्म संख्या-छह, सात व आठ के साथ विद्यालयों में उपलब्ध व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। तहसील स्तर पर लोकसभा निर्वाचन केंद्र के कंट्रोल रूम के बाहर लिखे टोल फ्री नंबरों पर अपने मोबाइल से फोन कर संचार सेवा की हकीकत भी परखी। दूसरी ओर निरीक्षण के दौरान शौचालय, साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश एसडीएम नवीन चंद्र को दिए। इस दौरान तहसीलदार रामाश्रय, प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, नायब तहसीलदार धीरेश सिंह आदि मौजूद रहे।


सफीपुर तहसील के चुनाव कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम गौरांग राठी।

# सुलतानपुर में मां मेनका के लिए प्रचार नहीं करेंगे वरुण

## स्थल चयन को लेकर मेरे टिकट की घोषणा में हुई देरी: मेनका गांधी

जिला संवाददाता, सुलतानपुर





- टिकट मिलने के बाद पहली बार 10 दिवसीय दौरे पर पहुंची मेनका
- बोलीं, वरुण और बहू दोनों वायरल फीवर की चपेट में है

**अमृत विचार :** टिकट मिलने के बाद सुलतानपुर दौरे पर पहली बार पहुंची सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि उनके लिए प्रचार करने वरुण गांधी नहीं आएंगे। कहा कि मेरे चुनाव लड़ने के स्थल चयन की वजह से टिकट घोषणा में देरी हुई। पार्टी में कोई दुविधा नहीं थी। वह पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक के पहले पत्रकारों से यह बात कही।

सांसद ने वरुण गांधी के सुलतानपुर आकर प्रचार करने के कयास पर विराम लगा दिया। कहा कि इस समय वरुण और बहू दोनों तेज वायरल फीवर की चपेट में हैं। मेरी समधन को हार्ट अटैक हुआ है। घर में बीमारी चल रही है। अगर वरुण आना भी चाहते तो मुश्किल हो जाता, लेकिन वो नहीं आ रहे हैं। एक सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा कि मैं अपनी कमान नहीं संभाल सकती। मेरा चुनाव पार्टी लड़ेगी। अमेठी और रायबरेली सीट से वरुण गांधी के लड़ने के सवाल पर कहा कि मैं भाजपा में हूं। अन्य किसी दल के टिकट वितरण से मेरा कोई लेना-देना नहीं। जीत के बाद अगले 5 साल तक सुलतानपुर की जनता की सेवा मां बनकर फिर करूंगी। कहा कि मैंने 60 बड़े कामों की लिस्ट बनाई थी। जिसमें 24-25 काम ही पूरा कर पाई हूं। चीनी मिल का जीर्णोद्धार प्रमुख एजेंडा बताया।


### पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**सुलतानपुर :** बीजेपी से दोबारा टिकट मिलने के बाद पहली बार चुनावी कैंपेन का शुभारंभ करने दिल्ली से सड़क मार्ग होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के कूरेभार पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी का भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अगुवाई में दर्जा प्राप्त मंत्री सोनम किन्नर, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राजेश गौतम, राजबाबू उपाध्याय, प्रतिनिधि रणजीत कुमार, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी व पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया। अब 10 दिन तक यहां रहकर पूरे लोकसभा क्षेत्र के 101 गांव का दौरा करेंगी। पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा मेरे प्रथम आगमन पर जिस तरह से सुलतानपुर के पार्टी पदाधिकारी और आम जनता ने मेरा स्वागत किया है वह उसके लिए मैं दिल से आभारी हूं। उन्होंने कहा मैंने पिछले पांच सालों में सबका ख्याल रखा है। आगे भी हमारी प्राथमिकता लोगों की दुख-दर्द को बांटने और विकास करने की होगी। मेरी जीत व्यक्तिगत नहीं पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत होगी। मैं भरपूर मेहनत करूंगी जो आप मांगेंगे पूरा करुगी।

# एचटी लाइन से टकराया डंपर, चालक की मौत

गोंडा कार्यालय

- नगर क्षेत्र के बुधई पुरवा में रात के अंधेरे में खोदी जा रही थी मिट्टी



**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुधई पुरवा गांव में रविवार की रात अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी की ढुलाई कर रहा एक डंफर ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। तार की चपेट में आते ही डंपर में करंट उतर आया और उसमें आग लग गयी। इस हृदय विदारक हादसे में डंपर चालक रामसकल पांडेय (36) पुत्र रामचंदर पांडेय निवासी इटौर थाना पूरे कलंदर अयोध्या की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। चालक आग की लपटों से घिरा तड़पता रहा, लेकिन उसे बचाने या पुलिस को सूचना देने के बजाय काम पर लगे श्रमिक और ठेकेदार भाग निकले। भोर में चार बजे जब रोजेदार उधर से गुजरे तो डंपर को जलता देख मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक चालक व डंफर पूरी तरह जलकर राख में तब्दील हो चुके थे। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच का दावा कर रही है लेकिन अब तक मृतक चालक की पहचान नहीं कर सकी है।

### निजी स्कूल में चल रहा था पटाई का काम

बताया जा रहा है कि नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में मिट्टी पटाई का काम चल रहा है। इसी स्कूल के लिए डंफर से मिट्टी की ढुलाई कि जा रही थी। मिट्टी खनन की अनुमति न होने के कारण रात को अंधेरे में अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा था और मिट्टी स्कूल में लायी जा रही थी। हादसे के बाद स्कूल संचालक मामले को दबाने में जुटा है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस भी मामले को दबाने में जुटी रही।

# सपा के पूर्व विधायक उज्जवल रमण कल बनेंगे कांग्रेस के सदस्य



उज्जवल रमण सिंह।

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी घोषित होने के बीच सपा के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक उज्ज्वल रमण सिंह कांग्रेस पार्टी से प्रयागराज लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे। उज्ज्वल मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर लेंगे। लखनऊ में पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में वह कांग्रेस का दामन थामेंगे। उनको ज्वाइन करने के लिए लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

बताते चलें कि सपा के कर्मठ और कद्दावर नेता कहे जाने वाले करछना से विधायक रहे उज्जवल रमण सिंह मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की कलाई पकड़ लेंगे। उनको शामिल करने का कार्यक्रम कांग्रेस के लखनऊ पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम इंडिया गठबंधन के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। प्रयागराज(इलाहाबाद) लोकसभा सीट से उज्जवल रमण सिंह का चुनाव लड़ना तय हो गया है। यह भी बताया जा रहा है कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव और कुंवर रेवती रमण सिंह की सहमति से ही उज्जवल रमण सिंह कांग्रेस में शामिल होंगे। पूर्व सांसद रेवती रमन सिंह ने भी इसकी पुष्टि कर दी है। उज्जवल के प्रयागराज सीट से चुनाव लड़ने से कांग्रेस को पलड़ा भारी होने की उम्मीद दिख रही है।

- प्रयागराज लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे, कांग्रेस ज्वाइन कराने की तैयारी हो गई पूरी

### कांग्रेस के बड़े नेताओं ने रेवती रमण से की थी भेंट

उज्जवल रमण सिंह के कांग्रेस में जाने भी अटकलें कई दिनों से चल रही थी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी के प्रभारी अविनाश पांडे और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राज ने पीजीआई में रेवती रमण से मुलाक़ात की थी। जिसके बाद उज्जवल रमण के कांग्रेस के टिकट पर प्रयागराज लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा जोरों पर चल रही थी। रेवती रमण सिंह करछ्ना विधानसभा सीट से आठ बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा प्रयागराज (इलाहाबाद) संसदीय लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद चुने गए। भाजपा के नेता डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी को पराजित किया था। सपा के बड़े नेताओं में रेवती रमण सिंह एक बार राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं। उज्ज्वल रमण सिंह ने प्रयागरान सीट से चुनाव लड़ने और कांग्रेस ज्वाइनिंग की बात पर कहा कि जब ज्वाइन करना है तो उसमे विरोधाभास कहां है। दोनो पार्टियों के शीर्ष सहमति से यह निर्णय किया गया है। मैं पहले चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। पार्टी का जो निर्देश हुआ है उसी के तहत प्रयागराज सीट से चुनाव लडूंगा। समाजवादी पार्टी के शत प्रतिशत लोग हमारे साथ है।

# अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, प्रयागराज

- कोर्ट के आदेश पर रविवार देर रात दर्ज हुई एफआईआर

**अमृत विचार :** अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव व सोरांव के पूर्व विधायक जमुना प्रसाद सरोज के खिलाफ़ नैनी कोतवाली में रविवार की देर रात को भी दो पीड़ितों की शिकायत के ममले में गबन समेंत कई धाराओं में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई है। इससे पहले भी दो लोगो ने लाखों गबन की रिपोर्ट पूर्व विधायक के खिलाफ के नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

रविवार को महेवा पश्चिम पट्टी की रहे वाल निकिता कुमारी ने कोर्ट में अर्जी देकर शिकायत की है कि पूर्व विधायक जमुना प्रसाद ने अपनी कंपनी में धोखाधड़ी करके पीड़िता से चार लाख रुपये जमा कराए। जिसमें पीड़िता को रुपया दोगुना देने का वादा किया गया। इसी प्रकार महेवा निवासी नरेंद्र कुमार से भी कंपनी में 6 लाख 75 हजार रुपया इन्वेस्ट कगया गया। जिनसे वायदा किया गया कि उनका रुपया दो गुना कर दिया जाएगा। समय अवधि पूरी होने पर पीड़ितो को न तो उनका मूल धन वापस किया न नही रकम दोगुनी करके दी गई। रुपया मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। रविवार को नैनी कोतवाली में पूर्व विधायक के खिलाफ कई धाराओं में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई।

# अतीक के शूटर ने किया सरेंडर

राजू पाल हत्याकांड

संवाददाता, प्रयागराज

- इसरार को मिली है आजीवन सजा, सीबीआई कोर्ट लखनऊ ने जारी किया था एनपीडब्ल्यू

**अमृत विचार :** प्रयागराज की सबसे बड़ी दिल दहला देने वाली घटना राजू पाल हत्याकांड में सजा पाने वाले आरोपी इसरार आज सोमवार को सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। प्रयागराज कमिश्नट्रेट पुलिस लगातार कई दिनों से इसरार की तलाश में छापेमारी कर रही थी। शूटर इसरार के घर के आलावा रिश्तेदारों के यहां लगातार दबिश पड़ने के कारण वह परेशान हो गया और दबाव में आकर लखनऊ सीबीआई कोर्ट में पहुंचकर आत्मसम्पर्ण कर दिया।

**18 साल के बाद आया फैसला :** 25 जनवरी 2005 प्रयागराज में गणतंत्र दिवस की तैयारी के बीच सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा शहर ही नहीं पूरा प्रदेश हिल गया था। विधायक राजू पाल को घेर कर गोलियों से भूनकर उसे मौत के घाट उतार दिया या। यह प्रयागराज की वह घटना है जिसे कोई भुला नहीं सका है। राजूपाल हत्याकांड में माफिया अतीक के करीबी फरहान, आबिद प्रधान, अब्दुल कवि, रंजीत पाल, गुल हसन, जावेद को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के वक्त सीबीआई कोर्ट लखनऊ में मौजूद रहे। सजा सुनाये जाने के बाद सभी के चेहरे में उतर गये थे। इन सात आरोपियों में एक इसरार फरार था। उसने भी कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### अतीक के शार्प शूटर अब्दुल कवि के भाइयों पर शिकंजा

राजू पाल हत्याकांड में आरोपी माफिया अतीक के करीबी शूटर अब्दुल कवि के भाइयो पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। सोमवार को सराय अकिल थाना क्षेत्र के भकंदा गांव में पुलिस और प्रशासन ने अब्दुल कादिर और अब्दुल वली के घर पर मुनादी कराकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। इस दौरान कई थाने की फोर्स और पीएसी बल मौजूद रहा। मालूम हो कि अब्दुल कवि माफिया अतीक अहमद का खास शूटर है। इसके ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज है। राजूपाल हत्याक़ांड में भी कवि और उसके भाई आरोपी है। राजूपाल हत्याकांड में अब्दुल कवि को उम्रकैद की सज़ा मिली है। सोमावर को पुलिस कमीश्नर्ट्रेट और प्रशासन ने कई थाने की फोर्स और पीएसी के साथ पहुंचकर मुनादी कराते हुए कुर्क कि नोटिस को चस्पा करा दिया।

# हाईकोर्ट सख्त, पुलिस कमिश्नर को नोटिस

संवाददाता, प्रयागराज

- 15 जुलाई तक हलफनामा दाखिल करें या कोर्ट में पेश हों

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमीन के एक विवादित प्रकरण में मारपीट की एफआईआर दर्ज न करने को लेकर प्रयागराज कमिश्नर रमित शर्मा को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह भी कहा कि मामले की एफआईआर दर्ज कर 15 जुलाई तक अनुपालन हलफनामा दाखिल करें या पुलिस आयुक्त कोर्ट में पेश हो।

यह आदेश न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने फूलपुर के याचिका इश्तियाक की ओर से दाखिल और मानना याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित दिया है। मामला फूलपुर थाना क्षेत्र के मैलाहन गांव का है। जहां वकील प्रणेश मिश्रा ने बताया कि याची की कृषि भूमि पर पड़ोसी मोहम्मद शाहिद उनके भूमि पर कब्जा कर रहे थे। 20 जनवरी को मना करने के बावजूद उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया था। जिसकी तहरीर पीड़ित ने फूलपुर थाने में दी थी, लेकिन मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद पीड़ित ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ललिता कुमारी के मामले में पारित आदेश का हवाला देते हुए प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी। कोर्ट ने संज्ञान में लेकर पुलिस आयुक्त को अवमानना नोटिस जारी किया है।

# हत्यारोपी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**प्रयागराज।** रविवार भी देर रात फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर बाजार में दूध कारोबारी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी बुल्ला बदमाश को पुलिस ने सोमवार की भोर में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

फाफामऊ के गद्दोपुर के रहने वाला संदीप पाल (18) दूध का करोबार करता था। वहीं गांव का ही अर्श उर्फ़ बुल्ला ने संदीप से मोबाइल खरीदा था। मोबाइल खराब होने के बाद अर्श अपना पैसा वापस मांग रहा था। जिसको लेकर पहले भी कहासुनी हुई थी। रविवार की रात संदीप अपनी दुकान एक अपने साथी नरेश के साथ बैठा था। तभी अर्श पहुंचा और दोनो के बीच विवाद शुरु हो गया। बात बढ़ते ही अर्श ने तमंचा निकाल कर संदीप के सिर में गोली मार दिया।

# मुख्तार के फाटक पहुंच रहे नेता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा नेता धर्मेंद्र व बलराम यादव भी पहुंचे

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके आवास यानी गाजीपुर के मोहम्मदाबाद में स्थित फाटक पर समर्थकों, नेताओं के पहुंचने का सिलसिला है। सबसे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने मुख्तार के परिजनों से मुलाकात की फिर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी अचानक मुख्तार के घर पहुंच गए। रविवार रात ओवैसी के पहुंचने पर समाजवादी पार्टी में इसकी सूचना मिलने पर हलचल बढ़ी।

सोमवार को सपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव व राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव भी मुख्तार के मुहम्मदाबाद स्थित आवास पर पहुंचे। पहले दोनों सपा नेता सीधे मुहम्मदाबाद के कालीबाग स्थित कब्रिस्तान पहुंचे। यहां मुख्तार अंसारी की कब्र पर फूल चढ़ाया। इसके बाद वे फाटक पर पहुंचे। यहां कुछ समय बिताने के बाद वे मुख्तार के बड़े भाई से मिलने के लिए मस्जिद के लिए रवाना हुए।

इधर, असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर खुद गाजीपुर जाकर अंसारी परिवार से मिलने की जानकारी देने के साथ लिखा कि, इस मुश्किल वक्त में हम उनके खानदान, समर्थक और चाहने वालों के साथ खड़े हैं। दरअसल, रविवार की रात से बड़े नेताओं के आने की खबर से ही समर्थकों की भीड़ बढ़ने लगी थी। इसे देखते हुए फोर्स भी बढ़ा गई है।

सपा नेता और आजमगढ़ से प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने पत्रकारों से कहा कि, मुख्तार की मौत मामले पर सर्वोच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और मौजूदा जज से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुन्ना बजरंगी, अतीक अहमद, अशरफ समेत अन्य की एक के बाद एक न्यायिक अभिरक्षा में मौतें हो रही हैं।

# अवैध निर्माण के कंपाउंडिंग पर शासन ने लगाई रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश भेजे गए

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत होने वाले निर्माण के कंपाउंडिंग यानी शमन पर रोक लगा दी है। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने शासनादेश जारी करते हुए विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है।

जारी आदेश में यह भी है कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में निर्धारित मानकों के अतिरिक्त निर्माण नहीं होना चाहिए। इतना ही नहीं, शमन के प्रकरणों में भी भवन निर्माण और विकास उपिविधि के अंतर्गत निर्धारित मानकों को शिथिल नहीं किया जाना चाहिए। जो निर्माण भवन निर्माण और विकास उपविधि के अनुमन्य नहीं हैं, उन्हें शमन के द्वारा अनुमन्य नहीं किया जाना चाहिए। अपर मुख्य सचिव आवास ने जारी शासनादेश में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का सख्ती से पालन करने करने को कहा है।

# स्थापना दिवस पर वोट साधेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 6 से 14 अप्रैल आंबेडकर जयंती तक सामाजिक समरसता अभियान की बनी योजना

**अमृत विचार :** भाजपा छह अप्रैल को पार्टी के 43वां स्थापना दिवस से लेकर बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सप्ताह भर सामाजिक समरसता अभियान के जरिए वोट साधेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे, जिसका राज्य, जिला, मंडल, बूथ स्तर पर सीधा प्रसारण होगा। इसे लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की चिट्ठी के बाद प्रदेश में तैयारी तेज हो गई है।

भाजपा ने छह अप्रैल से सप्ताह भर चलने वाले सामाजिक समरसता अभियान की योजना बनाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सभी प्रदेश अध्यक्षों और पार्टी नेताओं को सामाजिक समरसता सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए पत्र लिखा है। नड्डा ने इस दौरान चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी सभी प्रदेश अध्यक्षों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की है। छह अप्रैल की सुबह पीएम मोदी के संबोधन के लिए भाजपा ने पत्र के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य, जिला, मंडल, बूथ स्तर के कार्यालयों में इकट्ठा होकर प्रधानमंत्री के संदेश को सुना जाए। बूथ कमेटियों और पन्ना प्रमुखों को पीएम का भाषण सुनना चाहिए।

### उपलब्धियों पर होगी गोष्ठी

पार्टी ने निर्देश दिया है कि भाजपा कार्यकर्ता 14 अप्रैल तक पीएम के भाषण के बाद पार्टी के इतिहास और केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर गोष्ठी और परिचर्चा आयोजित करें। पार्टी के पदाधिकारियों और सभी सांसदों और विधायकों को स्थापना दिवस कार्यक्रमों में भाग लेना, एक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम तीन कार्यक्रम आयोजित करना और फोटो इंटरनेट मीडिया पर साझा करना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को बूथ स्तर के कार्यक्रमों में उनकी तस्वीर लगाकर मनाने के निर्देश दिए हैं।

आस्था | भजन गायक बोले, दूसरी पसंद काशी और ताजमहल तीसरी पसंद हो गया, अलग-अलग देशों से आए 45 पर्यटकों के साथ किये रामलला के दर्शन

# पर्यटकों की पहली पसंद बनी रामनगरी अयोध्या : अनूप जलोटा

अयोध्या कार्यालय



विदेशी पर्यटकों के साथ अयोध्या पहुंचे अनूप जलोटा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व भर के पर्यटकों की पहली पसंद अब अयोध्या और दूसरी पसंद काशी विश्वनाथ हो गई है। जबकि कभी पहली पसंद रहने वाला ताजमहल अब तीसरी पसंद हो गया है। यह दावा सोमवार को प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा ने किया।

वो साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और थाईलैंड सहित कई देशों के 45 पर्यटकों के साथ अयोध्या पहुंचे थे। सभी के साथ रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और देश में रचनात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी राम और लक्ष्मण की जोड़ी है। जहां तक अयोध्या के विकास की बात है तो अयोध्या का विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ही संभव हुआ। उन्होंने कहा मैं 55 वर्ष से अयोध्या आ रहा हूं। अयोध्या की दशा देखकर दुखी हो जाता था, न सड़कें और न ही ठहरने का कोई स्थान मिल पाता था। अब अयोध्या वास्तविक राम की नगरी लगती है। इसी कारण दुनिया भर से लोग हमसे कहते हैं कि अयोध्या दर्शन के लिए आप जब भी जाएं तो हमें भी साथ लेकर जाएं। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्या यह संभव था कि देश के 70 से 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पा सकें। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि जब देश के मुस्लिम विकास और अपनी सुरक्षा से प्रभावित होकर भाजपा को वोट दे रहे हैं तो आखिर फिर बचा क्या ? जलोटा ने दावा किया कि इस बार भाजपा 400 के पार पहुंच जाएगी।

### पूरे विश्व में हो रही है अयोध्या के रामलला मंदिर की चर्चा : शिव प्रताप शुक्ला

**अयोध्या :** पूरे विश्व में आज अयोध्या की चर्चा हो रही है। अयोध्या के भाग्य अब जागने वाले हैं। रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। अयोध्या या अन्य स्थान जो उत्तर प्रदेश में हैं वह यहां की जीडीपी को बढ़ाने का काम कर रहे हैं, जिस प्रकार से लोगों का भाव है। राम मंदिर से इकोनॉमी पर भी फर्क पड़ रहा है, लेकिन अभी यह चर्चा नहीं की जा सकती क्योंकि चुनाव चल रहा है। ये बातें सोमवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहीं। वो रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। अपने जन्मदिन के मौके पर अयोध्या पहुंचे राज्यपाल ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पर हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद रामलला का दर्शन-पूजन किया। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि यह जरूर कहा जा सकता है कि जो सबको देता है वह उत्तर प्रदेश को भी देगा। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद प्रथम दिन चढ़ावे को लेकर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने कहा कि रामलला के भव्य मंदिर में विराज होने के बाद जो चढ़ावा चढ़ा उसका प्रभाव प्रदेश के जीडीपी पर नजर आएगा। वार्ता के बाद वो गोरखपुर के लिए रवाना हो गए।



हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन करते हिमाचल के राज्यपाल। अमृत विचार

### बालाजी मंदिर के महंत ने रामलला को चढ़ाया चांदी का छत्र व मुकुट

**अयोध्या :** राजस्थान मेहंदी बालाजी मंदिर के पीठाधीश्वर डॉ. नरेशपुरी सोमवार को रामलला का दर्शन कर चांदी छत्र और मुकुट अर्पित किया। कारसेवपुरम में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय से मुलाकात की। उसके बाद राम मंदिर में पहुंचकर रामलला की दोपहर की आरती में शामिल हुए। जहां रामलला को पंचमेवे की माला, पुष्पमाला, पंचमेवा, फल और मिठाई अर्पित किया। इस दौरान पुजारी प्रदीप दास, विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह पंकज, गोपालजी राव, अनुज कुमार सहित अन्य भक्त भी मौजूद रहे। महंत डॉ. नरेश पुरी ने कहा कि अयोध्या नगरी में आकर हम प्रफुल्लित है। हनुमान जी की कृपा से ही भगवान श्री राम के दर्शन होते हैं। आज उन्हीं की कृपा से दर्शन मिला है।

# अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आने की अपील

अयोध्या कार्यालय

- डीएम ने बताया 17 को मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव

**अमृत विचार :** चैत्रराम नवमी मेले में भारी भीड़ आने की उम्मीद है। अयोध्या में भीड़ के ठहराव की एक क्षमता है। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि अलग-अलग तिथियों में अयोध्या आएं। जिससे उन्हें बेहतर सुविधाएं दी जा सकें। सुलभदर्शन हो सके। कुछ ऐसी ही अपील रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व भी की गई थी।

डीएम नितीश कुमार ने सोमवार को बातचीत में बताया कि चैत्र राम नवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू होगा। 17 अप्रैल को राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मेले में बेहतर सुविधा की व्यवस्था की गई है। मेले को लेकर श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से भी बातचीत की गई। रामनवमी के पर्व पर ज्यादा से ज्यादा समय राम मंदिर खोलने के लिए अनुरोध किया गया है, लेकिन दर्शन कराने की भी एक क्षमता है। भोग आरती के अलावा बचे समय में दर्शन कराने का प्रयास है। इसलिए श्रद्धालु अपने गांव व घर में राम नवमी मनाएं। कहा कि दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आएं। बताया कि ट्रस्ट ने भी श्रद्धालुओं से ऐसी अपील की है।

उन्होंने मेले की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसरों के साथ सुरक्षा पुख्ता की गई है। गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं को छाया मिले इसके लिए रामनवमी पर नगर निगम से जगह-जगह शेड लगवाने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेला क्षेत्र में अस्थाई मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे। प्रशासन ने संभावित भीड़ के मद्देनजर लगातार पार्किंग स्थलों की संख्या बढ़ा रहा है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बाज नहीं आ रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच फिर विवाद बढ़ सकता है। चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी नाम चीनी अक्षरों में लिखे गए हैं। चीन ने ये नाम पहाड़ों, नदियों और कुछ प्रमुख स्थानों के रखे हैं। जबकि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। गत दिवस ही भारत-भूटान सीमा पर बसाए गए नए गांव में चीन ने तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ बनाई है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन के सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है।

चौथी सूची जारी करने के साथ ये भी कहा गया है कि इन नामों को 1 मई, 2024 से लागू किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को जंनगनान के रूप में मान्यता देता है। चीन ने मार्च के शुरुआत में इस क्षेत्र पर अपना दावा ठहराते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश चीन का अंतर्निहित हिस्सा है। चीनी सरकार ने अप्रैल 2023 में चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन का उपयोग करके क्षेत्र में 11 नामों को तय किया था, जो तीसरी लिस्ट थी। पहली लिस्ट 2017 में आई थी, जबकि दूसरी 2021 में जारी की गई थी। यही नहीं चीन ने 11 मार्च को सेला सुरंग का उद्घाटन करने अरुणाचल प्रदेश पहुंचे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध किया था। भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। चीन लगातार भारत विरोधी कदम उठाकर नापाक चाल चलने से बाज नहीं आ रहा है।

हालांकि भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चीन की आक्रामक नीति पर अंकुश लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीन को अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।

# जानकारी और ज्ञान का फर्क समझना होगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है।

पढ़ा-लिखा होने का असली मतलब क्या है? सामान्य तरीके से अंग्रेजी में 'एजुकेटेड' कहें तो हिंदी भाषा में इसका शब्दानुवाद 'पढ़ा-लिखा' और संस्कारी होता है। मतलब यह कि सामान्य और कम शिक्षित व्यक्ति से कुछ ऊपर की वैसी पढ़ाई किया हुआ व्यक्ति जिसने हाई स्कूल लेवल तक पढ़ाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के देहात में 'यू घणा पढ़ा लिखा माणस सै' आशय उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसने न केवल उच्च शिक्षा अर्जित की है वरन स्वाध्याय से भी जानकारी का अपना स्तर बढ़ाया है।

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है। किसी खास बात पर अपनी राय भी 'रिज़र्व' रखनी चाहिए। कहते हैं न, बात की वैल्यू तभी होती है जब अपनी बराबर के स्तर वालों से जाए। आमजन अमूमन ऊंचे दर्जे वाली टेक्निकल या वैज्ञानिक जानकारी समझ नहीं पाता। मिश्रित और सामान्य जानकारी वाले समाज में ऊंचे ज्ञान वाली बात की कद्र नहीं होगी और हो सकता है खिल्ली भी उड़े। ज्ञानवान को ज्ञान के उपेक्षा नहीं सुहाती, क्योंकि बात की गहराई को नहीं समझने वाले वाले लोगों के लिए इसका परिप्रेक्ष्य और कॉन्टेक्स्ट विशिष्ट हो सकता है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है। अपेक्षा न किसी से रखें कि वह एक ख़ास कंटेंट से बौद्धिक रूप से इंडलजेन्स शो करेगा या उसे करनी चाहिए। वह खुद को इन्वोल्व तब करेगा जब एक उपयुक्त जवाब देने के लिए दूसरे के मन में बौद्धिक रूप से कुलमुलाहट होगी। इसमें बौद्धिक क्षमता और एनर्जी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में दो सिद्धांत याद रखने जरूरी हैं: एक, ज्ञान बाटेंगे तो अपनी

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है।

भी एक्सरसाइज होती है और यह बढ़ता है। दूसरे का स्तर बढ़ता है या नहीं, इसका फीडबैक नहीं मिलता। व्यक्तिगत तौर से परिचित लोग भी कन्नी काटते हैं। अनुभव यह भी कहता है कि लोग बात को पकड़ते जरूरत हैं, लेकिन रियेक्ट नहीं करते। सोचते हैं क्यों उलझा जाए। नए ज्ञान का सृजन करने के पश्चात इसके कन्फर्मेशन के लिए अकादमिक जगत में सह-बौद्धिकों से सहयोग -रिजेक्शन या अप्रूवल, अगर नहीं मिलता तो विश्व में आज ज्ञान का कारोबार इतना विशाल न हुआ होता। कारोबार का अर्थ ज्ञान सृजन में संसाधनों (पूंजी और स्किल्ड मनुष्य) के निवेश और ज्ञान के प्रसार -प्रिंटिंग एंड सर्कुलेशन, से है।

जानकारी और ज्ञान में क्या फर्क है। पहले तो यही समझना जरूरी है कि ज्ञानोदय से पहले जानकारी एक आधार रूप में मौजूद है, यह शर्त पूरी करनी होती है। जानकारी का मौके के अनुकूल विश्लेषण और एप्लीकेशन ज्ञानवान बनने के लिए जरूरी है। इसके रिजल्ट्स से ही विजडम पैदा होती। देखा गया है कि विजडम का ताल्लुक शतप्रतिशत इस बात से नहीं होता कि एक व्यक्ति का औपचारिक शिक्षा का स्तर कितना है बल्कि इससे कि उसकी ऑब्ज़र्वेशन और एनालिसिस की पॉवर कितनी सशक्त है। ये दोनों तत्व एक व्यक्ति के शैक्षिक स्तर और उसके परिवेशी अध्ययन और अनुभव से मिलते हैं तो व्यक्ति में ज्ञान का उदय होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है। इसमें कभी 'क्वांटम जम्प' नहीं होता। अनुभव न होने से 'प्रोडिजीज' में(मेधावी) भी गलतियां करते हैं और अनेक बार दुर्घटना हो जाती है। ज्ञान किसी और तरीके से फंक्शन करता है और जानकारी का उच्च स्तर किसी और तरीके से। ज्ञान और विजडम को क्या मापा जा सकता है और इसे क्वांटिफाई किया जा सकता अर्थात क्या इसकी नुमेरिकल वैल्यूज तय करके इनकी 'स्टेटिस्टिकल सिग्निफिकेंस' तय की जा सकती है। एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट्स इस बारे में क्या कहते हैं? ऐसा करने की पद्धति क्या है? और, मापन के समय गणना करते समय 'अनजान त्रुटियों' को निरस्त करने का फार्मूला लगाने के बावजूद क्या ऐसे नतीजों को स्वीकार किया जा सकता है? बड़ी बात यह है कि मैय्यर (मापन) किये जाने के बाद सावधानीवश यह चेतावनी या पूर्व-कथन (डिस्क्लेमर) इस नतीजे पर लगा दिया जाता है कि उक्त गणना केवल तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, दीर्घावधि के लिए या अमान्य है। इसलिए कि दस साल बाद व्यक्ति का बौद्धिक विकास होने या न होने से स्थिति बदली हुई होगी और अगर पिछ्ला डेटा किसी अगले या वर्तमान समय में एक निर्णय के लिए इस्तेमाल किया जाना है तो व्यक्ति को गंभीर हानि हो सकती है। यह उसके लिए अन्यायपूर्ण हो सकता है क्योंकि इसके कानूनी निहितार्थ भी हैं।

हमारे यहां अंग्रेजों के मैनर्स, कस्टम्स अर्थात सिविल लाइफ का बड़ा इन्फ्लुएंस रहा है। हमारे यहां भी ये सब व्यवहारिक तत्व प्रत्येक कम्युनिटी में मौजूद हैं। पहले बिंदु की बात करें तो हमारे यहां अदब में नाटकीयता कम है, लेकिन हाव-भाव अर्थात भंगिमाओं का अंश अधिक है। समाज में उच्च संस्कारित व्यक्ति की पहचान का एक तत्व 'अदब' है जिसे हम अपने महापुरुषों, जैसे कि राजकुलों में पैदा हुए श्रीराम जैसों और श्री हनुमान के जीवनचरित का अध्ययन करके जान सकते हैं जोकि अक्सर ही टेक्स्ट्स या एपिक्स के जरिये से मालूम होता है। लेकिन अंग्रेजों के अदब का परिचय हमें भारत में नियुक्त अफसरों और वाइसराय के दरबार आदि के संचालनों और दैनंदिन की शासकीय और सिविल लाइफ के कोड्स से ही मालूम होता है। हमारे अपने सामान्य जीवन में यह पारिवारिक ताल्लुकों के जरिये से मालूम होता है। एक अपढ़ बाप की बेटा या बेटी अगर विश्व स्तरीय वैज्ञानिक या विद्वान् है तो वह अपने पिता से पेश आते समय भारतीय अदब का ही पालन करेगा। अपने पिता से मिलते हुए वह अपना ज्ञान नहीं बघारेगा क्योंकि पिता और संतान का कार्यक्षेत्र अलग है। इसलिए मेरे हिसाब से भारत में पढ़ा-लिखा होने का मतलब जानकारी के आधिक्य से नहीं बल्कि 'नाते' या ताल्लुक से पैदा हुए अदब से अधिक होना चाहिए।

पारंपरिक नज़रिए से भारत में अफसर होने की सोच एक समय पर सिर्फ थानेदार, पटवारी और स्कूल मास्टर और क्लर्क या बाबू के पद पर नियुक्त हो जाने तक सीमित रही थी। अब हजारों नए काम पैदा हो गए हैं इसलिए अफसरों का डेजिग्नेशन बदला है तब भी पुराणी सोच वाले लोग अकसर यह पूछ लेते हैं कि अमुक व्यक्ति पटवारी, मास्टर और थानेदार से बड़ा है या छोटा! खैर, इस बाबत बहुत तरीके से बात हो सकती है, और बहुतों की एक्सप्लेनेशंस बिलकुल अलग तरीके से पेश हो सकती हैं, परन्तु समाज में निचले और मामूली पढ़े लिखे लोगों की संयुक्त सोच या 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' ऐसी है कि वे संकोची हैं तो तथाकथित 'पढ़े-लिखे' के आगे चुप रहेंगे या उसकी तरफ अधिक ध्यान न देते हुए दिनचर्या पूरी करते रहेंगे लेकिन उपेक्षा नहीं दिखाएंगे, रिजेक्ट तो करेंगे ही नहीं। 'कुछ लोग' बेशक उसे 'तिरस्कार' की नज़र से भी देख लें। जैसे कि समाज में निचले तबके का कोई व्यक्ति अगर एक इंटरनेशनल साइंटिस्ट या स्कॉलर हो गया है उसे दंभी व्यक्ति इसलिए तिरस्कृत करेंगे कि उसके परिवार की बैकग्राउंड 'निम्न' धंधे वाली रही है। इस बारे में देश में उच्च वर्णों में वर्ग विशेष की 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' कैसे काम करती रही है, इससे हमारा परिचय है ही। उच्च वर्णों में मामूली पढ़ा-लिखा भी बड़ा आदर पाया करता, लेकिन अब स्थिति बदली है। यह विडं बना है कि समाज में बैठने वाले एक उच्च शिक्षित व्यक्ति से उसकी क्वालिफिकेशन और आय के अलावा जाति आज भी जरूर पूछी जाती है। समाज में कुछ ढीठ लोग किसी भी उच्च शिक्षित को तिरस्कार के भाव से यह जरूर कह सकते हैं कि 'पढ़ा-लिखा तो जरूर है, लेकिन पटवारी या थानेदार तो नहीं'। ऐसे में कोई क्या कर लेगा!

## प्रसंगवश

# विदेशी संबंध और भारत

अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत कोई देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस स्पष्ट व्यवस्था के रहते हुए भी यह पाया जा रहा है कि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के अंदरूनी मामलों में दखल करती हैं। संप्रति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर ऐसे दखल के उदाहरण एकदम स्पष्ट हैं। पहले जर्मनी ने टोका टोकी की, फिर अमेरिका बोला और अब संयुक्त राष्ट्रसंघ इस घटना पर चिंता प्रकट कर रहा है। थोड़ा ही पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जेल भेजे गए थे, तब कोई बाहरी देश नहीं बोला था। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम देश में लागू हुआ, तो सत्तावन इस्लामिक देशों के सहयोग संगठन ने इस पर विरोधात्मक बयान दिया। यही नहीं इस संगठन ने अयोध्या राम मंदिर मामले के फैसले को लेकर भी चिंता जाहिर की और बयानबाजी की। एक अन्य उदाहरण कनाडा का है। वहां से खालिस्तान समर्थक अलगाववादी भारत विरोधी संगठन संचालित और सिंचित होता रहता है। इस संगठन के नेता हरदीपसिंह निज्जर की विगत में वहां हत्या हुई थी, जिसका सीधा आरोप वहां की सरकार ने भारत पर लगा दिया था। तुर्किये (टर्की) अमेरिका नीत नाटो का सदस्य है और हमारे खिलाफ बोलता रहता है। छोटे से देश मालदीव ने चीन के इशारे पर हमें आंखें दिखाकर वहां से हमारी सेना हटवाने की जिद की है और हटवा रहा है। वह 'इंडिया आउट' अभियान चला रहा है। लंका, जिसकी हम मदद करते



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रहे हैं, चीन के ऐसे जलपोतों को अपने बंदरगाह पर हफ्तों लंगर डालकर खड़े रहने की अनुमति दे देता है, जो निकट से हमारी जासूसी करते हैं। यही नहीं कुछ मास पूर्व पाकिस्तान स्थित अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने पाक अधिकृत कश्मीर की छह दिवसीय यात्रा की, जिसे भारत अपना कहता है। खबर मिलने पर भारत ने आपत्ति भी की थी। नेपाल और भूटान भी अब चीनी प्रभाव में दिख रहे हैं। भूटान की जमीन पर चीन अपना कब्जा बढ़ा रहा है। यह सब क्यों है? क्या भारत कमजोर है या इसे ताकतवर होते देख वाह्य शक्तियां ईर्ष्यावश ऐसा करती हैं? अथवा हमारी विदेश नीति में कोई कभी है? जो भी हो, हमें आत्ममुग्ध रहने की बजाय आत्म निरीक्षण करके स्थितियां सुधारनी चाहिए।

# दुर्दांत अपराधियों का प्रभा मंडल



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं।

बदलते समाज के साथ ही समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व की परिभाषा भी बदलती रहती है। कभी विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने वाले व्यक्ति-राणा प्रताप, चांदबीबी, दुर्गावती, शिवाजी हमारे पूजनीय हुआ करते थे, कभी स्वतंत्रता हेतु बलिदान करने या संघर्ष करने वाले-मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू कुंवर सिंह, चाफेकर बंधू,बाल, लाल, पाल, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, नेहरू हमारे नायक होते थे। सामाजिक मूल्यों के पतन के साथ हमारे नायकों में भी परिवर्तन हो रहा है। आज विद्वान अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, सज्जन नौकरशाह, शरीफ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी से अधिक बाहुबली, धनबली, कुख्यात राजनीतिज्ञ, तस्कर, अपराधी आदि समाज के प्रेरक व्यक्तित्व हो गए हैं। मैं 1986-89 में सीओ कोतवाली इलाहाबाद था, उस समय शहर में मौला भुक्खल तथा अतीक अहमद बड़े अपराधी हुआ करते थे। हम प्रायः भुक्खल महाराज, अतीक अहमद के घर दबिश देते रहते थे। 1988 के उप चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद में कांग्रेस के विरोध में ऐतिहासिक चुनाव लड़ रहे थे, उनको हराने में सहयोग देने के लिए भुक्खल को चुनाव तक गिरफ्तार न करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे और वह प्रचार के नाम पर शहर और देहात में निर्भय भ्रमण करते थे। वर्ष 1993 में जब मैं पुलिस अधीक्षक नगर होकर इलाहाबाद लौटा तो अतीक अहमद विधायक हो चुके थे। उसका कद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी उसकी कृपा के आकांक्षी रहते थे। 2009 के लोकसभा चुनाव के समय मैं डीआईजी झांसी था और अतीक ललितपुर जेल में निरुद्ध थे, उनके पूर्व परिचित, आयुक्त झांसी मंडल उससे जेल में मिलने हेतु आकुल थे, बहुत मुश्किल से उन्हें मैं रोक पाया। वर्ष 1995 में मैं पुलिस अधीक्षक नगर वाराणसी था। अगस्त में संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा तब तक प्रारंभ नहीं हुई जब तक मुख्तार अंसारी गाजीपुर जेल से छूट कर 70 बस तथा नौ कारों के काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंच कर मंचासीन नहीं हो गए। बाद में तो सपा, बसपा की सरकारों में वह एक महत्वपूर्ण शख्शियत और अपराध जगत के बेताज बादशाह हो गए थे। एक डिप्टी एसपी द्वारा उनके गैंग की लाइट मशीन गन की बरामदगी दिखाने पर उसे सरकार द्वारा इतना उत्पीड़ित किया गया कि उसे पुलिस सेवा त्यागनी पड़ी। ऐसे बहुत से स्वनामधन्य बड़े अपराधी हैं जो सरकार की कृपा से जनता और अधिकारियों पर भारी पड़ते हैं। बड़े अपराधी पैसा, जाति एवं धर्म का सहारा लेकर अपनी बिरादरी तथा क्षेत्र के राबिन हुड बन जाते हैं और विधानसभा तथा संसद की शोभा तक बढ़ाते हैं। अतीक की पुलिस अभिरक्षा में हत्या तथा मुख्तार अंसारी की न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में हुई मृत्यु दुखद है जिसमें बाद जांच दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए परंतु उनके जनाजे में उपस्थित जनसमूह तथा कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएं अपराधियों के महिमा मंडन का ज्वलंत उदाहरण है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो बाहुबलियों की उपेक्षा कर सके, कोई उन्नीस है तो कोई बीस। हमें अपराधियों के इस महिमामंडन को रोकना ही होगा नहीं तो देश पर माफियाओं का आधिपत्य हो जाएगा। आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं, जाति, धर्म, पैसा, शराब पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनावी बिगुल बजते ही दल बदल का खेल चरम पर है। प्रत्येक दल अपने यहां धुलाई मशीन लगा रखी है जो विरोधी दल के भ्रष्ट, अपराधी नेताओं को अपने दल में सम्मिलित कराकर उनका शुद्धिकरण कर दे रहे हैं। पहले मायावती जी ही पैसा लेकर टिकट देने के लिए जानी जाती थी, अब कमोवेश हर दल में यह चलन बढ़ा है। अब दिखावे के लिए भी कोई दल नैतिकता की बात नहीं करता। दलों का गठबंधन सिद्धांत पर न होकर, आपसी स्वार्थ पर हो रहा है। स्थानीय दलों में परिवारवाद चरम पर है। ईमानदारी और नैतिकता के नाम पर आए केजरीवाल तो जेल से ही सरकार चलाने का कीर्तिमान बना रहे हैं। झारखंडी हेमंत सोरेन जेल जाते समय मुख्यमंत्री पद त्यागने पर अब पछता रहे होंगे। चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है लेकिन अच्छे तथा बेदाग चरित्र वाले ही प्रत्याशी बने, इस पर वह तथा सर्वोच्च न्यायालय मौन है। अब प्रश्न है कि जब सभी दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं और बेदाग प्रत्याशी नहीं उतार रहे हैं तो हम मतदान क्यों करें?और यदि नहीं करते या नोटा का बटन दबाते हैं तो भी उन्ही दागी प्रत्याशियों में से कोई एक चुना जाएगा। इस विषय पर संविधान मौन और जिम्मेदार मतदाता असमंजस में है। अब तो बुरों में भी कम बुरा प्रत्याशी और राजनैतिक दल को तलाश कर ही मत देने का विचार करना पड़ेगा।

## सोशल फोरम

# एलुमनाई अब एक नई जाति है

यह सब कोई पंद्रह बीस साल पहले शुरू हुआ। मोबाइल ने रोजी रोटी की तलाश में दुनिया के मेले में बिछड़े सहपाठियों को ढूंढना मिलना आसान कर दिया। कुछ उत्साही लोगों ने मिलन समारोह रखे। बातें शुरू तो हुई-तुझे याद है हम कैसे क्लास बंक कर कचोरी खाने जाते थे। पर जल्द ही लोगों को समझ में आ गया कि मामला चड्डी बड्डी की बातें करने से कहीं ज्यादा गंभीर है। यह रेडी मेड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म मिलने जैसा था। राजनीतिक कनेक्शन, खदानों के ठेके, ऑर्डरों की जुगाड़, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के वैवाहिक संबंध जैसे तमाम मामलों में इन कॉलेज के दोस्तों से सलाह और मदद आने लगी। बात की बात में अनौपचारिक मिलन समारोह एक औपचारिक संस्था में बदल गए। लोग नए शहर में जाने से पहले अपने कॉलेज पास आउट जूनियर सीनियर बंदों के फोन नंबर जुगाड़ने लगे। अचानक लोगों को इन एलुमनाई एसोसिएशन से वही महत्व और संरक्षण मिलने लगा जो किसी जमाने में सरकारी नौकरी में ठाकुर या बामन लॉबी अपने जाति भाइयों को दिया करती थी। अब हालत ये है कि कॉरपोरेट में नौकरी देते समय यह देखा जाने लगा है कि इस उम्मीदवार के पीछे खड़ा एलुमनाई एसोसिएशन इसे ऑर्डर लाने, सरकार से काम निकलवाने में कितनी मदद करेगा। पार्टियों में नए मिले लोग जाति धर्म के अलावा यह जानना चाहते हैं कि आप कौन से कॉलेज से पढ़े हैं। एलुमनाई संगठन एक बड़ा सामाजिक



संजय वर्मा
इंदौर

बदलाव है। एक नई जाति का उदय हुआ है। बेशक इसकी बुनियाद में व्यापार व्यावसायिक फायदे ही थे लेकिन धीरे-धीरे यह एक एक्सटेंडेड फैमिली का रोल भी अदा कर रही है। शायद संयुक्त परिवार और गांव की पंचायत के छूट जाने से दिल दिमाग में जो खालीपन पैदा हुआ है ये एलुमनाई शायद उसे ही भर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या आने वाले दिनों में इस नई जाति में भी उसी तरह की कट्टरता आ जाएगी जैसे दूसरी जाति धर्म में होती है? हो सकता है आईआईएम अहमदाबाद वाले सिर्फ आईआईएम वालों को ही नौकरी पर रखें। ये भी संभव है कि वे छोटे कस्बाई कॉलेज वालों से छुआ छूत रखें। इंसान का मन जुड़ने के लिए कैसे-कैसे बहाने करता है, एलुमनाई उसकी एक मिसाल।

-फेसबुक वॉल से

# अपनी नगरी में निसर्ग के अद्भुत संकेत



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग–पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं।

अपने गुरुकुल भूमि की सोंधी महक किसे अच्छी नहीं लगती? काशी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय को मैं भावनात्मक रूप से दूसरी जन्मभूमि मानता हूं। इसलिए जब मेरी ज्येष्ठ बेटी ने नाती तथा दामाद के साथ बनारस चलने की इच्छा प्रकट की तो मैं तुरंत सहमत हो गया। हम लोग सपरिवार वायु यात्रा से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गोधूलि बेला में पहुंचे। बहुत शीघ्र ही हम अपने गंतव्य नदेसर स्थित महाराज काशीनरेश के पुराने राजभवन (नदेसर पैलेस) जो अब नदेसर ताज पैलेस के नाम से सुविख्यात है, पहुंच गए। वहां हम सबका स्वागत शंखनाद, वेद ध्वनि, पुष्पवर्षा, मंगल -तिलक, स्वस्तिवाचन तथा गंगाजी की मिट्टी से बने सुरुचिपूर्ण आकर्षक माल्यार्पण से हुआ। यद्यपि मैं बनारस में काफी लंबी अवधि तक रहा पर मुझे नदेसर पैलेस के इस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा का बिल्कुल भी आभास नहीं था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद हम लोग अपने अपने कक्ष में चले गए। मुझे जो कक्ष मिला वह संयोग से कश्मीर के पूर्व महाराजा कर्ण सिंह और उनके परिवार के अतिथि निवास का साक्षी रह चुका था। यह बात मेरे नाती के मन में गुदगुदी पैदा करती थी।

हम लोग करीब तीन दिनों तक नदेसर पैलेस प्रांगण में रुके और उस अवधि में दशाश्वमेध स्नान, संकटमोचन, काशी विश्वनाथ, काशी घाट दर्शन, गंगा आरती, काल भैरव, दुर्गाजी, वनकटी, दुर्गविनायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर का विहंगम परिभ्रमण, अपने पूर्व आवास ओल्ड एफ टू जोधपुर का कायाकल्प, प्रिंसिपल कालोनी स्थित प्राचीन हनुमानजी, 1971 के दशक में नगवां स्थित अमेठी कोठी के अपने आरंभिक निवास का जायजा लिया, आनंद उठाया। शहर के उत्तरी छोर पर स्थित भगवान बुद्ध की पीठस्थली सारनाथ भी गए। नवनिर्मित बौद्ध विश्वविद्यालय देखा। इस संपूर्ण प्रवास में निसर्ग की कुछ लीलाएं देखीं। काशी की विशिष्टताएं देखीं। उनमें से कुछ उल्लेखनीय घटनाएं:

एक गिलहरी का अध्यवसाय–प्रवास की पहली सुबह पैलेस परिसर में स्थित नंदीश्वर मंदिर की पूजा आरती में सम्मिलित होने गया। वहां पर मैंने एक अद्भुत नजारा देखा। एक गिलहरी मंदिर के कोने में बने एक दीप प्रकोष्ठ के छोटे सुराख के अंदर अपने मुख में कुछ भोज्य पदार्थ लेकर अंदर घुसने का प्रयत्न कर रही थी। अंततः उसने ऐसी सूझबूझ दिखाई की मैं हतप्रभ रह गया। गिलहरी ने भोज्य पदार्थ प्रकोष्ठ के छिद्र पर अटका दिया और प्रकोष्ठ की पिछली दीवाल से अंदर प्रवेश कर उस भोज्य पदार्थ को अंदर घसीट लिया। एक नन्हें से जीव द्वारा कमाल का चातुर्य और अध्यवसाय।

इस छोटी सी लगने वाली घटना ने मुझे सेतुबंध रामेश्वर के उस दृश्य का स्मरण करा दिया। कहते हैं दयानिधान राघवेंद्र श्रीराम के दुलारभरे हाथों की रेखाएं गिलहरियों के पृष्ठ भाग में आज भी उपस्थित हैं। मेरे मन में नंदीश्वर महादेव के सानिध्य में बने निर्मित प्रकोष्ठों के अत्यंत संकीर्ण छिद्रों के अंदर उस गिलहरी द्वारा घुसकर अपने भोज्य पदार्थ को ले जाने की घटना एक असाधारण अध्यवसाय की बात थी जिससे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अस्वस्थ अश्वत्थ–काशी में कोई आस्तिक आए और बिना संकटमोचन, दुर्गाजी, दुर्गविनायक तथा वनकटी दर्शन किये बिना लौट जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। हमने होटल से एक ई-रिक्शा किया और सीधे दुर्गाजी के निकट स्थित वनकटी हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। अब वहां पर तीसरी पीढ़ी के पुजारी जी थे। 1960 के दशक में वृद्ध तिवारी जी मंदिर की देखभाल करते थे, उनके बाद उनके दामाद स्वर्गीय रामगोपाल मिश्रजी और अब उनके भतीजे धनंजय मिश्र। एक बात जिसने मुझे बहुत आश्चर्यचकित कर दिया वह था, मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल के पेड़ की अनुपस्थिति। उसके स्थान पर एक नवजात पीपल का पौधा लगाया हुआ था। पुजारीजी से पूछने पर पता चला कि पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को अंदर ही अंदर दीमक (एक तरह की सफेद चींटी) चाट गई। इतने बड़े पीपल का दीमक द्वारा सर्वनाश मन को हिला देने वाली बात थी। यह कुछ उसी प्रकार की दुर्घटना थी जिस प्रकार अधिकांश असंक्रामक बीमारियां जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदयाघात, कैंसर आदि चीटीं की भांति हमारे शरीर में चुपचाप प्रवेश करती हैं और धीरे-धीरे विशालकाय हाथी का स्वरूप धारण कर शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की भांति खोखला कर देती हैं और उसे पूर्णतः ध्वस्त कर देती हैं।

दिये का संघर्ष –काशी में कुल चौरासी घाट हैं जो शहर के उत्तरी छोर राजघाट से शुरू होकर दक्षिणी सीमा सामनेघाट तक अर्धचंद्राकार रूप में फैले हुए हैं। इस प्राचीनतम नगरी के सांस्कृतिक वैभव को किसी को देखना हो तो रात की बेला में नौकाविहार के द्वारा विहंगम अवलोकन अत्यंत आवश्यक है। अब तो गंगा आरती का आयाम इस नौका आनंद को और कई गुण बढ़ा देता है। अंधकार और प्रबल नीरवता के बीच नौका पर काशी दर्शन आस्तिकता के एक और पक्ष का दर्शन कराता है। वह है घाट के किनारे दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा। इन्हीं में से एक दीपक जब मां गंगा की बीच धारा में ऊर्मिल लहरों के बीच अकेले संघर्ष करते प्रवहमान दिख जाता है तो सहसा भर्तहरि का वह श्लोक याद आ जाता है जिसमें वह कहते हैं – 'प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः। विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः, प्रारभ्य च उत्तमजनाः न परित्यजन्ति। उत्तम कोटि के लोग अच्छे काम के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं और उसे प्राप्त करके ही दम लेते हैं।

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं। गुंजित -कुंजित वातावरण बरबस काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंदिर प्रांगण की याद दिला देता है। अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल अल्पाहार के समय निकट छतरी के पास एक संगीतज्ञ महोदय सितार बजा रहे थे कि अचानक एक मयूर अपने दो शावकों के साथ हरे मैदान में आ गया और कुछ समय पश्चात नृत्य करने लगा। संगीत की निर्झरणी ने मयूर की हृदतंत्री को ऐसा झंकृत किया की वह निरभ्र आकाश के नीचे अपने समस्त पंख फैला कर नाचने लगा। कुछ ऐसा ही होता है हमारे हृदय की तंत्रिका प्रणाली को जब वह मर्यादा में संतुलित और सम्यक रहती है तब उसकी सुतालता (रिदम) बनी रहती है अन्यथा उसे अतालता में जाते देर नहीं लगती।

वानर का तंबाकू निषेध पाठ–अपने यात्रा क्रम में मैं और पुत्री दुर्गाजी गया। दर्शन करके लौट ही था की हमारे ई -वाहन चालक ने बताया की एक वानर उसके ई -वहां के स्टियरिंग के नीचे बने झोले से उसकी सुरती का पैकेट उठाया, भाग कर एक दीवाल पर बैठ कर उस सुर्ती के पैकेट को फाड़ा और फिर हिकारत की दृष्टि से वाहन चालक को घूर कर उस पैकेट को फेंक दिया। यह सुनकर मैंने उस ड्राइवर को उसके मलिन, क्षत-विक्षत, बदरंग दांतों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देखो अब इस वानर ने भी तुम्हें सुर्ती न खाने का पाठ पढ़ाया है। देखने में उपरोक्त घटनाएं बहुत छोटी और नगण्य सी लगती हैं लेकिन इन सबके पीछे अध्यवसाय, सुस्वास्थ्य, सोद्देश्यता, निरन्तरता तथा जीवन में तालमयता के गूढ आध्यात्मिक संदेश छिपे हुए हैं जिनका पालन कर हम अपने जीवन को समुन्नत और सार्थक बना सकते हैं। अवि मुक्तेश्वर काशी में निसर्ग से मिली इतनी सारी सीखें मुझे सदा सर्वदा याद रहेगी।

## फैजाबाद (अयोध्या) ने सबको गले लगाया

# किसी को निराश, उदास नहीं किया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला की नगरी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा) ने सबको गले लगाया है। धर्म-अध्त्याम ही नहीं राजनीति में भी। श्रीराम की धरती सबको बुलाती है, प्रेम करती है और सम्मान देती है। अयोध्या की तासीर कुछ ऐसी ही है। राम मंदिर आंदोलन के दौर में भी अयोध्या ने सियासत में किसी को उपेक्षित नहीं किया। सबको मौका दिया लेकिन बदले में अयोध्या को वह नहीं मिला, जिसकी जरूरत थी।

फैजाबाद लोकसभा सीट में शामिल अयोध्या वैराग्य की नगरी है। यह निरपेक्ष रहती है। अपने भक्तों के लिए सब कुछ करती है लेकिन उदास किसी को नहीं छोड़ती है, चाहे वह राजनीति ही क्यों न हो। संघ परिवार ने अस्सी के दशक में अयोध्या पर फोकस किया। 1984 में विहिप ने राम मंदिर मुक्ति आंदोलन छेड़ा। कांग्रेस की सरकार थी। भाजपा आंदोलन के पीछे सहयोगी थी। समर्थन और विरोध की पृष्ठभूमि में वामपंथ और दक्षिण पंथ की वैचारिक लड़ाई समानांतार रूप से चल रही थी। लेकिन भाजपा को अयोध्या ने दरकिनार कर दिया। वर्ष 1989 में वामपंथ को मौका दिया। भाकपा प्रत्याशी मित्रसेन यादव को सांसद बनाकर लोकसभा में भेज दिया। इसके बाद मंदिर आंदोलन और प्रचंड हुआ। विवादित ढांचा ढहाया गया।




### सपा को भी अपनाया

- अयोध्या ने राम लहर में 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मौका दिया। विनय कटियार सांसद बने। 1996 तक भगवा लहराता रहा। लेकिन 1998 के चुनाव में फिर पांसा पलट गया। वामपंथ के शीर्ष विचारकों के आवागमन और आंदोलन का दौर रहा। मुद्दे और पैनी सियासत का प्रभाव भी इसमें शामिल हुआ। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने की आरोपी व आंदोलन का विरोध कर रही सपा को अयोध्या ने मौका दिया। सपा के टिकट पर मित्रसेन को फिर सांसद बना दिया। लेकिन अयोध्या को आंदोलन की नगरी के नाम के सिवाय कुछ नहीं मिला। इसके चलते 1999 में विनय कटियार को फिर मौका दिया।

### तीन दशक में क्या कुछ नहीं देखा और सहा

- सन 1984 से 2014 तक तीन दशक में अयोध्या ने अपनी साझी संस्कृति का प्रसार किया। लोकतंत्र को वैचारिक रूप से मजबूत किया लेकिन धर्म अध्यात्म से इतर उसे कुछ खास नहीं मिला। अयोध्या अपनों से दूर रही। परिक्रमा रोक दी गई। आने वालों के लिए प्रतिबंध लग गए। सरयू के तट सूने हो गए। मठ-मंदिरों में बाहरी श्रद्धालुओं से इतर केवल संत और पुजारी रह गए। यह दुर्दिन के दिन थे। अखिल गुप्ता कहते हैं कि अयोध्या तो सबको अपने पास बुलाती है। लेकिन अयोध्या लंबे समय तक उपेक्षित रही। व्यवसायी घर चलाने के लिए पलायन करने लगे थे। अयोध्या अपनों से सूनी थी। वह दौर लोगों को आज भी याद है।

### इस बार मुकाबले में यह प्रत्याशी

- **सपा- अवधेश प्रसाद :** नौ बार अयोध्या से विधायक रहे हैं। 2017 में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा से हारे, लेकिन 2022 में गोरखनाथ बाबा को ही हराया।
- **भाजपा - लल्लू सिंह :** दो बार से सांसद चुने जा रहे हैं। 2014 में सपा के मित्रसेन यादव को हराया तो 2019 में सपा के आनंद सेन यादव को पराजित किया था।
- **बसपा - सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' :** अंबेडकर नगर भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। बसपा में शामिल होने पर मायावती ने टिकट दिया है।

### बसपा-कांग्रेस को मौका दिया

- अयोध्या संस्कृति की भी नगरी है। लोकतंत्र की जनक है। शायद यही कारण है कि राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रही भाजपा को अयोध्या के लोगों ने आंख मूंदकर समर्थन नहीं दिया। 2004 के लोकसभा चुनाव में हाथी नहीं गणेश है, नारा चला, तो अयोध्या ने बसपा का सांसद दिल्ली पहुंचा दिया। सभी प्रमुख दलों में अब केवल कांग्रेस शेष रह गई थी। वह भी सन 1985 में ताला खुलवाने का राग अलाप रही थी। अयोध्या ने कर्ज नहीं छोड़ा। 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को सांसद चुन लिया। इसके बाद अयोध्या में एक बार राम मंदिर और अयोध्या के विकास की अंतरधारा चुनावी तासीर में फैलने लगी। परिणामस्वरूप सन 2014 के चुनाव में भाजपा के लल्लू सिंह को अपनाया तो सन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें ही जिताया।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा लोकसभा सीट का स्वभाव भी उनके जैसा ही चंचल रहा है। कभी बड़े नामों को संसद में भेजा, तो कभी निराश भी किया। बाहरी प्रत्याशियों को भी चुनने में कंजूसी नहीं दिखाई। इस बार यहां से दो बार की भाजपा सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के सामने कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को टिकट देने का फैसला लेकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। इससे जाट बाहुल्य हॉट सीट पर लड़ाई अब ग्लैमरस और दिलचस्प हो गई है।

# जाट वोट जिसने साधे, उसकी होगी राधे-राधे

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यह सीट वर्तमान में भाजपा का गढ़ मानी जाती है। आजादी के बाद हुए आम चुनामों में जब पूरे देश में कांग्रेस का दबदबा था। मथुरा लोकसभा सीट पर उल्टी गंगा बह रही थी। यहां 1952 और 1957 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय पताका फहराई थी। 1962 से 1977 तक कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद लोकदल, जनता पार्टी व जनता दल प्रत्याशियों को यहां से जीतने का मौका मिला। 1991 से 2004 तक भाजपा ने अपना परचम लहराया। 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। लेकिन 2009 में रालोद ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया।

वर्ष 1991 में मथुरा में पहली बार तब कमल खिला, जब साक्षी महाराज यहां से चुनाव जीते इसके बाद 2004 और 2009 के चुनाव को छोड़कर हर बार यहां से भाजपा ही जीतती रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े चार लाख जाट वोट हैं। यही वजह है कि हर राजनीतिक दल की नजर इस वोट बैंक पर टिकी रहती है। इसी के चलते हेमा मालिनी जब यहां से चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था कि धर्मेंद्र से शादी करके वह भी जाट बन चुकी हैं। इस बार कांग्रेस से उनका मुकाबला करने को तैयार विजेंदर सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस से साउथ दिल्ली सीट पर भाजपा के रमेश विधूड़ी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास की बात कही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 वोट मिलने से जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे में विजेंदर सिंह पर दांव लगाकर कांग्रेस खोया जनाधार तलाश रही है।

### लोकसभा क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का ही कब्जा

- मथुरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव (सुरक्षित) आती हैं। इन पांचों विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी पांचों विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा ही आगे रही थी।
- **साढ़े चार लाख जाट, तीन-तीन लाख ब्राह्मण व ठाकुर मतदाता :** मथुरा लोकसभा सीट पर 19 लाख के आसपास मतदाता हैं। इनमें करीब साढ़े चार लाख मतदाता जाट समाज के हैं। इनके अलावा तीन ब्राह्मण और करीब तीन लाख ठाकुर, डेढ़ लाख जाटव और डेढ़ लाख से कुछ अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वैश्य वोटर यहां एक लाख और यादव मतदाता लगभग 80 हजार हैं।

### अब तक 14 सांसद जाट बिरादरी से चुने जा चुके

- मथुरा सीट जाट बाहुल्य होने का प्रमाण यही है कि अब तक यहां से चुने गए 17 सांसदों में 14 जाट बिरादरी से रहे हैं। इसी कारण इस लोकसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ भी माना जाता था। रालोद को मात देने के लिए ही 2014 में भाजपा ने सिने तारिका हेमा मालिनी को मैदान में उतारा था। हेमा मालिनी की शादी पंजाब की जाट बिरादरी से आने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से हुई है।

### 1977 में 77 फीसदी वोट पाने का रिकार्ड आज तक नहीं टूटा


- 1977 की जनता लहर में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल के मनीराम बागड़ी चुनाव जीते थे। उनकी जीत अब तक की इस सीट पर सबसे बड़ी जीत है। कोई प्रत्याशी उनके रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सका है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। 1977 के चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे। इनमें करीब 77 फीसदी 2,96,518 वोट मनीराम बागड़ी को मिले थे।

### तीन बार रनर रह चुकी है यहां पर बसपा

- बसपा को मथुरा लोकसभा सीट पर हाथी के झूमने का इंतजार है। सपा के यहां मजबूत स्थिति में नहीं होने और कांग्रेस की हालत 2004 के चुनाव के बाद से खराब होने के कारण भाजपा का मुकाबला बसपा ही करती रही है। पार्टी यहां से दिग्गजों पर दांव खेलने के साथ ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड भी खेल चुकी है, लेकिन जीत के लिए तरस रही है। वर्ष 1991 से 2014 तक बसपा यहां अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। तीन बार उपविजेता रही है। 2019 में सपा-रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा का प्रत्याशी मैदान में नहीं था। मथुरा सीट पर करीब डेढ़ लाख अनुसूचित जाति का वोट गिना जाता है।



### लोकसभा चुनाव -2019 का जनादेश






### बसपा ने टिकट बदल संघ से जुड़े पूर्व अधिकारी को उतारा

- मथुरा सीट पर बसपा ने पहले वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन अंतिम समय में बसपा ने प्रत्याशी बदलकर पूर्व आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को टिकट दे दिया। 62 वर्षीय स्कूल संचालक सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में तैनात रहे हैं। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की रही है। वह विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ऐन वक्त पर उनकी टिकट काट दी थी। 2019 में भी वह भाजपा से टिकट मांग रहे थे। जब नहीं मिला तो बाद में बसपा में शामिल हो गए थे।

- पहले आम चुनाव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह हारे, |तो अटल बिहारी बाजपेयी की जमानत जब्त हुई
- पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी और पुत्री ज्ञानवती को भी यहां से मिली पराजय
- गांधी परिवार के करीबी विदेश मंत्री रहे कुंवर नटवर सिंह भी इस सीट पर सफलता नहीं पा सके
- भरतपुर के राजा विश्वेंद्र सिंह और डींग के राजा मान सिंह को भी इस सीट से चुनाव में हार मिली

**लोकसभा चुनाव 2014 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | हेमा मालिनी | 6,74,633 |
| रालोद | जयन्त चौधरी | 1,43,890 |
| बसपा | विवेक निगम | 73,572 |
| सपा | दिनेश कर्दम | 36,673 |



# भाजपा और टीएमसी ने ही उतारे सितारे




अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेशके मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।



बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री रहीं सांसद लॉकेट चटर्जी को पश्चिम बंगाल की हुगली सीट से भाजपा ने इस बार फिर से मौका दिया है।



टीएमसी ने बांग्ला फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी को लॉकेट चटर्जी के मुकाबले हुगली से मैदान में उतारा है। वह तमिल, तेलगु और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



टीएमसी ने पूर्व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से चुनाव मैदान में उतारा है। शत्रुघ्न सिन्हा कई बार के सासंद हैं और कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे।



दूरदर्शन के रामायण सीरियल में श्रीराम का किरदान निभाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।



भोजपुरी फिल्मों के सिंगर और एक्टर मनोज तिवारी भाजपा के टिकट पर फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।



दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भाजपा ने उपचुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से दोबारा मैदान में उतारा है।



बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों के स्टार रहे रवि किशन को गोरखपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर टिकट दिया है।

**वादे और इरादे** — भाजपा घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में मुद्दों और सुझावों पर हुआ मंथन

# 'विकसित भारत' भाजपा के संकल्प पत्र का प्रमुख एजेंडा

चुनाव डेस्क, नयी दिल्ली

**3.75** लाख से अधिक सुझाव मिस्ड कॉल सेवा से आए

**1.70** लाख सुझाव नमो एप के जरिए भाजपा को प्राप्त हुए

**19** अप्रैल पहले चरण के मतदान से पहले आएगा संकल्प पत्र

**अमृत विचार।** भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' एजेंडा को चुनाव में इसे किस तरह पेश किया जाए, इसकी रूपरेखा पर गहन मंत्रणा हुई। बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के खाके पर भी चर्चा की गई। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से किए जाने वाले प्रमुख वादों पर विचार-विमर्श करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव आए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लोगों की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। अब लोगों में मिले सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा। इसके बाद समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श करके सर्वोत्तम को छांटा जाएगा। गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' वीडियो वाहन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके जरिए पार्टी ने लोगों के सुझाव लिए हैं। जो उपयुक्त लगेंगे उन्हें घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा।

**राम मंदिर, धारा 370 जैसे मुद्दे रहेंगे नदारद :** कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं।

### गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों को मिलेगी प्रमुखता

- माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने को देखते हुए पार्टी इनसे जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में प्रमुखता दे सकती है।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल के बड़े फैसलों की नजर आएगी बानगी

- प्रधानमंत्री मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लिये जाएंगे। उन्होंने आज भी एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले 10 वर्षों में जो हुआ वह तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है, विकसित भारत बनाना है'। ऐसे में घोषणा पत्र को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है।

### राजनाथ की अगुवाई में 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी को लिया गया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह 2019 में भी घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे। इस समिति के कई सदस्यों को मौजूदा समिति में दोबारा जगह दी गई है।



**पहाड़ की बेटी** ● हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका कंगना रनौत भीमाकाली मंदिर से बाहर आईं तो लोगों ने मालाओं से लाद दिया।

# राहुल को लोकतंत्र की परिभाषा नहीं पता : कंगना

(मंडी)

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत ने सोमवार को मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। कंगना ने भीमाकाली मंदिर सभागार में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा तक नहीं मालूम है। वह किस लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं।

हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं। कंगना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर कहा कि इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। कंगना ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

# बसपा के गढ़ अंबेडकरनगर में आसान नहीं भाजपा की राह

## 2019 में बसपा से जीते रितेश पांडे इस बार भाजपा उम्मीदवाद, सपा ने लाल जी वर्मा और बसपा ने कमाल शाह को उतारा

हरीओम, अंबेडकरनगर


सांसद रितेश पांडे-भाजपा


लालजी वर्मा-सपा


कलाम शाह-बसपा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में भाजपा, सपा और बसपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान भी कर दिया है। भाजपा ने बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर भरोसा करते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेता के तौर पर अच्छी पहचान है। बसपा ने भी अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर दांव खेलते हुए कलाम शाह को उम्मीदवार बनाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर जनपद की स्थापना की थी। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट को कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता था। बसपा सुप्रीमो मायावती अंबेडकरनगर लोकसभा (अकबरपुर सुरक्षित) सीट से तीन बार सांसद भी रह चुकी हैं। 2014 में मोदी लहर में पहली बार अंबेडकरनगर में कमल खिला। 2019 के लोकसभा चुनाव में समीकरण पूरी तरह से बदल गया। बसपा और सपा गठबंधन के तहत अंबेडकरनगर सीट बसपा के खाते में चली गई। बसपा ने यहां से रितेश पांडे को चुनाव लड़ाया और वह भारी मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी मुकुट बिहारी को मात देकर सांसद बन गए। बसपा उम्मीदवार रितेश पांडे को 5 लाख 64 हजार 118 वोट मिले थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार मुकुट बिहारी वर्मा को 4 लाख 68 हजार वोट मिले।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में रितेश पांडे ने मुकुट बिहारी को 95 हजार 880 वोट से पटखनी दी थी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में रितेश ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोशाईगंज विधानसभा शामिल हैं। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। अंबेडकरनगर की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। इनमें पुरुष 81.66 फीसदी और महिलाओं की साक्षरता दर 62.66 फीसदी है। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से 2009 में बसपा के राकेश पांडे चुनाव जीतकर सांसद बने थे।




### 2019 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| बसपा – | रितेश पांडे – | 5,64,118 | वोट मिले |
| बीजेपी – | मुकुट बिहारी – | 4,68,238 | वोट मिले |

### 2014 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| बीजेपी | हरिओम पांडे | 4,32,104 | वोट मिले |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 | वोट मिले |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 | वोट मिले |

### दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर जातिगत मतदान की बात करें तो दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक है। दलित और मुस्लिम वोटर ही लोकसभा उम्मीदवारों की दशा और दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर लगभग 4 लाख से अधिक दलित और तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर कुर्मी मतदाताओं की संख्या भी ठीक-ठाक है। कुर्मी मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख से ज्यादा है। इस सीट पर करीब 2 लाख ब्राह्मण और एक लाख से ज्यादा ठाकुर मतदाता भी हैं।

### यह बढ़ा रहे जनपद का गौरव


महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज और एनटीपीसी जैसे संस्थान जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस लोकसभा सीट की पहचान कपड़ा बुनाई को लेकर भी है। यहां बना टेरीकाट कपड़ा और आराफाती गमच्छा विदेशों तक जाता है।

### जनपद में 18,52, 627 मतदाता

जनपद में 26 ,444 युवा पहली बार मतदान करेंगे। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 18,52, 627 है। जिसमें से 9,64, 663 पुरुष और 8,87,946 महिला मतदाता हैं। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है।

# प्रत्याशी तय करने में भाजपा आगे

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जहां एक तरफ इंडिया गठबंधन टिकट को लेकर उहापोह में पड़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनावी मैदान में उतार दिया है।

बताते चलें कि लोकसभा 2024 का महासंग्राम जैसे-जैसे तेज पकड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर सभी पार्टियों की निगाहें टिकी गई हैं। सवाल यहां इस बात का आता है कि क्यों न निगाहें टिकें। क्योंकि देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश अपना अहम भूमिका केंद्र में सरकार बनाने में निभाता है। पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन अभी तक अपना बिसात नहीं बैठा पाया। हर एक सीट पर पार्टियों की पैनी नजर है। पार्टी उसी चेहरे पर अपना दांव लगाना चाहती है जो करीब करीब जीत सुनिश्चित कर दे। चेहरे की तलाश को लेकर उत्तर प्रदेश में ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन की तलाश जारी है। चुनावी बिगुल में चर्चाओं का माहौल कई तरह से गरम नजर आ रहा है। जिसमें कुछ लोगों का यह भी कहना है कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को टिकट देने के बाद टिकट को काट भी सकती है, और दूसरे चेहरे को भी चुनाव मैदान में उतार सकती है। फिलहाल इसमें कोई दो राय नहीं है कि जिन प्रत्याशियों का टिकट फाइनल हो गया है वह रात दिन क्षेत्र में भाजपा की और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। उसमें कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो मोदी और योगी के सहारे अपनी नैया पार लगाना चाहते हैं। शहर से लेकर गांव देहात चौराहों पर धीरे-धीरे चुनावी चर्चाएं शुरू होते हुए दिखाई दे रही हैं। इस बात की भी चर्चा हो रही है कि इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। ऐसी स्थिति में बसपा पार्टी भी पूर्वांचल में दमदार चेहरे की तलाश कर रही है। फिलहाल यह कहा जा सकता है इंडिया गठबंधन और बसपा पूर्वांचल में दमदार चेहरा तलाशने में लगी हुई हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी विकास का नारा देते हुए अपनी राह को आसान बनाती जा रही है। चर्चाओं के माहौल में पूर्वांचल की कई एक लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन और बसपा लखनऊ से दिल्ली तक का चक्कर पार्टी के प्रत्याशी काट रहे हैं।

# अमेठी को भायी बहू, उमड़ पड़ा था भावनाओं का ज्वार

## सोनिया गांधी ने अमेठी से किया था राजनीतिक पदार्पण, मिली थी बड़ी जीत

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली



**अमृत विचार।** वर्ष था 1999, सलीकेदार साड़ी, सिर पर पल्लू रखकर सोनिया गांधी जब 'बहू' के रूप में अमेठी में अपने राजनीतिक सफर के लिए आई तो गांधी परिवार से जुड़ा लोगों का भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। इंदिरा गांधी की बहू को लोगों ने इस तरह पलकों पर बिठाया कि उस समय अमेठी के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी की आंधी में बाकी दल उड़ गए।

1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद 1999 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए अपने पति स्वर्गीय राजीव गांधी का चुनाव क्षेत्र रहे अमेठी को चुना। उस समय कांग्रेस कमजोर मानी जा रही थी लेकिन सोनिया गांधी के आते ही कांग्रेसियों में जोश भर गया। सोनिया गांधी के सामने अमेठी राज परिवार के संजय सिंह थे, जिनके पास अमेठी में जमीनी पकड़, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार का बल भी था। हालांकि एक समय संजय सिंह गांधी परिवार के काफी करीबी थे, लेकिन उसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए और उन्होंने 1998 में कांग्रेस के सतीश शर्मा को अमेठी में हरा भी दिया था। 1999 में देश में हुए मध्यावधि चुनाव में अमेठी ने 'बहू' को पलकों पर बिठाया। सोनिया ने 418960 वोट पाकर बड़ी जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी को 118948 वोट प्राप्त हुए। सपा व बसपा की स्थिति और भी ज्यादा खराब रही।

**अतीत के झरोखे से**

### सिर पर हमेशा रहा पल्लू

1999 से 2003 तक अमेठी और 2004 से 2024 तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने वाली अपराजित योद्धा सोनिया गांधी हमेशा यहां पर साड़ी और सिर पर पल्लू डाल कर ही आई हैं। हमेशा उनकी कोशिश रही कि उनके सिर से पल्लू न सरकने पाए।

### 1999 में किसको मिले कितने मत

| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 418960 |
| भाजपा | संजय सिंह | 118948 |
| बसपा | पारस नाथ मौर्य | 33658 |
| सपा | कमरुज्जमा फौजी | 16678 |

# मतदाताओं को अखर रही राजनीतिक दलों की चुप्पी

## टिकट में देरी से दलों को उठाना पड़ सकता है नुकसान

## भाजपा उम्मीदवार के इंतजार में अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहीं पार्टियां

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज में भाजपा अपना उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित कर रही है इसका कारण लगभग साफ है कि पार्टी अभी अपने राजनैतिक हानि लाभ का गुणा गणित लगाने में जुटी हैं, लेकिन भाजपा के साथ ही सपा व बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। दोनों ही दल भाजपा से पहले अपना उम्मीदवार उतारने से हिचक रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि इस क्षेत्र में सपा-बसपा की पैठ नहीं है। कैसरगंज सीट तो समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है। पार्टी के कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा वर्ष 1996 से 2009 तक इस सीट से चार बार सांसद रहे हैं तो 2009 में बृजभूषण शरण सिंह ने भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही यहां से चुनाव जीता था। वर्ष 2014 में पार्टी के प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री स्व विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को यहां से तीन लाख से अधिक मत मिले थे। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी को भी इस क्षेत्र से पर्याप्त समर्थन मिलता रहा है। पिछले तीन चुनावों पर गौर करें तो वर्ष 2009 में बसपा प्रत्याशी पुत्तू अवस्थी यहां दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2014 में बसपा प्रत्याशी केके ओझा को 1.46 लाख वोट तो वर्ष 2019 में सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार चंद्रदेव राम यादव करैली को यहां से 3.19 लाख वोट मिला था। इस मजबूत वोट बैंक के बावजूद इन दोनों दलों की चुप्पी यहां के मतदाताओं को अखर रही है। समय पर उम्मीदवारी की घोषणा न होने से इसका नुकसान भी इन पार्टियों को उठाना पड़ सकता है। कार्यकर्ता भी इस बात को दबी जबान से स्वीकार कर रहे हैं कि टिकट वितरण में देरी का खामियाजा कहीं न कहीं पार्टी और उसके प्रत्याशी को उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा तो एक पर है सपा का कब्जा

● **अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के तहत गोंडा जिले की तीन विधानसभा सीटें और बहराइच जिले की दो विधानसभा सीटें आती हैं। गोंडा की कटरा, करनैलगंज और तरबगंज विधानसभा सीट और बहराइच की पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा सीट इस संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में कटरा विधानसभा सीट से भाजपा के बावन सिंह, करनैलगंज से भाजपा के अजय कुमार सिंह व तरबगंज से भाजपा के प्रेम नारायण पांडेय व बहराइच की पयागपुर सीट से भाजपा के सुभाष त्रिपाठी ने जीत हासिल की, जबकि कैसरगंज सीट पर समाजवादी पार्टी के आनंद यादव का कब्जा है।

### समझौते की राजनीति ने खत्म किया कैडर अब प्रत्याशी तलाश में छूट रहे पसीने



● **अमृत विचार :** चुनावों में किए बेमेल समझौतों ने यहां से सपा व बसपा का कैडर खत्म कर दिया है। वर्ष 1996 से 2014 तक इस सीट पर सपा का कब्जा रहा। वर्ष 2014 में भी पार्टी को यहां 33 प्रतिशत वोट मिला था, लेकिन वर्ष 2019 में सपा ने यह सीट समझौते में बसपा को दे दी। लेकिन सपा का वोट बसपा के प्रत्याशी को नहीं गया और बसपा प्रत्याशी चंद्रदेव राम यादव चुनाव हार गए। इस समझौते से सपा को फायदा मिलने के बजाय नुकसान ही हुआ। इसके बाद से ही सपा का जनाधार इस सीट पर लगातार घटा है। प्रत्याशी की घोषणा में हो रही देरी की यह सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। वर्ष 2019 में सपा बसपा के गठजोड़ ने दोनों ही दलों को नुकसान पहुंचाया है। यही कारण है कि अब दोनों दलों को इस सीट से प्रत्याशी तलाशने में पसीने छूट रहे हैं। भले ही भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी अभी नहीं घोषित किया है लेकिन सपा बसपा में भाजपा के मुकाबले चुनाव लड़ने वाला कोई दमदार प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा है। पार्टी के नेता ही इस सीट से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि इस बार सपा और कांग्रेस के बीच समझौता है इसके

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

### वर्ष 2019 के चुनाव का लेखा जोखा

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा | 581358 | 59 .24 |
| चंद्रदेव राम यादव | बसपा+सपा | 319757 | 32 .58 |
| विनय कुमार पांडेय | कांग्रेस | 37132 | 3 .78 |

### वर्ष 2009 का चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | सपा | 196063 | 34 .7 |
| सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू | बसपा | 123864 | 21 .9 |
| लालता प्रसाद मिश्रा | भाजपा | 120561 | 21 .3 |
| मो अलीम | कांग्रेस | 73140 | 12 .9 |

### वर्ष 2014 में किसको मिले कितने वोट

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा | 381500 | 40 .4 |
| विनोद कुमार सिंह | सपा | 303282 | 32.1 |
| केके ओझा | बसपा | 146726 | 15 .6 |
| मुकेश श्रीवास्तव | कांग्रेस | 57401 | 6.1 |

**विडम्बना** नहीं मिलता महिलाओं को टिकट, अब तक सिर्फ एक महिला ही यहां से संसद पहुंची

# यहां पुरुषों के मुकाबले अधिक है महिला मतदाताओं की संख्या

संजय श्रीवास्तव, जरवल बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन कई बार बदला। पहले इस लोकसभा क्षेत्र में बाराबंकी जिले के दो विधान सभा क्षेत्र शामिल थे। इसके बाद नए परिसीमन के तहत बाराबंकी जिले के विधान सभा क्षेत्र को अलग करते हुए गोंडा जनपद की तीन विधान सभा क्षेत्रों को शामिल किया गया। इस सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लेकिन सिर्फ जनसंघ की ओर से ही महिला प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। इसके बाद किसी भी पार्टी ने महिला प्रत्याशी नहीं उतारा।

जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट काफी यादों को सहेजे हुए है। आजादी के बाद वर्ष 1952 में लोकसभा सीट का गठन हुआ था। तब उस समय कैसरगंज लोकसभा सीट में बाराबंकी जिले की राम नगर और दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र को शामिल किया गया था। इसके डेढ़ दशक बाद बाराबंकी जिले की विधान सभा सीट को हटाते हुए गोंडा जिले की तीन विधान सभा सीट को कैसरगंज लोकसभा सीट में शामिल किया गया।

कैसरगंज लोकसभा सीट में महिला मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। लेकिन 47 वर्ष के चुनाव में जनसंघ की ओर से सिर्फ शकुंतला नैयर और कांग्रेस ने बसंत कुंवारी को चुनाव मैदान में उतारा। जिस पर शकुंतला नैयर ने चुनाव जीता था। उसके बाद से किसी भी पार्टी ने इस सीट पर महिला प्रत्याशियों को तवज्जो नहीं दी।

1971 में भारतीय जन संघ से शकुंतला नैयर चुनाव जीती लेकिन मुख्य लड़ाई में कांग्रेस से वसंत कुंवरि थी। इस चुनाव में शकुंतला नायर को 88980 मत मिले चुनाव में हार जीत का अंतर 2598 वोटो का था इस चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने नारी शक्तियों के दबदबे को नहीं समझा।

### कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र

### वर्तमान में भाजपा के बृजभूषण हैं सांसद

कैसरगंज लोकसभा सीट से वर्तमान में भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। साथ ही वह अपने टिकट को लेकर आश्वस्त हैं। क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने के साथ लोगों से मुलाकात भी कर रहे हैं। ऐसे में कयासों का दौर भी जारी है।

### विधान सभा वार मतदाताओं की संख्या एक नजर में

| विधानसभा क्षेत्र | महिला मतदाता | पुरुष | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| पयागपुर | 204828 | 182554 | 387399 |
| कैसरगंज | 206010 | 183676 | 389690 |
| कटरा बाजार | 211098 | 185825 | 396936 |
| कर्नलगंज | 177854 | 156327 | 334203 |
| तरबगंज | 198148 | 173607 | 371773 |



# कहां चले गए नीले झंडे, कहां गए कसमें खाने वाले

संवाददाता, हरदोई



**चुनाव की तैयारियों में काफी पीछे है बसपा**

**अमृत विचार।** समय के साथ-साथ राजनैतिक दलों में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है। कभी जिले में छुटभैये से लेकर बड़े नेताओं के वाहनों पर नीला झंडा दिखाई देता था, लेकिन अब जिले में झंडा तो दूर कार्यालय तक का पता नहीं रह गया है। जिले में भाजपा व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जहां जनसंपर्क में जुटे हैं, वहीं बसपा का प्रत्याशी तक अभी तय नहीं हो पाया है। एक समय था जब छोटे या बड़े चुनाव में बसपा का टिकट लेने के लिए लोग एड़ी चोटी का जोर लगा देते थे।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा ने अपनी पूरी तैयारी काफी पहले से ही कर ली। गांव से लेकर शहर तक बैठकों का दौर चल रहा है। तरह-तरह के कार्यक्रमों के जरिए गांव-गांव में भाजपा ने अपना संदेश पहुंचा दिया। प्रांतीय नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक पूरी तरह चुनाव में लगा हुआ है। इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, लेकिन अभी चुनाव के संबंध में एकजुट होकर कोई बैठक नहीं हो पाई है। चुनाव के दौरान ही जिलाध्यक्ष के बदले जाने से पूर्व जिलाध्यक्ष का खेमा चुनाव से बिल्कुल दूर बैठा है, वहीं नए जिलाध्यक्ष ने भी चुनाव के संबंध में अभी कार्यकर्ताओं को कोई संदेश नहीं दिया है। इन सबसे दूर बसपा का कहीं कई पता नहीं चल रहा है। न तो बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया और न कोई चुनाव की बात हो रही है। यहां तक कि बसपा का कार्यालय तक कहीं मुख्य जगह पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक समय था जब बसपा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए गली मोहल्ले के छुटभैये नेता के अलावा बड़े नेता भी बसपा के प्रांतीय कार्यालय पर चक्कर काटा करते थे। जिले के छोटे से बड़े नेता की गाड़ी पर हाथी निशान का नीला झंडा दिखाई देता था। तमाम नेताओं ने जिले में बहनजी के आने पर मरते दम तक पार्टी में रहने की कसमें खाई थीं। भरे मंच पर उनका आशीर्वाद लेकर बसपा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही थी, लेकिन अब जब बसपा का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त हो गया, तब जिले में कोई बसपा का नाम लेने वाला नहीं रह गया है।

जब पार्टी सत्ता में थी, तब छोटे से लेकर बड़े चुनाव में लोग टिकट पाने के लिए नीला झंडा हाथ में लेकर पार्टी के बड़े नेताओं की चौखट पर दस्तक देते रहते थे, लेकिन समय का ऐसा बदलाव हुआ जब पूरे देश में लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है, तब जिले में बसपा को कोई प्रत्याशी तक नहीं मिल रहा है और न ही कोई टिकट के लिए उत्साहित दिख रहा है।

## एक नजर

### मुरादाबाद के लिए नहीं शुरू हुई उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने की योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतरी है। लगभग 15 दिनों के बाद भी मुरादाबाद के लिए लोगों को हवाई सेवा का इंतजार है। बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस ने श्रावस्ती, मुरादाबाद, अलीगढ़, चित्रकूट और आजमगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू करने का एलान किया था। सेवाएं 2 मार्च से शुरू होनी थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया गया था, मगर हवाई सेवा शुरू होने की तिथि आगे बढ़ा दी गई। 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने टर्मिनल 3 की वर्चुअल शुरुआत की थी। 12 मार्च से श्रावस्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू हुई, लेकिन अभी तक मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी। सूत्रों की मानें तो मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा कब शुरू होगी, इसकी तिथि तय नहीं है। मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू होने की तिथि तय होने के बाद कंपनी नए सिरे से शेड्यूल जारी कर सकती है।

### सीएम डैशबोर्ड पर नहीं दर्शा रहे प्रगति, स्वीकृति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभागीय पोर्टल सीएम डैशबोर्ड से एकीकृत किए गए हैं। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ी योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति अपलोड नहीं की जा रही है। इससे जिलों की रैंकिंग प्रभावित है। सीएम डैशबोर्ड से ज्यादातर विभागों की योजनाओं को लिंक किया गया है। इसकी मॉनीटरिंग संबंधित मंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से होती है। एकीकृत पोर्टल से योजनाओं की स्थिति व प्रगति का पता चलता और इस आधार पर हर माह मूल्यांकन कर रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ी योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति की सूचना अपलोड व अपडेट नहीं की जा रही है। पर्यटन निदेशालय ने सुधार के लिए सभी डीएम व सीडीओ, उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध निदेशक उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन आदि को पत्र लिखा है।

# इस बार मोदी को 80 मनको की माला पहनाएगा प्रदेश

## योगी ने हाथरस, बुलंदशहर व गौतमबुद्ध नगर में प्रबुद्धजनों को किया संबोधित



कार्यक्रम के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- अनूप वाल्मीकि प्रधान, भोला सिंह और डॉ महेश शर्मा को जिताने के लिए की अपील

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए लोस. चुनाव में उप्र. की सभी 80 सीटों पर जीत का भरोसा जताते हुए कहा है कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी को 80 मनकों की माला पहनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी के कारण राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आये दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। मगर आज यहां आमजन नहीं बल्कि गुंडे और अपराधी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को तीन जिलों में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। योगी इसके बाद बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में पार्टी का प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजन को एक-एक वोट की ताकत समझाने की अपील की।

### डर नहीं लगता, जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित

गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता-जनार्दन खुश तो हम खुश। हमारे लिए इससे अधिक खुशी कुछ भी नहीं। लोग कहते हैं कि अपराधियों पर कार्रवाई करते हैं, डर नहीं लगता है। मैं कहता हूं कि जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित है। एक सरकार थी जो कर्फ्यू लगाती थी, एक सरकार है जो शानदार कांवड़ यात्रा निकाल रही है। उन्हें कर्फ्यू प्यारा था, हमें जनता की खुशहाली प्यारी है। योगी ने नोएडा से डॉ. महेश शर्मा को तीसरी बार सदन में भेजने की अपील की। अलग-अलग जिलों में इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के पदाधिकारी, विधायक, सांसद मौजूद रहे।

हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले। बेटी-व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो।

जातिवाद-परिवारवाद नहीं, सबका साथ-सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। योगी ने यहां से अनूप वाल्मीकि को विजयी बनाने की अपील की।

वहीं, बुलंदशहर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी ने उन्होंने पार्टी प्रत्याशी भोला सिंह के लिए मतदान की अपील की। यहां तक कि बुलंदशहर को अराजकता और आतंक का पर्याय बना दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को दबाने का कार्य किया जाता था।

## योगी, ठाकुर, केशव और ब्रजेश का आज चुनावी दौरा

**अमृत विचार, लखनऊः** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं के धुंआधार दौरे शुरू हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुरादाबाद व अमरोहा में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक रामपुर में वोट साधते दिखेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बदायूं और बरेली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। वे सबसे पहले सुबह 11: 30 बजे रामा इंटर कॉलेज के सामने, पीलीभीत में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जबकि दोपहर 1:10 बजे बदायूं क्लब, बदायूं में और दोपहर 02:40 बजे बरेली इंटर कॉलेज, बरेली में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को मुरादाबाद और अमरोहा के प्रवास पर रहेंगे। सुबह 11 बजे रेडसफाइर एमडीए कांठ रोड, मुरादाबाद में साइबर योद्धा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। जबकि दोपहर 2 बजे सांसद फार्म हाउस, गजरौला, अमरोहा में साइबर योद्धा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को दोपहर 12 बजे मेरठ के शुभकामना हॉल शास्त्रीनगर में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन सभा में सम्मिलित होंगे। जबकि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दोपहर 12 बजे संदली रिसॉर्ट विलासपुर, रामपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। उधर, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को सुबह 11 बजे राजतिलक वाटर पार्क दिल्ली रोड, युनिटेक के सामने, सहारनपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

# मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं बल्कि हुई शुरू : अफजाल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ



- अपनी बारी का 10 साल इंतजार करेगा मुख्तार परिवार, कब्र में शव को सुरक्षित रखने का भी इंतजाम
- नौकरशाहों व राजनेताओं पर उठाए सवाल, उन्हें कठघरे में लाने की तैयारी

**अमृत विचार :** 'सौ सुनार की एक लोहार की..'। यह कहावत माफिया मुख्तार अंसारी को नजदीक से जानने वाले बखूबी समझते हैं। वह जब भी इलाके में बड़ा काम करता था या आर्थिक साम्राज्य में रोड़ा बनने वालों को निपटाता था, तो यह कहावत पूरे अंदाज से दोहराता था। मुख्तार की मौत के बाद कुछ ऐसा ही अंदाज अब उसके परिजनों में भी दिख रहा है। उसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी ने तो यहां तक कह दिया कि मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं हुई, बल्कि शुरू हुई है।

अफजाल दावा करते हैं कि कब्र में शव को 10 साल तक सुरक्षित रखने का इंतजाम हुआ है। ताकि उनकी बारी आए तो जेल से लेकर अस्पताल तक तंग करके मौत का चक्रव्यूह रचने वाले और सत्ता चला रहे लोगों को सजा मिले। जबकि फोरेंसिक विज्ञान के जानकारों को अफजाल की बात हजम नहीं हो रही है।

उनका कहना है कि यदि शरीर में गोली लगी होती, या हमले में मौत होती तो यह बात जायज थी कि गोली और चोट के निशान हड्डी के परीक्षण से सामने आ जाते। मगर, इस मामले में तो जहर देकर मारने का आरोप है, ऐसे में बिसरा जांच से ही हकीकत सामने आती है। जो पहले ही पोस्टमार्टम के दौरान सुरक्षित कर लिया गया है। कानूनन पीड़ित पक्ष को कोर्ट से देश के किसी भी प्रयोगशाला में जांच कराने का आदेश मांगने का अधिकार है।

### जहर की बात लीक होते ही अधिकारियों पर एक्शन

अफजाल ने कहा कि जब मुख्तार अंसारी अपने वकील से मिला और जहर की बात कह दी तो खलबली मच गई। इसके बाद जेलर और डिप्टी जेलर को सस्पेंड किया गया। मुख्तार को उसके वकील से मिलने देने की सजा जेलरों को दी गई। अफजाल ने कहा कि मुख्तार को जब यूपी लाया गया था उस समय भी तबीयत ठीक नहीं थी। जब यूपी भेजा गया था तब भी कोर्ट ने आदेश दिया था कि उसके इलाज के लिए जहां जरूरत होगी भेजा जाएगा। बाद में मुख्तार की सुरक्षा की समीक्षा का भी आदेश दिया गया। उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। लेकिन किसी निर्देश को नहीं माना गया।

### मुख्तार की मौत एक गहरी साजिश

अफजाल का आरोप है कि मुख्तार की मौत स्वाभाविक नहीं हुई। उनकी मौत एक नियोजित साज़िश है। मेडिकल कॉलेज व जेल के डॉक्टर, जेल प्रशासन, सरकार की तरफ से सादी वर्दी में घूमने वाले एलआईयू और एसटीएफ के लोगों ने पूरी योजना के साथ उसकी हत्या की है। उसका विसरा भी सुरक्षित किया गया है। हार्ट अटैक की बातें कही जा रही है। दिल भी जांच के लिए गया है। अगर कोई व्यक्ति दस दिन से पेशाब और मोशन नहीं कर पा रहा है। खुद से उठ बैठ भी नहीं पा रहा है। क्या इस तरह की परिस्थितियां बना देना हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार नहीं है। आईसीयू से सीधे किसी को कभी घर नहीं भेजा जाता है। वार्ड में आब्जरवेशन के लिए रखा जाता है लेकिन मुख्तार को आईसीयू से निकालकर सीधे जेल भेज दिया गया।

### अंतिम यात्रा ने बयां की मुख्तार की धमक

अफजाल अंसारी ने कहा कि किसी की औकात की पहचान उसकी अंतिम यात्रा से होती है। उसकी अंतिम यात्रा में लोग शामिल न हों सके इसका पूरा इंतजाम अफसरों ने किया। गाजीपुर के आसपास के जिलों में अधिकारियों ने दहशत का माहौल बनाने का प्रयास किया। इसके बावजूद परिणाम यह रहा कि हुजूम का हुजूम उसके जनाजे में शामिल होने के लिए आया। अधिकारी यह सब देखकर पागल हो गए थे। सरकार के इशारे पर अधिकारी आचार संहिता उल्लंघन पर कार्रवाई की धमकी दे रहे थे।

## प्रमुख सचिव आलोक कुमार को एमएसएमई का भी प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के सेवानिवृत होने के बाद प्रमुख सचिव आलोक कुमार को खेलकूद के साथ एमएसएमई विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अमित मोहन प्रसाद मार्च माह के आखिरी दिन सेवानिवृत हुए। उन्हें मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने माला पहनाकर विदाई दी। इस दौरान अधिकारियों ने उनकी लम्बी सेवा और सराहनीय कार्यों की चर्चा की। सोमवार को मुख्य सचिव ने 1993 बैच के आईएएस प्रमुख सचिव आलोक कुमार को खेलकूद के साथ मिला एमएसएमई विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का आदेश दिया।

# निष्पक्ष चुनाव पर संकट, विपक्ष को रोकने की साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- नेताओं को ईडी व सीबीआई से कराया जा रहा अपमानित : अखिलेश यादव

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर भी संकट है। मुख्यमंत्रियों तक को जेल भेजा जा रहा है। विपक्षी पार्टियों के खाते सीज किए जा रहे हैं। रोज विपक्षी नेताओं को सम्मन भेजे जा रहे हैं।

यह सब विपक्ष को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने के लिए किया जा रहा है। इससे दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। सोमवार को जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा, लोकतंत्र में सत्तापक्ष की तरह महत्वपूर्ण भूमिका विपक्ष की भी होती है। लेकिन इन दिनों तो विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई और आईटी के माध्यम से अपमानित और प्रताड़ित करने की साजिश चल रही है।

अखिलेश यादव के मुताबिक, सपा ने चुनाव आयोग को बाकायदा लिखकर शिकायत की है कि कुछ जिलों में वर्षों से जमे अधिकारी सत्तापक्ष के दबाव में काम करते दिखाई देते हैं। मतदाता सूची से सम्बन्धित शिकायतों को सप्रमाण दिया गया लेकिन उस पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

इस प्रतिक्रिया के सपा प्रमुख ने उम्मीद जतायी कि, चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए बेलगाम सरकारी तंत्र को सक्रिय नहीं होने देगा और हमेशा की तरह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए ढाल बनेगा। जब चुनाव में निष्पक्षता होगी तभी चुनाव आयोग की गरिमा और प्रतिष्ठा भी बची और बनी रहेगी।

# द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए आठ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण की आठ सीटों पर चुनाव को लेकर सोमवार को आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अमरोहा में एक, बागपत में एक, गाजियाबाद में तीन, गौतमबुद्ध नगर में एक व अलीगढ़ में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन करने वालों में अमरोहा में भारतीय जनता पार्टी से कंवर सिंह तंवर, बागपत में राष्ट्रीय लोकदल से राजकुमार संगवान, गाजियाबाद में कांग्रेस से डॉली शर्मा, सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी से मोनिका गौतम ने नामांकन किया।

इसी प्रकार गौतमबुद्ध नगर में समाजवादी पार्टी से महेन्द्र, अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी से सतीश कुमार गौतम व निर्दलीय प्रत्याशी में सतीश कुमार ने नामांकन किया।

## वर्ग पहेली-27


**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा, छोटी फांक 2. कोई चीज़ फांकने की क्रिया या भाव 3. फांकी जाने वाली किसी चीज़ (जैसे- दवा
2. 1. दुख या चिंता से सूख जाना, क्षीण होना 2. किसी व्यक्ति

4. 1. एक ग्रीक देवता जो संगीत से संबद्ध है
5. 1. यथार्थ 2. उचित, ठीक, वाज़िब 3. न्यायसंगत 4. तर्क-पूर्ण, समयोचित।

7. 1. जो केवल मुंह या ज़बान से कहा गया हो लेकिन व्यवहृत न हो ; जो आचरण में न हो 2. मौखिक, (ओरल) 3. ज़बान संबंधी, ज़बान का 4. कंठस्थ 5. मुखाग्र 6. अलिखित।
8. गौरैया पक्षी का नर, गौरा।

**ऊपर से नीचे**



2. 1. झुलसने की क्रिया या भाव 2. शरीर को झुलसाने वाली गरमी, दाहकता।
3. बालक की मानसिकता के अनुकूल, बच्चों के लिए उचित।
4. 1. न होने वाली, असंभव 2. अलौकिक।
6. एक स्तनपायी जंगली हिंसक जानवर जिसकी त्वचा मुलायम बालों वाली होती है, रीछ।
7. जमाना का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है।

### वर्ग पहेली -26 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ब | ज | वा | ई | | | |
| ढ़ | | | | 2 सं | चि | 3 ति |
| नी | | 4 अ | | दू | | र |
| | 5 इ | म | ला | क | | हु |
| 6 लां | | री | | ड़ी | | ति |
| 7 छ | टं | की | | | | |
| न | | | 8 प | ख | वा | ड़ा |

# संविदा पर तैनात 36 नर्स मेंटर की सेवाएं समाप्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मातृ-शिशु मृत्यु दर की रोकथाम के एएनएम, नर्सेस को देती थी प्रशिक्षण
- महानिदेशक प्रशिक्षण ने सोमवार को जारी किया सेवा समाप्ति का आदेश

**अमृत विचार :** केजीएमयू और सरकारी अस्पतालों में एएनएम व नर्सेस को प्रशिक्षण देने वाली 36 नर्स मेंटर की सेवाएं 31 मार्च से समाप्त कर दी गईं। संविदा पर तैनात यह नर्स मेंटर मातृ-शिशु मृत्यु दर की रोकथाम के प्रशिक्षण दे रहीं थी। सेवा समाप्त संबंधी आदेश सोमवार को महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने जारी कर दिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत 2014 को विभिन्न जिलों में सीधी भर्ती से संविदा पर 36 नर्स मेंटर की नियुक्ति हुई थी। प्रत्येक मार्च में इनकी संविदा बढ़ा दी जाती थी। नर्स मेंटर द्वारा नर्सेस को दिये जा रहे प्रशिक्षण से प्रदेश में शिशु - मातृ मृत्यु दर में सुधार देखने को मिला है। इस साल मिशन निदेशक ने 28 मार्च को सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी किया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के लिए भारत सरकार से प्राप्त आरओपी में नर्स मेंटरिंग कार्यक्रम के संचालन की स्वीकृति नहीं मिली है। इस कारण विभिन्न जिलों में संविदा नर्स मेंटर का 31मार्च 2024 के बाद नवीकरण नहीं किया जायेगा। महानिदेशक प्रशिक्षण ने एक अप्रैल 2024 से नर्स मेंटर से किसी प्रकार की सेवाएं न लेने का आदेश सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी कर दिया है।

### प्रधानमंत्री और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से बहाली की मांग

ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने 36 नर्स मेंटर का नवीनीकरण और बहाली के लिए प्रधानमन्त्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा का कहना है कि 36 नर्स मेंटर को नौकरी से निकाल दिया जाना न्यायोचित नही है। इन्हें एनएचएम की अन्य योजनाओं में समायोजित कर लेना चाहिए।

## अवैध शस्त्र बनाने पर 67 लोगों पर कार्रवाई, सीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत हुई कार्रवाई में अवैध शस्त्र बनाने के आरोप में 67 लोगों पर कार्रवाई की गई, साथ ही, संबंधित स्थलों को सीज कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग की ओर से अब तक 5,33,797 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये हैं। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 447 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं।

## सुडोकू -106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 3 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| 9 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 3 | | | 9 |
| | 1 | 3 | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | 4 | | | | 8 | |
| | | | 2 | | | | | 7 |

### सुडोकू -105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अप्रैल, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 20 .08 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। किसी रुके हुए काम के अचानक से बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। आपकी कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**वृष** – आज आप दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आज बुजुर्ग सदस्यों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

**कर्क** – आज शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय भी रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**सिंह** – आज प्रेम संबंधों में कुछ सम्वादहीनता जैसी स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। आज धन से जुड़े मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

**कन्या** – आज मानसिक स्थिति कुछ नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभ चिन्तकों पर सन्देह न करें। आज ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

**तुला** – आज कारोबार से जुड़ी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक** – आज आपके विनम्र व्यवहार के कारण विपरीत लिङ्गी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।


**धनु** – आज छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

**मकर** – आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो आज इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है।

**कुंभ** – आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन** – आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहुमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

## आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 22 .49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | शक्तिमान | सुबह : 08 .17 |
| B4U Movies | थैंक गोल्ड | शाम : 05 .51 |
| &pictures | लिंगा | सुबह : 10 .58 |
| &pictures | समय 2 | रात : 07 .30 |
| Sony Pix | वर्टिकल लिमिट | दोपहर : 02 .43 |
| Sony Pix | एज ऑफ टूमारो | रात : 09 .00 |
| Zee Cinema | गंगाजल | दोपहर : 12 .10 |
| Zee Cinema | भोला | रात : 08 .30 |
| Colors Cineplex | वन टू का फोर | सुबह : 08 .12 |
| Colors Cineplex | राजा हिन्दुस्तानी | शाम : 05 .58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा आपरेशन है।
सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी!
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी!

डॉक्टर – कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) लोकल मिल डिलीवरी** : गेहूं दड़ा 2525-2575 आर.आर.21- 2700-2750 गेहूं फारम 2800-2850 जौ 2000 2100 ज्वार 2600-4000 बाजरा 2125-2175 मकाई 2000-2200 दलहन (प्रति क्वि.) लोकल मिल डिलीवरी : चना 5800-5900 अरहर 7500-8000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-4000 उड़दहरा 10000-10200 उड़द काला 6000-8000 मूंग 8500 -8800 I **दाल (प्रति क्वि.)** : अरहर फूल 14400-14600 अरहरस्पेशल 12200-12300 चनादाल 7000-7100 मटरदाल 4850-4950 मसूरमलका 7000-7100 मसूरदाल 7100-7200 उड़ददाल 9000- 12000 उड़द धोवा 10500- 13000 मूंगदाल 8800 -10300 मूंग धोवा 9800-11500 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2000-2300 बासमती न.1. 8500-10000 सेला 2500-3000 बासमती न02.- 6500- 7500 I **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** : आटा 1490-1550 मैदा 1450-1500 सूजी 1500-1550 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1430-1475 I **तिलहन (प्रति क्वि.) लोकल मिल डिलीवरी** : लाही 4800-5100 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11500-12700 मूंगफलीदाना शिवपुरी 9400-10800 बटाली 9000 -10500 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 11000-11100 अलसी 9500-9600 अण्डी 12700-12800 रिफाइण्ड (प्रति टिन)सोयाबीन 1610-1606 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2750-2800 अलसी 4200-4300 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) लोकल मिल डिलीवरी बावर्ची 1525-1538 मयूर -1525-1538 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3500-3550 मंगलौर लड्डू (नया) 4150-4200 देशीभेली 3800-3900 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4050-4100 घी देशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000 60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 77400 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52600-52800 |

## कानपुर मंडी

ब्राण्डेडदेशी घी (प्रति टिन) अनिक 7800 पातीराम 7800 रतन एगमार्क 8100 अमृत गोल्ड 7800 I **वारदाना (प्रति सैकड़ा)** : कलकत्ता डीडब्लू......3 वी.एस.5200 6500 हरापट्टा 7000-7200 वी.टी. 8600-8800 सुतली (प्रति क्वि.) 72 इन्च6600-7200 सुतली( प्रति क्वि.) 90 इन्च 10000-11500 रूई (प्रति क्वि.) गुजरात (797) 14400-14500 देशी बंगाल 15900-16000 I **मेवा** : कलीमिर्च 55000-70000 बड़ीइलायची 85000-120000 सोंठ 30000-40500 धनिया 6000-13000 लालमिर्च 28000-34000 जीरा 35000-45000 अजवाइन 20000-28000 सौंफ 20000-35000 हल्दी 13500-16500 सुपारी 50000-50500 चिकनी सुपारी 50000-52000 मेथी 7000-8000 कलौंजी 18000-22000 खटाई 12000-15000 इमली 8000-10000 अनारदाना 16000-45000 गरीगोला 10500-13000 छुहारा 18000-31000 मखाना 88000-96000 किशमिश-इण्डियन 17000-20000 किशमिश-काबुली 30000-55000 मुनक्का 35000-70000 बादाम 20000-70000 काजू (पेटी 22 किलो) 10000-16000 भाव प्रति किलो छोटी इलायची 2000-2500 लौंग 900-960 पिपरमेन्टक्रिश्टल 1250-1300 कपूर 350-700 कत्था 500-1600 चिरौंजी 1700-2000 केशर 140000-190000 पिस्ता 900-1700 जायफल 550-650 जावित्री1600-1800 बादामगिरी 500-750 अखरोट 400-700 अखरोटगिरी 600-1000 पोस्तादाना 600-1250

# उड़ान में अधिक देरी होने पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री

## विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशा निर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं।

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का 'कम उत्पीड़न' सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

हसन ने बीसीएएस के 38वें स्थापना दिवस समारोह में संवाददाताओं से कहा, ''हवाई अड्डा संचालकों को दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सुरक्षा जांच सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी।'' इससे पहले हसन ने समारोह में कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी।

# हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं गडकरी

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '' 100 प्रतिशत।''

गडकरी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, '' यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है।'' उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हरित परिवहन बढ़ाने के लिए गडकरी के दृष्टिकोण का स्वागत किया।

# अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। अडाणी एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.40 प्रतिशत, एनडीटीवी 6.16 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 5.92 प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 4.81 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.93 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.56 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.49 प्रतिशत की तेजी आई। समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 16,30,648.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नए वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही। बीएसई का 30 शेयर पर वाला सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे।

# जनवरी में जियो के ग्राहकों की संख्या 41.78 लाख बढ़ी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जनवरी, 2024 में 41.78 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या 7.52 लाख बढ़कर 38.24 करोड़ हो गई है। वोडाफोन आइडिया के कनेक्शन घटने का सिलसिला जारी है। जनवरी में कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 15.2 लाख और घटकर 22.15 करोड़ रह गई।

# एशियाई देशों की वृद्धि 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

**बैंकॉक, एजेंसी**

विश्व बैंक ने सोमवार को कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर पिछले साल के 5.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़कर वर्ष 2024 में 4.5 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाएं इस साल उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं जितना वे कर सकती थीं। रिपोर्ट कहती है कि कर्ज, व्यापार बाधाएं और नीतिगत अनिश्चितताएं इस क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता को कमजोर कर रही हैं और सरकारों को कमजोर सामाजिक सुरक्षा जाल और शिक्षा में कम निवेश जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में अधिक धीमी गति से बढ़ रही हैं लेकिन यह रफ्तार भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक है। इस साल वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार 2.3 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती से भी इसमें मदद मिलेगी।

# कोयला एवं लिग्लाइट उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर

**नयी दिल्ली।** देश का कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है, जो इसके एक साल पहले 93.7 करोड़ टन था। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में कोयले एवं लिग्नाइट का उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। जोशी ने कहा, ''यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि देश ने अबतक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल किया है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### शिमला में पुजारी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**शिमला।** शिमला में एक मंदिर के पुजारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास एक मंदिर के पुजारी ने ''अश्लील हरकतें'' कीं। युवती ने कहा कि पुजारी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

### शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़ा मामला संविधान पीठ के पास भेजा गया

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़े केरल सरकार के मामले को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य द्वारा दर्ज कराए गए मामले पर यह आदेश दिया। केरल सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि शुद्ध कर्ज पर सीमा तय कर राज्य के वित्त को विनियमित करने की उसकी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों में हस्तक्षेप किया है।

### डीजेबी कोष मामला में न्यायालय का प्रधान सचिव से जवाब तलब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी सरकार की याचिका पर सोमवार को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को नोटिस जारी किया। 'आप' सरकार ने आरोप लगाया कि अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए आवंटित राशि जारी नहीं कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा यह तर्क दिए जाने के बाद उप राज्यपाल (एलजी) को नोटिस जारी नहीं किया कि धन आवंटन में एलजी की भूमिका नहीं है और यह जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के वित्त विभाग की है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है।

# भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत: प्रधानमंत्री

## नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की दर्ज कर रहे हैं वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।

उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।'' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋृण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋृण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।



मुंबई में गुड़ी पड़वा त्योहार से पहले गुड़ी बनाती एक लड़की। ● एजेंसी

# राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं: शाह

**जोधपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, "कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा। गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

# 'मैच फिक्सिंग' वाले बयान के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और एक दिन पहले यहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली में उनकी 'मैच फिक्सिंग' वाली टिप्पणी के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी वाले भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस नेता को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह 'झूठे आरोप' लगाने के लिए राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बिना शर्त' सार्वजनिक माफी मांगे। आयोग को सौंपे ज्ञापन में सत्तारूढ़ भाजपा ने उससे कांग्रेस के नेताओं और उसके भ्रामक प्रचार के डिजाइन और तौर-तरीकों पर व्यापक विचार करने का आग्रह किया।

# किसान की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा)**

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए एक समिति गठित करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। सर्वोच्च अदालत सात मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की थी।


# चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। मेहता ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, ''मैं इस मामले में एक बयान देना चाहता हूं। कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव (चुनावी प्रक्रिया) जारी हैं, हम पार्टी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग मामले के औचित्य पर टिप्पणी नहीं कर रहा और सभी अधिकार एवं दावे खुले रहने चाहिए। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस कदम की सराहना की और इसे ''उदार'' बताया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं उससे पहले विभिन्न वर्षों के लिए कुल लगभग 3,500 करोड़ रुपये के नोटिस जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

# दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को फटकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्हें आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। सोमवार से आयोग द्वारा इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने और ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी और आचार संहिता के दिशानिर्देशों के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते चेतावनी नोटिस की एक प्रति उनके संबंधित पार्टी प्रमुखों को भी भेजी जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों से आयोग ने कहा, ''आप कृपया चुनाव अभियान में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र में बातचीत के लिए विशिष्ट सलाह जारी करें कि वे इस तरह का उल्लंघन न करें, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें ताकि प्रतिक्रिया में इस तरह की टिप्पणियां नहीं हों।'' श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्रीनेत ने सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया। उनका कहना था कि उनके अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई। घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों से बातचीत करते राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल।



विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट।

## खेल डायरी

### मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच ड्रॉ

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। अभी इन तीनों टीम के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला जारी रहेगा लेकिन मोहम्मद सलाह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल बेहतर स्थिति में पहुंच गया है।

### ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### चानू ने पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

**फुकेट (थाईलैंड)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे किए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

### आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूईसी) के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले।

# चहल-बोल्ट चमके, मुंबई की लगातार तीसरी हार

## दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट चटकाए, मुंबई इंडियंस की ओर से केवल तिलक और हार्दिक का चला बल्ला



रियान पराग

**मुंबई, एजेंसी**

- **रियान पराग के नाबाद अर्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की**

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए। इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे। सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्जी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए। अश्विन ने कोएट्जी पर चौका जड़ा लेकिन मधवाल की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर वर्मा को कैच दे बैठे। पराग ने बुमराह पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर चावला पर छक्के के साथ रॉयलस को जीत के करीब पहुंचाया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 15 रन की दरकार थी। पराग ने अगली तीन गेंद पर कोएट्जी पर लगातार दो छक्कों और एक चौके के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। शिवम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा।

### मुंबई 125/9
20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का सैमसन बो बर्गर | 16 | 14 | 2/1 |
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 00 | 01 | 0/0 |
| नमन धीर पगबधा बो बोल्ट | 00 | 01 | 0/0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट | 00 | 01 | 0/0 |
| तिलक वर्मा का अश्विन बो चहल | 32 | 29 | 0/2 |
| हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो चहल | 34 | 21 | 6/0 |
| पीयूष चावला का हेटमायर बो आवेश | 03 | 06 | 0/0 |
| टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर | 17 | 24 | 1/0 |
| गेराल्ड कोएट्जी को हेटमायर बो चहल | 04 | 09 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 08 | 09 | 1/0 |
| आकाश मधवाल नाबाद | 04 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3, अश्विन 4-0-27-0

### राजस्थान 127/4
15.3 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का डेविड बो मफाका | 10 | 06 | 2/0 |
| जोस बटलर का चावला बो मधवाल | 13 | 16 | 2/0 |
| संजू सैमसन बो मधवाल | 12 | 10 | 3/0 |
| रियान पराग नाबाद | 54 | 39 | 5/3 |
| रविचंद्रन अश्विन का वर्मा बो मधवाल | 16 | 16 | 1/0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 | 06 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्जी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0

# अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा आरसीबी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़। यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# बीसीसीआई का आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को न्योता

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।


बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, ''आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।'' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।

# वानखेड़े में 'रोहित...रोहित' के नारे, पंड्या की फिर से हूटिंग हुई

**मुंबई, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सोमवार को यहां जब हार्दिक पंड्या टॉस के लिए उतरे तो प्रशंसकों ने मुंबई इंडियंस के कप्तान की जमकर हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे गूंजते रहे। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने टीम का स्कोर चार विकेट पर 20 रन से पांच विकेट पर 76 रन तक पहुंचाया। शाम को हूटिंग का सामना करने वाले पंड्या ने जब अपना पहला चौका जड़ा तो दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट से पहले 29 वर्षीय पंड्या को रोहित की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही जिसके बाद प्रस्तोता संजय मांजरेकर को दर्शकों सही बर्ताव करने के लिए कहना पड़ा। उसी समय रोहित अपनी ट्रेनिंग किट में अपने पूर्व साथी हरभजन सिंह से मिल रहे थे जो मैच से पहले शो करने वाले कमेंटेटरों में से एक के रूप में मैदान पर थे।

## बॉलीवुड हलचल

# बाहुबली के डायरेक्टर राजामौली ने स्टेज पर पत्नी के साथ किया डांस



**मुंबई, एजेंसी।** साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में डायरेक्टर अपनी वाइफ रमा राजामौली के साथ एक फैमिली फंक्शन में स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो साउथ की प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स के सीईओ चैरी की बेटी की संगीत सेरेमनी का है। जहां राजामौली ने वाइफ के साथ रहमान के गाने 'अंदामैना प्रेमारानी' पर परफॉर्म किया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आमतौर पर सीरियस नजर आने वाले राजामौली का फनी साइड देखकर फैंस भी हैरान हैं। इससे पहले राजामौली ने बेटे एसएस कार्तिकेय की शादी पर भी वाइफ के साथ डांस किया था। फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद भी डायरेक्टर का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो डायरेक्टर अनिल रविपुदी के साथ 'नाटू-नाटू' स्टेप रीक्रिएट करते नजर आए थे। वर्क फ्रंट पर राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। इस फिल्म का टेंटिटिव टाइटल 'एसएसबीएम 29' रखा गया है। हाल ही में जापान में हुई फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग पर उन्होंने कहा था कि वो अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग नहीं हुई है। सिर्फ लीड हीरो महेश बाबू और मेन विलेन को फाइनल किया गया है। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मई-जून में फ्लोर पर जाएगी। डायरेक्टर जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फिल्म से जुड़ी डिटेल्स शेयर करेंगे।



# प्रेग्नेंसी की अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें को-एक्टर दिलजीत दोसांझ और निर्देशक इम्तियाज अली के साथ लॉन्च इवेंट में देखा गया। जहां वह ढीले-ढाले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इसके अलावा भी वह जहां जा रही हैं। लूज फिटिंग के कपड़े की पहन रही हैं। जिसके बाद फैंस उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे। लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस अपने बेबी बंब को छुपाने के लिए ढीले कपड़े पहन रही हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने एक पोस्ट शेयर कहा था कि जब भी ढीले-ढाले कपड़े पहनों इस तरह की बातें होने लगती हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने दूसरी बार रिएक्ट किया और वीडियो शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद रंग के पैंटसूट में नजर आ रही हैं। जिसमें एक ब्लेज़र, पैंट और एक मैचिंग टैंक टॉप है। और वीडियो पर लिखा है कि अब से मैं फिटेड कपड़े पहनूंगी, क्योंकि जब काफ्तान पहनी थी तो लोगों ने...।

# रणदीप हुड्डा बोले- सलमान ने दी थी ज्यादा फिल्में करने की सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है। इस फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर रणदीप हुड्डा ही हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म में उन्होंने कमाल का काम किया है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

